e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 199

# प्रभात मंत्र

शनिवार
22.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है।

युवाओं के सपने हो रहे साकार सारथी बन रही झारखण्ड सरकार

## मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत

# बिरसा योजना

(Block Level Institute for Rural Skill Acquisition)
एवं **रोजगार प्रोत्साहन भत्ता/परिवहन भत्ता** वितरण का

## शुभारंभ

**मुख्य अतिथि**

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ महुआ माजी**
माननीया सांसद, राज्यसभा

**श्री संजय सेठ**
माननीय सांसद, लोकसभा, रांची

**श्री सी. पी. सिंह**
माननीय विधायक, रांची

**दिनांक : 22 जुलाई, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे**
**स्थान : आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय**

**योजना हेतु पात्रता (आयु)-**
- सामान्य वर्ग: 18-35 वर्ष
- एससी/एसटी/ओबीसी वर्ग: 18-50 वर्ष तक

**बिरसा केंद्र-**
- प्रथम चरण में 80 प्रखण्डों में केंद्र की शुरुआत
- प्रखण्ड स्तर पर नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था

**रोजगार प्रोत्साहन भत्ता-**
- युवकों को ₹1,000 प्रतिमाह
- युवतियों/दिव्यांग/परलैंगिक को ₹1,500 प्रतिमाह
(प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षणार्थियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में भत्ता अधिकतम एक वर्ष के लिए DBT के जरिए)

**परिवहन भत्ता-**
- ₹1,000 प्रतिमाह
(गैर-आवासीय प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों को उनके घर से प्रशिक्षण केंद्र आने-जाने के लिये भत्ता DBT के जरिए)

**टोल फ्री नम्बर: 1800-123-3444**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

PR NO -302946 (Labour Employment and Traning) 23-24



## संक्षिप्त खबरें

### 24 साल बाद पीड़ित परिवार को मिला न्याय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पंचम जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अभिमन्यु कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में रामा भुइयाँ व कलुआ भुइयाँ को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वही 25, 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी ।इस मामले में कमल भुइया ने छतरपुर थाना में चार लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था ।जो छतरपुर थाना कांड संख्या 125 सन 1999 तिथि 15 नवंबर 99 को भारतीय दंड विधान की धारा 302 / 34 एवं 201/ 34 के तहत दर्ज किया गया था। अभियुक्तों पर आरोप था कि दिनांक 11 नवंबर 1999 को अभियुक्त गण कमल भुइया के घर गए तथा कमल भुईया के पिताजी लखन भुइयाँ को टांगी से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। रामा भुइयाँ टांगी तथा कलुआ भूइया लाठी लिए हुए अन्य अभियुक्तों के साथ मृतक के घर जाकर उनकी हत्या कर दी।

# शहर में महिला से दिनदहाड़े एक लाख 10 हजार रुपए की लूट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के डॉक्टर आरपी सिंहा रोड स्थित ग्रामीण बैंक से पैसा निकाल कर अपने घर जा रही महिला से अपराधियों ने दिनदहाड़े एक लाख 10 हजार रुपए की लूट कर फरार हो गए। इस घटना के बाद से महिला का घटनास्थल पर ही रो रो कर बुरा हाल था।इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा,टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस, टाइगर मोबाइल के जवान शारीक इरशाद, संतन कुमार, मुकेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचकर आसपास के जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रहे हैं। ताकि अपराधियों का पता चल सके।जानकारी के अनुशार शुक्रवार



की दोपहर करीब 2:00 बजे महिला सबिता देवी डॉक्टर आरपी सिंहा रोड स्थित ग्रामीण बैंक से 1 लाख 10 हजार रुपए निकासी कर अपने घर जा रही थी।तभी ग्रामीण बैंक के सामने बाइक पर सवार अज्ञात अपराधियों ने महिला के हाथ से रुपये से भरा झोला लूटकर फरार हो गए। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना से संबंधित मामले की छानबीन की जा रही है।जिस जगह पर लूट हुई है उस जगह पर सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है. जगह-जगह चेक पोस्ट पर पुलिस की तैनाती की गई है. उन्होंने बताया कि इस मामले में शामिल सभी आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताते चलें कि कुछ दिन पहले भी शहर के बीच बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक से पैसा निकाल कर घर जा रहे एक युवक से अपराधियों ने 63000 हजार रुपए की लूट की थी। लगातार लूट की घटना से पब्लिक में भय का माहौल उत्पन्न है।

## दबे कुचले की आवाज को बुलंद करते थे कामरेड आलोक : अलखनाथ पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** कम्युनिस्ट नेता रामसुंदर राम उर्फ कामरेड आलोक की पांचवी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनायी गयी.समारोह का आयोजन जोगा गांव में स्थापित कामरेड आलोक के स्थापित प्रतिमा स्थल पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत कामरेड आलोक के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया.कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कामरेड आलोक को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने कहा कि कामरेड आलोक का पूरा जीवन दबे-कुचले व शोषित-पीड़ितों की लड़ाई लड़ते गुजरा। उन्होंने समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगो की आवाज को हमेशा बुलंद किया.अपना पूरा जीवन उन्होंने सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित कर दिया था। आंदोलनों से भरा उनका जीवन लोगो के लिये प्रेरणादायी है। श्री पांडेय कहा कि कामरेड आलोक जी के क्रांतिकारी विचार आज भी प्रासंगिक है। अनुसूचित जाती आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम व वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने कामरेड आलोक के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण राम ने किया।

## एसडीओ को आवेदन देकर करवाई की किया है मांग

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमना प्रखंड के मडवनिया ग्राम निवासी सह भाकपा के जिला परिषद सदस्य नौरंगी पाल ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम कोरगा स्थित राजेन्द्र उरांव के खेत मे कराये गये डोभा निर्माण कार्य मे भुगतान कराने व जांचोपरांत दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि ग्राम कोरगा में राजेन्द्र उरांव के खेत मे कराये गये डोभा निर्माण कार्य मे एक मास्टर रोल विगत 20 फरवरी व एक 14 मार्च को निर्गत किया गया,जिसके भुगतान के लिए 5 अप्रैल को प्रखंड विकास पदाधिकारी रमना को दिया गया.पुनः31 मई तथा 13 जून को 12-12 कार्यदिवस का मास्टर रोल निर्गत हुआ लेकिन सभी मास्टर रोल शून्य हो गये। मजदूर लाभुक से घर आकर अपनी मजदूरी मांग रहे हैं। उक्त पंचायत के कनीय अभियंता मंदीप प्रसाद से लाभुक द्वारा कई बार कार्य देखकर मापी पुस्तिका बनाने का आग्रह किया गया लेकिन आज तक मापी पुस्तिका नही बना.इधर पंचायत सचिव द्वारा मापी पुस्तिका की मांग किया जाता है और अब डोभा में भुगतान भी बंद हो गया। मापी पुस्तिका तैयार नही होने के कारण भुगतान नही हो सका।

## कार्यकर्ता सम्मेलन से आजसू के मिशन 2024 का होगा आगाज : दिलीप



**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी का प्रमंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन 23 जुलाई को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में होगा। इसमें पलामू, गढ़वा व लातेहार जिला के सभी प्रखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व सभी आनुषंगिक इकाई के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो होंगे। इसके साथ ही आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ0 देवशरण भगत केंद्रीय उपाध्यक्ष पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता व हसन अंसारी मौजूद रहेंगे। इसकी जानकारी आजसू के जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं मे नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा 2024 मिशन की सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर आजसू के जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह उपाध्यक्ष इरशाद आलम लक्ष्मण चौधरी छात्र नेता सुशील मेहता आदि उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उंटारी रोड, पलामू :** जिले के उंटारी रोड थाना परिसर में अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम की अध्यक्षता में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, एसआई रमेश चंद्र महतो, एएसआई राजकुमार शर्मा, मुन्ना जमुदा, पूर्व प्रमुख राम सेवक राम उपस्थित हुए, बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा की प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिल जुल कर शांतिपूर्ण एवं सौहार्द वातावरण में मुहर्रम पर्व मनाएं जुलूस पारंपरिक हथियारों के साथ ही निकालें, प्रतिबंधित हथियार और



असमाजिक तत्वों की सूचना तत्काल प्रशासन को देंगे, वहीं थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा की हर प्रकार के असमाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी जुलूस पूर्व से निर्धारित रास्तों से ही चलेंगे, और जुलूस में किसी प्रकार के आपत्तिजनक गाना नहीं बजायेंगे, मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष और लाइसेंस धारी इस बात का खास ख्याल रखेंगे की कोई भी अप्रिय घटना न घटे पुलिस प्रशासन आपके साथ है। बैठक में सदर खताबुद्दीन अंसारी सेक्रेटरी मोस्तकीम अंसारी, अलीहुसैन् अंसारी, हसनैन अंसारी, सहमुद अंसारी, ऐनूल अंसारी, नसीम अंसारी, दुर्गेश कुमार तरुण कुमार, अगस्त तिवारी, जोगेंदर सिंह, मुबारक अंसारी, महमूद अंसारी, हाफिज आलमगीर आलम, के साथ दोनों समुदाय के दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीण विकास विभाग के तहत बन रहे सड़क में भारी अनियमितता, ग्रामीणों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** ग्रामीण विकास विभाग के तहत मकरी मुख्य पथ से लेकर गडेरियाडीह टोला होते हुए सिंघिताली मुख्य पथ तक 2 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत से बन रहे पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक द्वारा बिना रोलिंग किये ही घटिया मैटेरियल लगाने से नाराज ग्रामीणों ने गढ़वा उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर पथ निर्माण में सुधार की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पीसीसी पथ निर्माण में संवेदक द्वारा मनमानी ढंग से कार्य कराया जा रहा है। पथ निर्माण के दौरान मिट्टी मोरम को बिना रोलिंग किये ही उस पर गिट्टी और बालू छींटकर ढलाई कराया जा रहा है। कहा कि पथ निर्माण में संवेदक मानक को दरकिनार कर घटिया किस्म के सीमेंट और दोयम दर्जे के मिट्टीयुक्त बालू का प्रयोग कराया जा रहा है, इसका नतीजा है,



कि पीसीसी पथ की ढलाई के दो दिनों के बाद उक्त पथ जगह जगह फटने के साथ ही कहीँ कहीँ धंस चूका है, जबकि पथ ढलाई के बाद उस पर पानी भी नही डाला जा रहा है। कहा कि घटिया पथ निर्माण को लेकर इससे पूर्व दो बार ग्रामीणों के विरोध के बाद विभाग द्वारा जाँच कर पथ निर्माण में गुणवत्ता लाने का निर्देश संवेदक को दिया गया था, इसके बावजूद संवेदक द्वारा पीसीसी पथ निर्माण कार्य में बिना सुधार लाये घटिया निर्माण जारी है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त पथ की जाँच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण पथ निर्माण कराने की मांग की है। आवेदन देने वालों में अरविंद पाल, अंकुश पाल, मुस्ताक अंसारी, चंदन सिंह, अरुण कुमार, मुन्ना अंसारी, राजकुमार, संजय पाल सहित सैकड़ो ग्रामीण का नाम शामिल है।

## संत जेपी स्कूल की तरफ से थाना परिसर मे लगाए गए 100 पौधे



**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** संत जेपी स्कूल की ओर से रमना थाना परिसर में शुक्रवार को एक सौ इमारती,फलदार और छायादार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि रमना को हरा-भरा बनाने की दिशा में सन्त जेपी स्कूल की ओर से किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। सीओ सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण ही मानव जीवन का आधार है, ऐसे में सभी लोगो को कम से कम पांच पौधा अवश्य लगाना चाहिए। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने कहा कि बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर ही हम आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य दे सकते है। निदेशक डॉ पारस नाथ ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य पेड़ लगाने और इसे बचाने के लिए लोगो मे जागरूकता लाना है।मौके पर मुखिया दुलारी देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के बद्तर स्थिति से जूझ रहे हैं परती कुशवानी के लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र के आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत परती कुशवानी में एएनएम का पदस्थापना नहीं होने के कारण पिछले एक साल से उप स्वास्थ्य केंद्र में ताला बंद है। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण के नौनिहालों को प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को लगने वाला रोग प्रतिरोधक टीका भी नहीं लग पा रहा है। जबकि उप स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत पोषक क्षेत्र में रहने वाले गर्भवती महिलाओं को पचाडुमर एवं केतार उप स्वास्थ्य केन्द्र में प्रसव कराने को मजबूर है। जबकि बच्चों को लगने वाला टीका एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी कार्य पूर्ण रूप से बंद पड़ा है। पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि इसके लिए हम सबों ने जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। परंतु किसी ने हमारी समस्या का समाधान नहीं किया है। जिसके कारण पूरे पंचायत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ संबंधित समस्या से प्रतिदिन भागदौड़ करना पड़ रहा है। परती कुशवानी पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी ने बताया कि एक साल से उप स्वास्थ्य केन्द्र बन्द है जिसके कारण हम लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। पक्ष- उपस्वास्थ्य केंद्र परती कुशवानी में एनएम की पदस्थापना अभी तक नही हुई है। जल्द ही कि प्रतिनियुक्ति की जाएगी।

## सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के 50 छात्रों का एनसीसी में चयन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता टेन प्लस टू उच्च विद्यालय में शुक्रवार को 44 झारखंड बटालियन के कमांड लेफ्टिनेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देश पर एनसीसी में छात्रों की चयन प्रक्रिया का आयोजन हुआ। चयन प्रक्रिया बटालियन के सूबेदार माधव राम, नायक सूबेदार बिरसा उरांव तथा विद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी ओरेंद्र कुमार यादव की देखरेख में संपन्न हुआ । विद्यालय के एनसीसी पदाधिकारी ओरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एनसीसी में भर्ती हेतु कुल 300 छात्र शामिल हुए। जिसमें 800 मीटर की दौड़, बिम, डिप्स, पुसप तथा सामान्य तथा प्रश्नोत्तरी की परीक्षा के उपरांत 50 छात्रों का चयन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार राय ने कहा कि विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स बड़े ही अनुशासित ढंग से रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षक नागदेव यादव, नीरज सिंह, गोपाल शरण राणा, कन्हैया प्रसाद सिंह, डॉ राजकुमार, भरदुल पासवान, योगेंद्र राम सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

## शोयदा-ए-कांफ्रेंस का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या तीन कर्बला के मैदान में जिक्रे शोहदा-ए- कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर तौहीद खान, मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान (मुन्ना खान) खजांची लाल बाबू खान,नायब सदर शमीम खान उर्फ फुलटून खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.इस अवसर पर सदर तौहिद खान ने कहा कि हजरत इमाम हसन हुसैन की शहादत के रूप में मोहर्रम का त्योहार मनाया जाता है.उन्होंने कहा कि अपने ईमान, इस्लाम धर्म और इंसानियत के लिए जान न्योछावर करने वाले हजरत इमाम हुसैन कयामत तक लोगों के दिलों में याद किये जायेंगे। मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदर मुराद खान ने कहा कि जिक्रे शोहदा ए कर्बला कॉन्फ्रेंस का आयोजन एक तारीख से लेकर 7 तारीख तक किया गया है. बाहर से आए हुए वलमाओ के द्वारा तकरीर किया जाएगा. खजांची लालबाबू ने कहा कि इस्लाम धर्म प्रेम और भाईचारे से रहने का पैगाम देता है हर मुस्लिम को इसका अनुसरण करना चाहिए.इस अवसर पर मुफ्ती जुनैद मिस्बाही इलाहाबादी ने हजरत इमाम हुसैन की जिंदगी पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमे इस्लाम हजरत हुसैन की शहादत से मिला है उन्हें कभी भुलाया नही जा सकता है।

## बसपा नेता को फंसाने का हो रहा प्रयास, गहन जांच के बाद ही हो कार्रवाई : राहुल दुबे



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा बसपा नेता राहुल दुबे ने कहा कि विश्रामपुर नगर प्रशासन बेगुनाह बसपा नेताओं कार्यकर्ताओं को फंसाने का प्रयास कर रहा है। नप के सहायक नगर आयुक्त मो परवेज पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर वरीय बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी पर झूठा प्राथमिकी दर्ज कराए हैं। जिसका बसपा पार्टी घोर निन्दा करता है.श्री दुबे रेहला के शिवांश रेस्तरां में बसपा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे,उन्होंने गोदरमा गांव की घटना पर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि वहां पिछले दिनों जो भी हुआ वह दुर्भाग्यपूर्ण था। लेकिन उसके नाम पर निर्दोष लोगों को फंसाना भी निंदनीय है। घटना के दिन बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी घटना स्थल पर मौजूद भी नही थे। बावजूद उनपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.घटना के विरोध में जब विश्रामपुर में सड़क जाम हुआ था तब पुलिस पदाधिकारियों द्वारा उन्हें फोन कर बुलाया गया और जाम हटाने में उनसे मदद भी लिया गया। पुलिस पदाधिकारियों के आग्रह पर उन्होंने जमाकर्ताओं से वार्ता कर सड़क जाम को समाप्त कराया। फिर भी उनपर झूठा मुकदमा दायर किया गया। जो बर्दास्त के लायक नही है। राहुल दुबे ने वरीय पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए.जो दोषी हों उनपर कार्रवाई हो लेकिन किसी निर्दोष को नहीं फंसाया जाए.अगर किसी भी निर्दोष पर कार्रवाई होगी तो बसपा आंदोलन का रुख अख्तियार करेगा। प्रेसवार्ता में प्रवीन सिंह, कामेश्वर मेहता, ओमप्रकाश पांडेय, डॉ मंजुल्लाह अंसारी, विजय यादव, राहुल ठाकुर, उस्मान अंसारी, सफीक अंसारी, गुड्डू शुक्ला सहित कई बसपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विवाहिता के मौत के बाद हंगामा, मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय स्थित बंशीधर मुहल्ला में सोबरन राम का पुत्र मनीष राम की पत्नी 30 वर्षीय कविता देवी की मौत संदिग्ध अवस्था मे हो गयी है।विवाहिता की मौत पर विवाहिता के मायकेवालों ने ससुर, पति,देवर, ननद व सास पर हत्या का आरोप लगाते हुए जम कर बवाल किया है।घटना शुक्रवार अहले सुबह की है। घटना की जानकारी मिलते ही मृतिका के मायका धुरकी थाना क्षेत्र के खाला गांव से बड़ी संख्या में लोग सुबह बंशीधर मुहल्ला पहुंचे। इस दौरान इनलोगो ने कविता की गले दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया। परिजनों ने बताया कि पूरे घर मे टूटे चूड़ी के टुकड़े बिखरा हुआ है।दुपट्टे में तथा नाइटी में खून लगा हुआ है।गले मे सामने की तरफ डंडे से गला दबाने का निशान



है।परिजनों ने मृतिका के ससुर,पति, देवर सास व ननद की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नही उठाने दे रहे थे। पुलिस ने काफी मशक्कत व मृतिका के परिजनों को समझाने के बाद शव को सुबह साढ़े 8 बजे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतिका के पिता राजेन्द्र राम ने पति, ससुर, देवर सहित सात लोगो के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के लिए नगर उंटारी थाना में आवेदन दिया है। **मृतिका के चाचा गोपाल राम ने :** बताया कि कविता की शादी 2018 में हुई थी।शादी तय होने होने के बाद तय 50000 रुपये में से तिलक का 20000 रुपये लेने के बाद तिलक के दिन ही तिलक चढ़ाने से लड़के के पिताजी सोबरन राम इनकार करने लगे।अन्तः मामला थाना पहुचा।थाना के दबाव में शादी हुआ। शादी के समय से ही ससुराल वाले कविता के साथ हमेशा मारपीट करते थे। मोटर सायकिल और सोने का चैन के लिए प्रताड़ित करते थे।शुक्रवार को अहले सुबह सूचना मिली कि बेटी का तबियत खराब है। जब यहां आकर देखा तो कविता का शव जमीन पर पड़ा हुआ था। कविता की हत्या रस्सी व डंडे से गला दबाकर की गई है। मौत के बाद पति फरार है। उसने बताया कि हत्या के पूर्व कविता के साथ काफी मारपीट की गई थी। जिसके कारण उसकी चूड़ियां टूटकर घर मे बिखरा हुआ था। जब कि मृतिका कविता की बहन ललिता देवी ने बताया कि मेरी बहन कविता से पहले मारपीट किया गया फिर डंडे से गला दबा कर मारा गया फिर भूसा में छिपाया गया।बाद में उसके गले मे रस्सी डाल कर लटका दिया गया है।वह रात में नाइटी पहनती थी,उसके दुपट्टा में तथा नाइटी में खून लगा हुआ है।कविता को मारने के बाद उसे साड़ी पहनाया गया है

## जमा दो उच्च विद्यालय में 62 वीं सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को 62वी सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय ने कहा कि हमारे देश में लोकप्रिय खेलों में से एक फुटबॉल है, जो शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी खेला जाता है. फुटबॉल ही एकमात्र ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के शरीर के सभी अंग क्रिया करती है.उन्होंने कहा कि अगर उचित प्लेटफॉर्म मिले तो हमारे क्षेत्र के खिलाड़ी भी क्षेत्र व देश का नाम रोशन कर सकते हैं.फुटबॉल प्रतियोगिता विद्यालय के ग्रीन हाउस व येलो हाउस के बीच आयोजित हुआ, जिसमे में ग्रीन हाउस ने 6-3 गोल से जीत हासिल किया। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र दास, दिलीप पाठक, दीपक मिश्रा, अभिषेक पाठक, अनंजय प्रसाद, संतोष कुमार, विजय कुमार, राधाकृष्ण पांडेय, सुमन रानी जायसवाल, मो सोहेल अहमद, प्रवेश टोप्पो, प्रियरंजन, मो होमेदुल्लाह, बली प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव, धर्मेंद्र प्रसाद सहित सभी शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## झूठे आरोप लगाकर वन विभाग के अधिकारियों ने परहिया जाति लोगों को पकड़ा, विधायक के पहल पर सभी छूटे

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड मनातू के चक पंचायत के ग्राम उरूर के जंगल से परहिया जाति के लोगों को वन विभाग के अधिकारियों ने जंगल में लकड़ी काटने का झूठे आरोप लगाकर गुरुवार को दोपहर में उन्हें पकड़कर मनातू वन विभाग ले गए। परहिया जाति के लोग घर में भोजन बनाने हेतु सूखी लकड़ी और खुखड़ी जंगल से लाने गए थे। वन विभाग के पदाधिकारियों ने इन लोगों को रात्रि के 10:00 बजे तक वन विभाग कार्यालय में रखा। जिसमें कई महिलाएं और छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल थे। मामले की सूचना जब पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता को मिला तो उन्होंने तत्काल डीएफओ से फोन पर बातचीत कर सभी को छोड़वाते हुए सकुशल घर भेजवाया। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि मनातू वन क्षेत्र के अधिकारी आदमी जनजाति लोगों को बेवजह परेशान करते हैं। वन विभाग के अधिकारियों की मनमानी किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं होगा। इधर विधायक के निर्देशानुसार वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें तुरंत छोड़ दिया। लोगों का रात्रि में भोजन कराकर विधायक के निर्देशानुसार वाहन की व्यवस्था कर उन्हें घर तक छोड़ा गया। इस नेक कार्य के लिए परहिया जाति के लोगों ने विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के प्रति आभार प्रकट किया।

दुमका संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 02, अंक 209

शनिवार

22.07.2023

RNI No. - JHAHIN/2022/81895

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

**सुविचार**

मनुष्य को अपने लक्ष्य में कामयाब होने के लिए खुद पर विश्वास होना बहुत जरूरी है।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
Department of Oncology
Dr. Partha Sen
MBBS, MD
Clinical Oncologist
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

अधिकतम $28^0$

न्यूनतम $22^0$

झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों को लेकर सीएम ने की अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक

# आदिवासी महोत्सव को देश-दुनिया में मिलेगी अलग पहचान : हेमंत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राजधानी रांची में 9-10 अगस्त 2023 को आयोजित होने वाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव की तैयारियों के सिलसिले में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि इस महोत्सव का आयोजन इस तरह होना चाहिए कि इसके माध्यम से यहां के जनजातीय कला- संस्कृति, रहन- सहन, खानपान, पहनावा और भाषा को विश्व पटल में पहचान मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से स्टेट के डॉक्यूमेंटेशन की भी व्यवस्था होनी चाहिए। इसमे यहां के जनजाति समुदायों के इतिहास से लेकर अब तक हुए बदलाव का प्रेजेंटेशन होना चाहिए।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य सचिव सुखदेव सिंह,मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे,रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, आदिवासी कल्याण आयुक्त श्री लोकेश मिश्रा, अपर सचिव अजय नाथ झा और टीआरआई के निदेशक रणेन्द्र कुमार मौजूद थे।

### जनजातीय कला संस्कृति को संरक्षित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

### महोत्सव के माध्यम से सरकार की योजनाओं की दी जाए जानकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रांची में झारखंड आदिवासी महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। वहीं, सभी जिलों में भी आदिवासी महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को देने की भी व्यवस्था होनी चाहिए।



### आदिवासी महोत्सव को लेकर राज्य के बाहर भी प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव सिर्फ एक आयोजन नहीं है। यह हमारी समृद्ध आदिवासी संस्कृति की पहचान है। इस पहचान को राज्य के बाहर भी ÷पहचान÷ मिलनी चाहिए। इसके लिए राजधानी रांची समेत राज्य के अन्य जिलों के साथ देश के बड़े शहरों मे एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक जगहों पर प्रचार - प्रसार सुनिश्चित करें। इसके लिए जगह-जगह पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाए। सेल्फी प्वाइंट में झारखंड की आदिवासी संस्कृति की झलक दिखनी चाहिए।

### होंगे ये कार्यक्रम

➲झारखंड आदिवासी महोत्सव में सभी कार्यक्रम इन तीन श्रेणियों में आयोजित किए जाएंगे

➲ट्राईबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के द्वारा सेमिनार, पैनल डिस्कशन, ट्राईबल फिल्म फेस्टिवल, ट्राइबल फूड्स फेस्टिवल और पेंटिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया जाएगा । इसमें देशभर के ख्याति प्राप्त आदिवासी साहित्यकार विशेषज्ञ इतिहासकार आदि शामिल होंगे।

? कल्चरल प्रोग्राम के तहत गीत ,नृत्य, इंस्ट्रुमेंटल परफॉर्मेंस, नेशनल और इंटरनेशनल बैंड के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों में विभिन्न राज्यों के जनजातीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा यूथ आईकॉन भी आमंत्रित किए जाएंगे।

➲इस महोत्सव में हॉकी, फुटबॉल, एथलेटिक और तीरंदाजी की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

➲महोत्सव में ट्राइबल सेलिब्रिटीज भी आमंत्रित किए जाएंगे। इनमें फेमिना मिस इंडिया रिया तिर्की, क्वीन ऑफ़ इंटरनेशनल टूरिज्म एंजल मेरिना तिर्की, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की और अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज कोमालिका बारी को आमंत्रित किया जाएगा।

### सीबीएसई ने 12वीं तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा के लिए स्कूलों को भेजा परिपत्र, शिक्षा मंत्री प्रधान ने दी बधाई

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपने सभी विद्यालय प्रमुखों को बालवाटिका से 12वीं कक्षा तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए परिपत्र भेजा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इसके लिए सीबीएसई को बधाई दी है। केन्द्रीय मंत्री ने सीबीएसई के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अपने सभी विद्यालयों में बालवाटिका से कक्षा 12वीं तक भारतीय भाषाओं में शिक्षा का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए सीबीएसई को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे लिखा, एनईपी की परिकल्पना के अनुरूप यह विद्यालयों में भारतीय भाषा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देगा। शिक्षा में बेहतर आउटकम की दिशा में यह एक अच्छी शुरुआत है।÷ सीबीएसई के निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. जोसफ इमानुवल द्वारा शुक्रवार को बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुखों को भेजे गए परिपत्र में कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुच्छेद 412 में युवा शिक्षार्थियों के लिए बहुभाषिकता के महत्त्वपूर्ण संज्ञानात्मक लाभ पर बल दिया गया है। नीति में दृढ़ता से समर्थन किया गया है कि जहां तक संभव हो कम से कम कक्षा 5 तक, लेकिन अधिमानतः कक्षा 8 तथा अग्रिम कक्षाओं में मूल भाषा मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग किया जाए। परिपत्र में आगे कहा गया है कि सीबीएसई से संबद्ध सभी विद्यालयों को भारतीय भाषाओं के माध्यम से शिक्षा प्रदान करके इस महान प्रयास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता है।

## क्विक न्यूज

### पुलिस एनकाउण्टर में अपराधी ढेर



**सीकर :** छह दुकानों से चोरी करने के दौरान जाग होने पर भागे बदमाशों से पुलिस की घेराबंदी में मुठभेड़ हुई। बदमाशों के पुलिस के साथ हुए एनकाउण्टर में जीप में सवार एक बदमाश की मौत हो गई तथा पांच अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहे। तीन जिलों की पुलिस ने बारह टीमें बनाकर फरार बदमाशों की तलाश जारी कर दी है। पुलिस को खेतों में भी खून के निशान मिले है जिससे कयास लगाया जा रहा है कि एक अन्य बदमाश भी एनकाउण्टर में घायल हुआ है।

### भारी बारिश से मुंबई के कई इलाकों में जलभराव, मेट्रो ट्रेन सेवा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**मुंबई :** मुंबई में पिछले दो घंटे से हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। मेट्रो ट्रेन सेवा अनिश्चित काल के लिए स्थगित की गई है, जबकि लोकल ट्रेन सेवा काफी लेट चल रही है। अंधेरी सब वे और मिलन सबवे में जलभराव हो जाने से सडक ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ है। मुंबई नगरनिगम कर्मी पंपिंग के सहयोग से जलनिकासी का प्रयास कर रहे हैं।समुद्र के आसपास करीब 55 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं और चार मीटर से उंची लहरें उठ रही है। इससे समुद्र किनारे जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुंबई में आज दोपहर में हुई घनघोर बारिश की रफ्तार थम नहीं रही है, इससे लालबाग, हिंदमाता सर्कल, गांधी मार्केट, दादर आदि इलाके जलमग्न हो गए हैं।

### भारी बारिश से मुंबई के कई इलाकों में जलभराव, मेट्रो ट्रेन सेवा अनिश्चित काल के लिए स्थगित

**मुंबई** : मुंबई में पिछले दो घंटे से हो रही भारी बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया है। मेट्रो ट्रेन सेवा अनिश्चित काल के लिए स्थगित की गई है, जबकि लोकल ट्रेन सेवा काफी लेट चल रही है। अंधेरी सब वे और मिलन सबवे में जलभराव हो जाने से सडक ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ है। मुंबई नगरनिगम कर्मी पंपिंग के सहयोग से जलनिकासी का प्रयास कर रहे हैं। समुद्र के आसपास करीब 55 किमी की रफ्तार से तेज हवाएं चल रही हैं और चार मीटर से उंची लहरें उठ रही है। इससे समुद्र किनारे जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मुंबई में आज दोपहर में हुई घनघोर बारिश की रफ्तार थम नहीं रही है, इससे लालबाग, हिंदमाता सर्कल, गांधी मार्केट, दादर आदि इलाके जलमग्न हो गए हैं।

### मैं चुनौती स्वीकार करने वाली महिला, 2024 में न्यू इंडिया का जन्म होगा

**कोलकाता** : धर्मतल्ला में शहीद दिवस के मंच पर अपने संबोधन में तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने केंद्र पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि वह चुनौती स्वीकार करने वाली महिला हैं। एक बार फिर केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें डराने-धमकाने और झुकाने की कोशिशें हो रही हैं लेकिन हम ना डरेंगे. ना झुकेंगे और ना रुकेंगे। मैं चुनौती स्वीकार करने वाली महिला हूं। 2024 में न्यू इंडिया का जन्म होगा।

## अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधी अरेस्ट, 50 लाख बरामद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड एटीएस को गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। एटीएस ने शुक्रवार को अमन श्रीवास्तव गिरोह के दो अपराधियों एजाज और एम. सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से 50 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। अमन श्रीवास्तव गिरोह के दोनों अपराधी राजधानी के एक बड़े कारोबारी से रंगदारी के पैसे वसूल कर पतरातू जा रहे थे। इसी दौरान एटीएस ने उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों अपराधियों ने एटीएस को बताया है कि उनके बॉस अमन श्रीवास्तव के कहने पर वे लोग रांची के एक बड़े कारोबारी से यह रकम रंगदारी के तौर पर वसूल कर रामगढ़ जा रहे थे। मामले में एटीएस की कार्रवाई अभी भी जारी है। इसकी पुष्टि एटीएस के एक वरीय अधिकारी ने की है। कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को झारखंड एटीएश ने 16 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया था। गुप्त सूचना के आधार पर अमन श्रीवास्तव को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह मुंबई से सूरत भागने की फिराक में था। उसके खिलाफ रांची, रामगढ़, लोहरदगा, हजारीबाग और लातेहार जिले के अलग-अलग थानों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज हैं। अमन श्रीवास्तव फिलहाल रांची जेल में बंद है। बताया जाता है कि अमन श्रीवास्तव गिरफ्तारी से पहले वर्षो से अलग-अलग शहरों में पहचान छुपाकर रह रहा था। जांच में खुलासा हुआ कि अमन श्रीवास्तव किसी भी जगह एक दिन से ज्यादा नहीं रूकता था। वह सिम कार्ड की भी एक बार ही इस्तेमाल करता था, ताकि पुलिस को उसकी लोकेशन ना मिले। उसने रंगदारी वसूलने के लिए गिरोह में 14 खास लोगों को लगा रहा था जिनमें आधा दर्जन लड़कियां थीं।

## डोभा में डूबने से 8 की मौत

### * मृतक के परिजन को मिलेगा 4-4 लाख रुपया



**थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने बताया कि बच्चियों के डूबने की सूचना शुक्रवार की सुबह मिली.चारों बच्चियां कैसे डूबीं, इसका पता नहीं चल पाया है, पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है.**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पलामू-हरदोइः** झारखंड के पलामू व उत्तरप्रदेश के हरदोई जिला में डोभा में डूबने से 8 बच्चों की मौत हो गई। मृतकों में पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव में सरकारी स्कूल की 4 छात्राएं हैं. डूबने वाली सभी छात्राएं 8 से 10 साल के बीच की बताई जा रही है। सभी शवों को डोभा से बाहर निकाल लिया गया. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया. पुलिस स्कूल प्रबंधन और बच्चियों के परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद मामले की छानबीन में जुट गई. जानकारी के अनुसार सभी बच्चियां स्कूल से शौच करने के लिए निकली थी. स्कूल के बगल में ही एक सरकारी डोभा बनाया गया था. उसी डोभा में चारों छात्राएं डूब गई. ये छात्राएं नीलांबर पीतांबर स्कूल के एलकेजी में पढ़ती थीं. थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने बताया कि बच्चियों के डूबने की सूचना शुक्रवार की सुबह मिली.चारों बच्चियां कैसे डूबीं, इसका पता नहीं चल पाया है, पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है. घटना के बाद पूरे इलाके में मातम है. पलामू के डीसी ने इस मामले में आपदा प्रबंधन विभाग को पीड़ित परिजनों को 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने का निर्देश दिया है. साथ ही उन्होंने घटना की जांच के आदेश भी दे दिए हैं. इधर यूपी के हरदोई जिले के पचदेवरा इलाके के मैकपुर कुरारी गांव में खेत में खोदे गए पानी से भरे 20 फीट गहरे गड्ढे में डूबकर चार बच्चों की मौत हो गई. मृतकों में एक लड़का जबकि तीन लड़कियां हैं. सभी बच्चे बकरियां चराने के लिए गए थे. इस दौरान पैर फिसलने से वे डूब गए. गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण के लिए खेत में ये गड्ढे खोदे गए थे. जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए. घटना पर सीएम ने ट्वीट कर अफसोस जाहिर किया है.

## मणिपुर हिंसा पर संसद में केंद्र सरकार और विपक्ष आमने-सामने

एजेंसी

**नई दिल्ली :** मणिपुर में पुरुषों के एक समूह द्वारा दो महिलाओं को सड़क पर नग्न घुमाए जाने के भयावह वीडियो पर भारी हंगामे के एक दिन बाद संसद के दोनों सदनों में काफी हंगामा हुआ. केंद्र को मानसून सत्र के दूसरे दिन एक और राजनीतिक तूफान का सामना करना पड़ा. विपक्षी दलों ने बृहस्पतिवार को मांग की थी कि मणिपुर मुद्दे को उठाने के लिए दिन भर के लिए अन्य सभी कामकाज स्थगित कर दिए जाएं, लेकिन सरकार केवल अल्पावधि चर्चा के लिए सहमत हुई. इसी मुद्दे पर विपक्ष के जोरदार विरोध के बाद आज राज्यसभा को पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया.

लोकसभा की बैठक शुरू होते ही विपक्षी दलों के सदस्य खड़े हो गये. कांग्रेस, द्रमुक और वाम दलों सहित सदस्यों ने नारे लगाए और अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि मणिपुर में खून बह रहा है. स्पीकर ने विपक्षी सदस्यों से कहा कि नारेबाजी से समस्या का कोई समाधान नहीं निकलेगा, बल्कि संवाद और चर्चा से ही समाधान निकल सकता है. उन्होंने कहा, यह अच्छा नहीं है. बातचीत से ही समाधान निकाला जा सकता है.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ है उससे पूरा राष्ट्र शर्मशार हुआ है. मणिपुर की घटना निश्चित तौर पर बेहद गंभीर है और इसकी गंभीरता को समझते हुए खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मणिपुर में जो हुआ उसने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है.कहा कि कुछ राजनीतिक दल चाहते हैं कि चर्चा ना हो.कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी और मणिकम टैगोर ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की मांग करते हुए लोक सभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया. वहीं राज्य सभा में कांग्रेस सांसद शक्ति सिंह गोहिल, आरजेडी सांसद मनोज झा और आप सांसद संजय सिंह सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों ने मणिपुर की स्थिति पर चर्चा की मांग करते हुए लोक सभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया.




सदन शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि मणिपुर में पिछले 77 दिन से अराजकता का माहौल बना हुआ है. अगर ये कहा जाए कि वहां पर सरकार और प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है तो ये गलत बात नहीं है. मानसून सत्र मैं पीएम मोदी का ये दायित्व होना चाहिए कि इस विषय पर वो सदन के समक्ष बोले.

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में कहा कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ है उससे पूरा राष्ट्र शर्मशार हुआ है. मणिपुर की घटना निश्चित तौर पर बेहद गंभीर है और इसकी गंभीरता को समझते हुए खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मणिपुर में जो हुआ उसने पूरे देश को शर्मसार कर दिया है.कहा कि कुछ राजनीतिक दल चाहते हैं कि चर्चा ना हो.**

### आतंकी फैजान अंसारी एनआईए के सात दिनों की रिमांड पर

**रांची :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के लोहरदगा से गिरफ्तार आईएसआईएस के आतंकी फैजान अंसारी को पूछताछ के लिए सात दिनों के रिमांड पर लिया है। एनआईए ने शुक्रवार को एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत से पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सात दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। रिमांड की अवधि शनिवार से शुरू होगी। इससे पूर्व एनआईए के कोर्ट में गुरुवार को फैजान को पेश किया गया था, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा जेल भेज दिया गया था। उल्लेखनीय है कि एनआईए ने फैजान को 19 जुलाई को लोहरदगा जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रोड मिल्लत कॉलोनी से गिरफ्तार किया था।

# बेड़ो व बारीडीह पड़हा जतरा शीघ्र ही राजकीय मेला घोषित होगा : शिल्पी नेहा तिर्की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को उपायुक्त राँची द्वारा आयोजित बैठक में बेड़ो और बारीडीह पड़हा जतरा को राजकीय मेला व महोत्सव घोषित करने का आग्रह किया। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेड़ो व बारीडीह में परंपरागत रूप से वर्षों से आयोजित होनेवाला पड़हा जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। दोनों पड़हा जतरा को शीघ्र ही राजकीय मेला घोषित किया जायेगा। श्रीमती तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित होनेवाला पड़हा जतरा आदिवासियों व मूलवासियों के परस्पर सहयोग का आधार है। इसमें सभी पड़हा जतरा अपने-अपने प्रतीक चिन्ह झण्डा, हाथी, घोड़ा, रम्पा-चम्पा आदि के साथ आते हैं। उन्होंने कहा कि पड़हा जतरा एक समृद्ध परम्परा है जिसमें राजा दीवान, पहान, महतो, कोटवार आदि की अगुवाई में खोरहा चढ़ते हैं और शांति-व्यवस्था, विकास की योजना बनाने के साथ पारम्परिक जतरा, पूजा-पाठ इत्यादि की समीक्षा करते हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि आदिवासियों के साथ ही झारखण्ड के समस्त लोगों, आदिवासियों और मूलवासियों के लिये हमारी परंपरा, लोक संस्कृति, जीवनयापन का तरीका, हमारे पर्व त्यौहार अर्थात ये सभी मिलकर ही हमारे जीवन का आधार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं के बलबूते पर झारखण्ड के लोग अपने सपनों के सहारे ऊँची उड़ान भरते हैं। श्रीमती तिर्की ने कहा कि मांडर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बेड़ो के बाजार टांड़ प्रांगण में पड़हा जतरा समारोह और बारीडीह पड़हा जतरा, परंपरा का वैसा हिस्सा है जिसके बरसों-बरस से आयोजन के कारण न केवल इस क्षेत्र के ग्रामीणों के जीवन में उत्साह का संचार होता है बल्कि अनेक लोगों के लिये यह जीवन-यापन का माध्यम भी है। क्योंकि अनेक छोटे किसान-व्यापारी इस मेले का पूरे साल भर इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि इसी संदर्भ में रांची के उपायुक्त द्वारा आयोजित बैठक में उन्होंने बेड़ो के पड़हा जतरा समारोह तथा बारीडीह पड़हा जतरा को राजकीय मेला एवं महोत्सव घोषित करने के सम्बन्ध में जो आग्रह किया था उसका अनुमोदन रांची के उपायुक्त द्वारा कर दिया गया है और शीघ्र ही उसपर विभागीय अनुशंसा कर दी जायेगी। श्रीमती तिर्की ने कहा कि एक बार पुनः नये सिरे से इस बात का संकल्प लेने की जरूरत है कि अपनी संस्कृति के अनुरूप ही हम हमेशा आगे बढ़ते रहें और झारखण्ड के विकास प्रगति में अपना योगदान देते रहें।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत होने वाली गतिविधियों की बीडीओ ने दी जानकारी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखण्ड सभागार में बीडीओ लेखराज नाग की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. बीडीओ लेखराज नाग ने कार्यशाला में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के तहत होने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी. वहीं प्रखण्ड समन्वयक प्रमोद कुमार ने कार्यशाला में बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्टार रेटिंग, सिंगल स्टार, थ्री स्टार और फाइव स्टार मानक तय किया जाएगा.साथ ही झार जल एप की भी उन्होने विस्तृत रूप से जानकारी दी. कार्यशाला में युनिसेफ सर्पोट टीम आईडीएफ से सुरेश अग्रवाल के द्वारा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधनके बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी गयी. कार्यशाला में मुखिया पुतूल देवी, पुश्पा खलखो, तेजी किस्पोट्टा, शांति देवी, सुनीता देवी, शिवरथ मुंडा, मलका मुंडा सहित अन्य मुखिया एवं , जलसहिया, पंचायत सचिव, बीआरपी मनोज कुमार, सीडीपीओ से संतोश कुमार आदि उपस्थित थे.

उपायुक्त–सह–दण्डाधिकारी का कार्यालय प0 सिंहभूम, चाईबासा।
जिला बाल संरक्षण इकाई का कार्यालय, चाईबासा।
(समाज कल्याण शाखा)

E-Mail – dcpswestsinghbhum@gmail.com

–: आम सूचना :–



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अज्ञात बालिका दिनांक 19.07.2023 को RPF चाईबासा से प्राप्त है। जिसका उम्र लगभग 10 वर्श, वजन लगभग 25 कि०ग्रा०, लम्बाई लगभग 3 फीट एवं रंग सांवला है। बालिका अपना पता नहीं बता पा रही है। उक्त बालिका को वर्तमान में बाल कल्याण समिति के आदेश से बालिका गृह, चाईबासा में आवासित किया गया है।

अज्ञात बालिका के बारे में या इसके माता–पिता/अभिभावक के बारे में किन्ही को कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो इसकी सूचना निम्न पते पर भेज सकते है:–

सम्पर्क सूत्र :–
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, प० सिंहभूम, चाईबासा – 9090700489
बाल कल्याण समिति, प० सिंहभूम, चाईबासा – 6204631566
प्रकाशन कार्यालय :–
जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय,(समाज कल्याण शाखा) पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।

निवेदक
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा।

PR 302955 West Singhbhum(23-24)D

# सरकार के गलत नीतियों व प्रखण्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू ने 14 सूत्री मांग बीडीओ को सौंपा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** ओरमांझी आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो का नेतृत्व में प्रखंड सह अंचल व थाना में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्तमान सरकार के नाकामी वादाखिलाफी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अंचल सह प्रखंड कार्यालय के मुख्य द्वार के समक्ष उग्र प्रदर्शन किया गया। खिजरी के पूर्व प्रत्यासी रामधन बेदिया ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता से किये वादे भूल गया है। वर्तमान सरकार जनता से वादाखिलाफी कर रहा है। सरकार व्याप्त भ्रष्टाचार पर यदि लगाम नहीं लगाता है। तो आजसू पार्टी सड़क से सदन तक उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। वहीं खिजरी विधानसभा पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि वर्तमान समय में प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भ्र्ष्टाचार चरम सीमा पार कर रहा है।यदि व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंचल अधिकारी व प्रखंड पदाधिकरी लगाम नहीं लगाता है। तो आजसू पार्टी उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। बताते चलें कि आजसू पार्टी हल्ला बोल कार्यक्रम के माध्यम से जमीन सम्बन्धी ऑनलाइन त्रुटि छात्र छात्राओं को समय पर जाति आवासीय व आय पत्र सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को न देकर समृद्ध लोगों में वितरण अवैध बालू कारोबार सरकारी कर्मचारियों द्वारा विना रिश्वत काम न होना मनरेगा में हो रही लूट खसोट थाना नियम विरुद्ध कार्य करने राशन कार्ड के नाम पर गरीबों से अवैध वसूली को समाप्त करने का सरकार से अपील किया।मौके पर आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता रोशन मुंडा आजसू, राँची जिला अध्यक्ष संजय महतो, जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुण्डा, पूर्व प्रत्याशी रामधन बेदिया, प्रखण्ड अध्यक्ष दिगम्बर महतो, ओरमांझी पूर्वी जीप सदस्य सरिता देवी, रीना केरकेट्टा, पार्वती देवी, राँची जिला छात्रसंघ अध्यक्ष राज किशोर महतो, राजेन्द्र शाही मुण्डा, बबली देवी, प्रकाश चौधरी, अनगड़ा प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो, अजीत महतो, लक्ष्मीनारायण महतो, संजय तिर्की,विनोद कुमार महतो, रामनंदन महतो, सुनील उराँव, कुमार सौरभ, संजय महतो, तस्लीम अंसारी, राजेश महतो, खिलेश्वर महतो,दिपक साहु, आनन्द महतो, राजेश पहान, जितेन्द्र करमाली, आर्यन कुमार, सूरज महतो, पप्पु सिंह, दिपक कुमार, पारसनाथ महतो, महावीर महतो, जगरनाथ महतो, शंकर करमाली,नवीन मुण्डा एंव कर्याकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# चांद दिखने के साथ ही कोयलांचल में मुहर्रम की हुई शुरुआत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र आस पास के ग्रामीण इलाको मे चांद दिखने के साथ ही मुहर्रम की शुरूआत हो चुकी है।चांद दिखने के बाद मुहर्रम की पहली तारीख को राय ईमामबाड़ा मे फातेहा का आयोजन किया गया।जिसके बाद पारंपारिक अस्त्र-शस्त्र और लाठी खेलकर इसकी शुरूआत की गई।जानकारी के अनुसार मुहर्रम का चांद दिखने के बाद अब मुहर्रम की सातवी तारीख,आठवीं और नवमी को कोयलांचल क्षेत्र के कई इलाको मे मुहर्रम जुलुश निकाला जाएगा।वही दसवीं तारीख को ताजिया के साथ अखाड़ा जुलुश निकाला जाएगा।इधर राय पंचायत मे मुहर्रम के सफल संचालन को लेकर मुहर्रम समिति का गठन किया गया।जिसमे संरक्षक कलीमुद्दीन अंसारी, जुल्फिकार अली,राजू खान, शाहनवाज अंसारी,नसीम अहमद,मोहम्मद हुसैन,पप्पू खान,साबिर अंसारी और सादिक अंसारी को बनाया गया।इसके अलावा अध्यक्ष मोअज्जम हुसैन,उपाध्यक्ष मोहम्मद राजा,सचिव मोहम्मद अब्दुल,उपसचिव शहबाज,कोषाध्यक्ष हबीबुल्लाह और उप कोषाध्यक्ष सद्दाम को बनाया गया।वहीं सद्दाम अंसारी, मोहम्मद शोएब,दिलशाद, अली असगर,शाहिद, अफजल खान,मेराज,नज्जम, अफजल,सोनू,तोफिक, अफसार,जियाउल,इश्तियाक,सरवर,हैदर,अतिक,तारिक सहित अन्य युवाओं को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

# आरवीएम उपाध्यक्ष ने किया राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि से मुलाकात

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन ने चतरा के राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस के वरिष्ट नेता शाबिर हुसैन से उनके चतरा स्थित आवास मे जाकर उनसे मुलाकात किया।इस दौरान उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की।इस संबंध में मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता साबिर हुसैन पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे हैं, जिसके लेकर उनके जल्द स्वास्थ्य की कामना की गई।

# प्री सुब्रतो फुटबॉल खेल का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड स्तरीय प्री सुब्रतो कप फुटबॉल का आयोजन शुक्रवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सिल्ली के प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, जिला परिषद सदस्य वीना चौधरी एवं बीडीओ पावन आशीष लकड़ा ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में सिल्ली प्रखंड के 57 प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।अंडर 17 की बालिका वर्ग की 13 एवं बालक वर्ग के 14 टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर बीईईओ बीके झा, बीपीओ मनोज समेत अन्य मौजूद थे।

# आजसू का प्रखंड मुख्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम आज

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के द्वारा ओरमांझी प्रखंड में 22 जुलाई को प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव कार्यक्रम किया जाएगा। घेराव कार्यक्रम में आजसू के जिला सचिव मुर्तजा आलम द्वारा बताया गया कि जाति, आवासीय, जन्म मृत्यु प्रमाण में गड़बड़ी, राशन वितरण में गड़बड़ी, मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार हो रहे सहित विभिन्न विभागों के खिलाफ आजसू पार्टी इटकी प्रखंड के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा।

# खिजरी विधायक ने मृतक के परिवार को किया आर्थिक सहयोग

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरमांझी प्रखंड के चकला पंचायत के सबैया गांव में मृतक जगदीश मुंडा की आकस्मिक निधन विगत दिनों हो गया था। मृतक परिवार को खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप के सौजन्य से मृतक परिवार को सहयोग किया गया। औधोगिक खनन क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि हरिमोहन महतो के द्वारा 52 किलो चावल सहयोग के रूप में मुहैया कराया गया। मौके पर हरी मोहन महतो ने सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में विधायक और हम सभी कांग्रेस परिवार मृतक परिवार के हर तरह का मदद करने के लिए तत्पर हैं। इस दौरान श्री महतो ने यह भी कहा की राष्ट्रीय परिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत सरकार से पैसा दिलवाने का आश्वासन के साथ-साथ और भी कई तरह की लाभ देने की एवं सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य व कांग्रेस नेत्री रीना मुंडा, पंचायत समिति सदस्य जानकी कुमारी, वार्ड सदस्य सुषमा कुमारी इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# विचार मंथन आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी में किया गया आयोजन

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय के सहयोग से सीआईआई यंग इंडियंस ने आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ओरमांझी में शुक्रवार को विचार मंथन का आयोजन किया। यह उद्योग 4.0 के लिए दिशा एवम पारिस्थिति की तंत्र का निर्माण विषय पर आयोजित कि गई। युवा भारतीयों के साथ युवा 20 जुड़ाव समूह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, युवाओं के लिए रोजगार और अनुसंधान और जीवन के तरीके के रूप में नवाचार जैसे विषयों पर सत्र एवम पहल का उद्देश्य आम सहमति के आधार पर विचारों और तर्कों के आदान-प्रदान के माध्यम से भविष्य के नेतृत्व और वैश्विक मुद्दों के बारे में जागरूकता के लिए परिणाम-आधारित चर्चा कि गई। मौके पर संजय कुमार एवं रवि निवास जिंदल पॉवर एण्ड स्टील के सहायक मुख्य प्रबंधक ने युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाने का उपाय बताएं। उन्होंने नई शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए रोजगार के अवसर के बारे में बतलाया।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची
फीड बेस्ड फिशरीज योजना 2023–24 अंतर्गत

सूचना

एतद् द्वारा राँची जिला के मत्स्यकृषकों/केज मत्स्यपालकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के विभागीय राज्यादेश संख्या – 07, रा0(वि0) दिनांक 13.06.2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना 2023–24 अंतर्गत राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों/आर0ए0एस0/बॉयोफ्लॉक/बॉयोफ्लॉक तालाब के मत्स्य पालकों को अतिरिक्त मछली के उत्पादन हेतु अनुदान पर फ्लोटिंग फिश फीड के कय पर निम्नांकित तालिका के अनुरूप अनुदान उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किया गया है। योजना का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :–

| क0 सं0 | कय किये जाने वाले फीड का प्रकार | ईकाई वार लक्ष्य (टन में) | | सुसंगत विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | | 796 | 789 | |
| 1 | झास्कोफिष/विभागीय फिष फीड मिल/P.M.M.S.Y. अंतर्गत निर्मित फिष फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का कय | 10 | 05 | 1) मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को मछली के उत्पादन हेतु 50 प्रतिषत् अथवा 22/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर कम–से–कम 24% प्रोटिन गुणवतायुक्त 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक का फिष फीड उपलब्ध कराया जाएगा। 2) विभाग द्वारा स्थापित फिष फीड मिल अथवा झास्कोफिष से उत्पादित फिष फीड अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिष फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रूप में ही दिया जाएगा। |
| 2 | 2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का कय | 50 | – | 1)राँची जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों को 2 एम0एम0 अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड (खुले बाजार से) कय पर अधिकतम 18/– रू0 प्रति किलोग्राम फिष फीड के दर से अनुदान देय होगा। 2) एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 किलोग्राम फिष फीड के कय पर अधिकतम 12,600/– रू0 का समानुपातिक लाभ देय होगा, जिसका भुगतान डी0बी0टी0 के माध्यम से किया जाएगा। |
| 3 | 2 एम0एम0 से बड़े एवं 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का कय | 70 | – | 1) राँची जिला के केज मत्स्य पालकों को दुसरे crop से मछली उत्पादन के लिए 2 एम0एम0 से बड़े 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के कय पर अधिकतम 1200 कि0ग्रा0 के लिए 50 प्रतिषत् अथवा अधिकतम 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम 21600/– रू0 अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। |
| 4 | 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फिष फीड का कय | कॉलम कमांक 2 एवं 3 के अंतर्गत | – | 1) रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन हेतु एक लाभुक को 90m³ के 1 टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए अधिकतम कुल 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक 4 एम0एम0 तक साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी। 2) बॉयोफ्लॉक टैंक में दुसरे (Second) crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 10m³ के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए अधिकतम 100 कि0ग्रा0 प्रति टैंक के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। 3) बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1 हे0) में दुसरे crop के मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को अधिकतम 2000 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1हे0) के दर से 4 एम0एम0 तक के साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के कय पर 18/– रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाएगी। |

दुसरे Crop के लिए अनुमान्य अनुदान के लिए लाभुक को अपने पिछले Crop के आंकड़े यथा मत्स्य बीज संचयन का विवरण संचित मत्स्य बीज की संख्या मछलियों की वृद्धि एवं उतरजीविता तथा उपलब्ध एवं बिकी की गई मछलियों के आंकड़े प्रस्तुत करने होंगे।

अनुदान का लाभ (जहाँ अनुदान नगद भुगतान के रूप में देय है) G.S.T. Billing के माध्यम से वास्तविक रूप से फिश फीड कय के पश्चात् ही देय होगा।

उक्त योजना का लाभ लेने के इच्छुक राँची जिला के मत्स्य कृषक/केज मत्स्य पालक विहित प्रपत्र में जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय अवधि में आवेदन जमा कर सकते है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 05.08.2023 (कार्यालय अवधि तक)
आवेदन जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, राँची।
आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, राँची में निःशुल्क उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची

PR 302959 Fish (23-24)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–11/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.08.2023 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.08.2023 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.08.2023 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of C type Quarter No-303 (Block-B) at Ratu Road, Ranchi | 416200.00 | 8400.00 | 750.00 | 45 Days |
| 2 | Renovation of D type Qua rter No.-1 at Jail Road, Ranchi | 586500.00 | 11800.00 | 1250.00 | Two Months |
| 3 | Renovation of 'B' Type Quarter No. -5/6 (Pucca) at Doranda Bazar, Ranchi. (High Court Pool) | 417350.00 | 8400.00 | 750.00 | 45 Days |
| 4 | Renovation of B Type Qtr. No. B/5, 30 Set at Rajendra Ch owk, Doranda Ranchi. (High Court Pool) | 357700.00 | 7200.00 | 750.00 | 45 Days |
| 5 | Renovation of B Type Quarter No. -B/41 Block No.-7 at Near Seth Sita Ram School at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 396550.00 | 8000.00 | 750.00 | 45 Days |
| 6 | Renovation of B Type Quarter No.-B/5, B/6 and B/7 High Court Colony, Behind Indira Place at Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 381300.00 | 7700.00 | 750.00 | 45 Days |
| 7 | Renovation of 'A' Type Quarter No. -1 & 2 at Near Seth Sita Ram School at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 371050.00 | 7500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 8 | Renovation of "A" Type Block No.-3 Quarter No.-A/25 at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 181900.00 | 3700.00 | 500.00 | One Month |
| 9 | Renovation of A Type Quarter No. -A/23 & A/24, 48 Set at Near Seth Sita Ram Scho ol at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 255850.00 | 5200.00 | 750.00 | 45 Days |
| 10 | Renovation of A Type Block No. -1 Qtr. No. -8 at Near Seth Sita Ram School at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 115050.00 | 2400.00 | 500.00 | One Month |
| 11 | Renovation of Outer Surface, Roof Treatment (Waterproofing) painting & Other Miscellaneous work in the Campus of B Type Quarter No. -25 to 36, Block No.-5 & 6, Near Seth Sita Ram School at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 1344800.00 | 26900.00 | 2500.00 | Two Months |
| 12 | Renovation of "B" Type Quarter No.-4 High Court Colony, Behind Indira Place, Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 320450.00 | 6500.00 | 750.00 | 45 Days |
| 13 | Renovation of B Type Quarter No. -32 Near Seth Sita Ram School at Doranda. Ranchi. (High Court Pool) | 393600.00 | 7900.00 | 750.00 | 45 Days |
| 14 | Renovation of B Type Quarter No. -B/23. Block No.-4 at High Court Colony, Behind Indira Place Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 327450.00 | 6600.00 | 750.00 | 45 Days |
| 15 | Renovation of B Type Quarter No. -B/22. Block No.-4 at High Court Colony, Behind Ind ira Place, Hinoo, Ranchi. | 304100.00 | 6100.00 | 750.00 | 45 Days |
| 16 | Renovation of C Type Quarter No. - C/10. Block No.-2 at High Court Colony. Behind Indira Place, Hinoo, Ranchi. (High Court Pool) | 493900.00 | 9900.00 | 750.00 | 45 Days |
| 17 | Renovation of B type Quarter No.-5/16 (16 Set) at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 393000.00 | 7900.00 | 750.00 | 45 Days |
| 18 | Renovation of C type Quarter No-11/11 (11 Set) at Police Line, Kanke Road, Ranchi | 594700.00 | 11900.00 | 1250.00 | Two Months |
| 19 | Renovation of Govt. Onzatted Qtr No "A" 4/13, 13 Set at Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 575700.00 | 11600.00 | 1250.00 | Two Months |
| 20 | Renovation of B Type Qtr. No. A -11, (Block- A) 30 Set at Near Nepal House, Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 254000.00 | 5100.00 | 750.00 | 45 Days |
| 21 | Renovation of B Type Qtr. No. A -4, A-6, A-8 and A-10 (Block -A) 30 Set at Near Nepal House, Doranda, Ranchi. (High Court Pool) | 664900.00 | 13300.00 | 1250.00 | Two Months |
| 22 | Renovation of B Type Qtr. No. -114/124, 124 Set at Doranda, Ranch (High Court Pool) | 368450.00 | 7400.00 | 750.00 | 45 Days |
| 23 | Renovation of 'B' Type Qtr. No. B -1, B-2, B-4, B-7 and B -10 (Black -B) 30 Set at Near Nepal House, Doranda, Ranchi. | 759600.00 | 15200.00 | 1250.00 | Two Months |
| 24 | Renovation of B type Quarter No. -12/30, 30 Set Near Nepal House, Doranda , Ranchi (High Court Pool) | 257100.00 | 5200.00 | 750.00 | 45 Days |
| 25 | Renovation of B type Quarter No. -B-6 (Block B), 30 Set Near Nepal House, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 133050.00 | 2700.00 | 500.00 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR.NO.302983 Building(23-24):D

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया कारू कृति कार्यशाला

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ बड़ौदा के 116वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर द्वारा सीएसआर के तहत चेतनसिका, बरकेला, चाईबासा में जमशेदपुर स्थित गैर सरकारी संस्थान कलामंदिर के संयोजन में कारू कृति कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य गांव के लघु उद्यम के साथ आदिवासियों के लिए सतत रोजगार के उद्यम को स्थापित करना एवं प्रोत्साहित करना है। इस कार्यशाला के माध्यम से कारीगरों के लिए रोजगार उन्मुख प्रयासों, उपकरणों, शेड आदि का प्रायोजन पूर्ण रूप से बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा किया गया। इस प्रायोजन व्यवस्था में बैंक ऑफ बड़ौदा की बड़ाजमदा, चाईबासा, चाईबासा महुलसाई, चक्रधरपुर एवं जगन्नाथपुर शाखा का योगदान रहा।उक्त समारोह में बैंक ऑफ बड़ौदा जमशेदपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख मनीष प्रकाश सिन्हा, जिला उद्योग केंद्र, ईओडीबी अनिल कुमार, डीएलएसए, सचिव राजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक परमेश्वर पूर्ति, कलामन्दिर के संस्थापक अमिताभ घोष विशेष रूप से उपस्थित थे।



## जिला जल, स्वच्छता समिति का नीमडीह प्रखंड में कार्यशाला संपन्न

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला जल एवं स्वच्छता समिति सरायकेला खरसावां की ओर स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण चालु वित्तीय वर्ष 2023 का प्रखंड स्तर कार्यशाला आयोजित की गई। गांव, पंचायत जिला और राज्य स्तर व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने ओडीफ प्लस कार्यान्वयन के तहत सर्वेक्षण की जाएगी। मलीय कचड़े सुरक्षित प्रबंधन के खुले शौच बंद करना, हर परिवार के सदस्य को शौचालय का प्रबंध हो, शौच के बाद हाथ धोने की सुविधा,बायोडिग्रेडेबल, जैविक और नन बयोडिग्रेडेबल को अलग अलग करना है,इसका उपचार के विधि पर प्रकाश डाला गया। प्लास्टिक कंचड़ा प्रबंधन के बारे जानकारी दी गई। जिला समन्वयक (आइ,ई,सी)श्याम प्रमाणिक, जिला समन्वयक (एस,एल, डब्ल्यू एम) गौरंग चंद्र बेरा, प्रखंड समुन्यक जुगुराम पिंगवा,घनजंय महतो उपस्थित थे।

## ओप्पो ने टेलीफोटो कैमरा के साथ लॉन्च किया नया रेनो10 5जी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व के उभरते हुए स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने घोषणा की है कि उसका रेनो10 5जी 27 जुलाई से मात्र 32,999 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह हैंडसेट रात 12 बजे से ओप्पो ई-स्टोर के साथ - साथ फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर भी मिल सकेगा। 3डी कर्व्ड डिज़ाइन के साथ अल्ट्रा-स्लिम बॉडी अल्ट्रा-स्लिम बॉडी वाला रेनो10 5जी आइस ब्लू और सिल्वर ग्रे रंग में उपलब्ध होगा। यह एक 3डी कर्व्ड बॉडी के साथ वज़न में हल्का और पकड़ने में आसान होगा। इसमें बॉर्डरलेस और इमर्सिव व्यूइंग अनुभव के लिए 120हर्ट्ज़ का 6.7 इंच एमोलेड डिस्प्ले और 93 प्रतिशत स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है। इसका डिस्प्ले ड्रैगनट्रेल स्टार 2 है और बैक में मजबूत पॉलीकार्बोनेट बॉडी है। साथ ही, आपको बेहतर सराउंड साउंड अनुभव के लिए इसमें डिराक द्वारा परीक्षण किए गए रियल ओरिजिनल साउंड टेक्नोलॉजी के साथ ड्युअल स्टीरियो स्पीकर भी हैं।



## सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के आसनवनी मंडल अंतर्गत हाथिबिधां पंचायत के नारायणपुर गांव में भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार की पहल पर आज नारायणपुर गांव के ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर सौपा गया। बीते एक सप्ताह से गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भाजपा नेता उपेंद्र सिंह सरदार और होपना महाली ने संयुक्त रूप से की। उद्घाटन के मौके पर समेत पिटुं पाल ,तरणी महतो विद्युत महतो ,अशोक अग्रवाल ,कृष्णा महाकुड़, मनसाराम मंडल अजित, दीपक, सावित्री, भारती, वेलारानी,पुतुल, गीता रानी, झुनु संकुलता, ममता देवी एवं ग्रामीण उपस्थित उपस्थित थे।

## पटमदा में वज्रपात से जला 5 ट्रांसफॉर्मर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को पटमदा क्षेत्र में शाम करीब 7 बजे अचानक हुई वज्रपात के कारण पटमदा बस्ती, पटमदा बाजार, बेलटांड़ बाजार, लावा एवं दिघी गांव का ट्रांसफॉर्मर जल जाने से विद्युतापूर्ति बाधित हो गई। शुक्रवार को सुबह से ही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लगातार मेहनत करते हुए पटमदा बाजार एवं बेलटांड़ बाजार के ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कर दी। शाम 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति पुनः शुरू हो गई। इससे उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली। इसमें बिजली विभाग के कर्मचारी प्रीतम भारती, मोहम्मद महमूद, पुतुल प्रमाणिक, संदीप महतो एवं हिमांशु सिंह ने सक्रियता दिखाई।

## जुगसलाई शिव मंदिर: श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जुगसलाई श्री राजस्थान शिव मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर शुक्रवार को श्रीधाम वृन्दावन से पधारे कथावाचक डॉ. संजीव कृष्ण ठाकुर ने राजा भगीरथ कथा, माँ गंगा अवतरण कथा, श्रीराम जन्म एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा के मुख्य प्रसंग का काफी सुंदर वर्णन किया। कथा के दौरान श्रीबालकृष्ण प्रभु का मंगलमय पावन प्राकट्योत्सव, आनंद पूर्वक प्रभु जन्मोत्सव की बधाई गायन पर खूब झूमकर बड़ी संख्या में पधारे प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा मनाया गया। चतुर्थ दिवस कथा प्रसंग में व्यास पीठ से महाराज श्री ने बताया कि हमें अपने जीवन में ठाकुर जी के उत्सव मनाने का सौभाग्य निश्चित ही बड़े पुण्य कर्मों के फलस्वरूप प्राप्त होता है। कथावाचक ने भगवान कृष्ण के जन्म अवसर पर चाकलेट, टाफी भी वितरित की। पांचवें दिन शनिवार को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन महोत्सव का प्रसग होगा।

## सफाई सेवाकर्मियों को 25 जुलाई को सम्मानित करेंगे पुरेंद्र

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड 32 को उसका पुराना स्थान नम्बर एक दिलाने के लिए नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेन्द्र नारायण सिंह ने मोर्चा संभाल लिया है। उन्होंने बताया कि इसे आदर्श वार्ड बनाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। विदित है कि वार्ड 32 स्थित रोड नंबर 17/18 एवं 21/22 की गली, सीवरेज, ड्रेनेज आदि की स्थिति बद से बदतर हो गई थी। स्थानीय युवा समाजसेवी बैजू यादव की पहल के बाद पुरेंद्र नारायण सिंह द्वारा गति प्रदान किया। उन्होंने गली की नारकीय स्थिति की जानकारी प्रशासक सह अपर नगर आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार सहित सभी पदाधिकारियों को दी गई। विगत चार पांच दिनों से गली, सीवरेज, ड्रेनेज की सफाई का काम युद्ध स्तर पर जारी हैद्य नगर निगम द्वारा वर्षो बाद उक्त की गली सफाई हेतु बैजू यादव, अधिवक्ता संजय कुमार, सुभाष कुमार सिंह, राज किशोर शर्मा, राकेश कुमार, मनी कुमार, विक्की आदि ने पुरेन्द्र नारायण सिंह और नगर निगम की टीम के प्रति दिल से आभार प्रकट किया है। पुरेंद्र ने बताया कि आगामी 25 जुलाई को दोपहर एक बजे वार्ड 32 के सभी सम्मानित सफाई सेवाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा।



# टाटा वर्कर्स यूनियन ने डॉ. भवेश भाटिया के साथ एक प्रेरक सत्र का किया आयोजन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** माइकल जॉन ऑडिटोरियम बिष्टुपुर में आज एक मनोरम और प्रेरणादायक सत्र का साक्षी बना, जहां प्रसिद्ध वक्ता, डॉ. भवेश भाटिया ने उत्सुक श्रोताओं को सम्बोधित किया। टाटा स्टील के सभी लोकेसंश के कर्मचारियों के लिए इस सत्र का सीधा प्रसारण भी किया गया था। दृष्टिहीन उद्यमी और महाराष्ट्र में सनराइज कैंडल्स के संस्थापक डॉ. भवेश भाटिया ने अपने उल्लेखनीय सफर से दर्शकों को प्रेरित किया। रेटिना मैक्यूलर डीजनरेशन के कारण अपने जीवन में चुनौतियों के बावजूद, उन्होंने उल्लेखनीय सफलता हासिल की और पैरालंपिक खेलों में भाग लिया और कई पदक जीते। सत्र की शुरुआत टाटा वर्कर्स यूनियन (टीडब्ल्यूयू) के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वागत सम्बोधन के साथ हुई, जिन्होंने डॉ. भाटिया के जीवन से जुड़ी कहानी से प्रेरणा लेने के महत्व पर जोर दिया। टीडब्ल्यूयू के जेनरल सेक्रेटरी सतीश कुमार सिंह ने टीडब्ल्यूयू की एक शताब्दी की लंबी यात्रा और सफलता प्राप्त करने में कड़ी मेहनत के महत्व पर प्रकाश डाला। अत्रेयी सान्याल, वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, टाटा स्टील ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और विविधता एवं समावेशन के प्रति टीडब्ल्यूयू की प्रतिबद्धता की सराहना की। व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में दृढ़ता, समर्पण और सकारात्मकता के मूल्य पर जोर देते हुए डॉ. भाटिया के प्रभावशाली भाषण ने दर्शकों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। मार्मिक कहानियों और वास्तविक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से, उन्होंने श्रोताओं को आत्म-विश्वास और दृढ़ संकल्प पर अडिग रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील समूह की कंपनियों के हेड, टीडब्ल्यूयू के पूर्व अध्यक्षों, कंपनी के अन्य यूनियनों के प्रतिनिधियों, टीडब्ल्यूयू कमिटी के सदस्यों और कंपनी के कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति देखी गई। माइकल जॉन सेंटर के निदेशक जयदेव उपाध्याय ने कार्यक्रमों का सुचारु प्रवाह सुनिश्चित करते हुए संचालन किया। सत्र का समापन टीडब्ल्यूयू के वाइस प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह द्वारा डॉ. भाटिया को धन्यवाद देने के साथ हुआ।

## जीएसटी विभाग ने जीता फ्रेंडली क्रिकेट मैच, मायुमं हारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा जीएसटी विभाग, जमशेदपुर के साथ शुक्रवार सुबह 6.30 बजे से आर्मरी ग्राउंड बिस्टुपुर में एक दिवसीय फ्रेंडली क्रिकेट मैच खेला गया। यह क्रिकेट मैच झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस सप्ताह के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल के सम्मान में आयोजित हुआ। टॉस जीतकर टाटानगर अचीवर्स ने बेटिंग करते हुए 76 रनो का लक्ष्य दिया। जिसे जीएसटी विभाग की टीम ने लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। मेन ऑफ द मैच जीएसटी विभाग टीम के अभिषेक कुमार रहे। यह क्रिकेट मैच का कार्यक्रम सेंट्रल जीएसटी के डिपटी कमिशनर ध्रुव ज्योति राय की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने मे शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष सुगम सरायवाला, कोषाध्यक्ष आदित्य जाजोडिया, स्पोर्ट्स संयोजक विजय सोनी, राजीव रंजन, कुंदन कुमार, दीपक कुमार, उत्कर्ष अग्रवाल, उमंग शर्मा, राहुल केडिया, अमित पडिया, अमित अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सौरव अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

### कवयित्री अंकिता ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र, कहा

# मणिपुर के आदिवासी महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी के आरोपियों को फांसी मिले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर की कवयित्री अंकिता ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेजकर मणिपुर में 3 महिलाओं के साथ हुई दरिंदगी और बलात्कार के मामले में वहां के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने और दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे पत्र में बताया कि मणिपुर में 4 मई 2023 की वीडियो जो कुछ देश के सामने अभी आया है। वह दिल को दहलाने वाला, पीड़ादायक और मानवता को शर्मसार करता है। इसके लिए और अब तक जारी हिंसा के लिए राज्य सरकार दोषी है? इसलिए हमारी मांग है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री को अविलंब बर्खास्त किया जाए। मणिपुर हिंसा के पूरे प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज या सुप्रीम कोर्ट के निगरानी में सीबीआई से जांच की जाए। चूँकि अब तक मणिपुर हिंसा के पीछे बहुसंख्यक ऊंची मैतेई जाति का प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष समर्थन हो सकता है। मुख्यमंत्री भी इसी जाति से हैं और यह जाति अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त करने को व्याघ्र है। जिससे पहले से अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल कुकी एवं अन्य जातियों के समक्ष मरता क्या नहीं करता वाली स्थिति बना दी गई है। एसटी की मांग के लिए हुए प्रदर्शन के दौरान पूर्व में असम की राजधानी गुवाहाटी के बेलतोला में 24 नवंबर 2007 को एक आदिवासी महिला लक्ष्मी उरांव को भी नंगा कर सारे आम अपमानित किया गया था। उनके अपराधियों पर अब तक ना कोई जांच हुई ना सजा। यह मामला भी असम के झारखंडी आदिवासियों द्वारा लगभग 10,000 की संख्या में असम की राजधानी गुवाहाटी के बेलतोला में एक जनसभा और रैली के दौरान हुई थी। इसके पीछे असम सरकार के हाथ होने का शंका बनता है। इसकी भी सीबीआई जांच अनिवार्य है। वहीं प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, क्रेंद्र सरकार से लेकर राज्य सरकार सब की ओर से अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होना बहुत ही निंदनीय है।



# गंजिया बराज बांध व केनाल निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के तहत संजय नदी पर गंजिया बराज बांध और केनाल निर्माण के विरोध में ग्राम प्रधान सह मांझी बाबा विरधान मांझी और आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सामूहिक सांकेतिक भूख हड़ताल एवं धरना प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में गांव के सैकड़ों ग्रामीण महिला एवं पुरुष अपने पारंपरिक वेशभूषा और हथियारों सहित घर से नारे लगाते हुए पैदल उपायुक्त कार्यालय तक आए। ग्राम प्रधान विरधान मांझी ने कहा स्वर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना के तहत संजय नदी पर गाजिया बराज बांध और केनाल निर्माण के विरोध में एक दिवसीय सामूहिक सांकेतिक भूख हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों को बिना सूचना दिए ही गाजिया बराज में सौंदर्यीकरण और केनाल का निर्माण किया जा रहा है। हम ग्रामीण किसी भी कीमत पर यह बर्दाश्त नहीं करेंगे। आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने कहा बिना ग्राम सभा किए या बिना ग्रामीणों को सूचना दिए ही गाजिया बराज में सौंदर्यीकरण और केनाल का निर्माण किया जा रहा है,जो कि गलत है। उन्होंने कहा उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति एवं महामहिम राज्यपाल, झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर खुचिडीह ग्राम प्रधान सह मांझी बाबा विरधान माझी, राजेश हांसदा ग्राम प्रधान सह मांझी बाबा चौड़ा, बिरसा सेना से दिनकर कछ्यप, झारखंड पूर्णउथान सनी सिंकु, पूर्व विधायक बहादुर उरॉव,वार्ड सदस्य रुकमणी हांसदा, शिव राम बास्के , दशरथ हेंब्रम ,भगवत बास्के, शिवनाथ बेसरा, भरत हांसदा, साकरो मझियाईन, तुलसी हांसदा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाथियों ने चार घरों को तोड़कर रखे अनाज को खाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के जाहेरडीह एवं मानकीडीह में गुरुवार की देर रात को हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया । हाथियों ने जाहीरडीह में मोतीलाल प्रामाणिक ,फटीट चन्द्र प्रामाणिक, दुर्योधन नापीत एवं मानकीडीह में भाषाण मांझी का घर को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और घर में रखे धान व चावलों को चट कर गया। सुचना मिलते ही मुखिया किसुन किस्कू,पंसस सुरेन्द्र नाथ मांझी, व वार्ड सदस्य ने शुक्रवार को गांव पहुंचकर क्षतिग्रस्त घरों का जायजा लिया।

## फ्रांस के मिडफील्डर जेरेमी मंजोरो जमशेदपुर एफसी से जुड़े

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** फ्रांस के मिडफील्डर जेरेमी मंजोरो अब जमशेदपुर एफसी के लिए खेलेंगे। इसको लेकर जेएससी ने जेरेमी मंजोरो के साथ एक साल का करार किया है। मिडफील्डर जेरेमी कई क्लबों के लिए खेल चुके हैं और अपने सबसे सफल वर्ष कजाकिस्तान में बिताए हैं, जहां उन्होंने दो बार कजाख लीग जीती, 2021 में टोबोल कोस्टाने के साथ और फिर 2022 में एफसी अस्ताना के साथ और 2021 में कजाख कप भी जीता. इसके अलावा यूईएफए यूरोपा लीग में 8 मैच और यूईएफए यूरोपा कॉन्फ्रेंस लीग में 4 मैच खेले हैं. अब वह मेन ऑफ स्टील के साथ हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) पर अपना दबदबा कायम करना चाहेंगे. मंजोरो ने जमशेदपुर एफसी में शामिल होने पर कहा, यह एक ऐसा क्लब है जिसने पहले ही साबित कर दिया है कि यह आईएसएल शील्ड जीतने में सक्षम है और यह मेरे लिए जमशेदपुर एफसी में शामिल होने के पीछे एक बड़ी प्रेरणा थी. जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच स्कॉट कूपर ने कहा, जेरेमी एक गतिशील मिडफील्डर हैं जो काफी तेज हैं. उन्हें संभालना टीमों के लिए कठिन होने वाला है. वह पहले कजाकिस्तान में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रह चुके हैं.



## हल्का कर्मचारी ने ऑनलाईन के नाम पर मांगे 10 हजार, आप ने की सीओ से शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के बिड़रा पंचायत निवासी प्रेम चंद्र महतो की जमीन का ऑनलाइन में नाम चढ़ाने के नाम पर हल्का कर्मचारी द्वारा 10 हजार रुपये घूस की मांग करने की शिकायत को आम आदमी पार्टी ने गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटमदा के सीओ चंद्रशेखर तिवारी से मुलाकात करते हुए कार्रवाई की मांग की। सीओ ने पार्टी कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि शनिवार को ही उनका काम करा दिया जाएगा। इस संबंध में गणपति करुवा ने बताया कि उक्त व्यक्ति को पिछले कई माह से दौड़ाया जा रहा था। इस दौरान उनके साथ आप के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष मनसाराम पावरी, बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस, दिलीप महतो, शत्रुघन सिंह, कन्नन गणेशन व किशुन मार्डी शामिल था। इसके अलावे पार्टी कार्यकर्ताओं ने पटमदा बीडीओ अरविंद बेदिया से मिलकर बिड़रा गांव के 3 खराब चापाकलों की मरम्मत कराने की मांग की। बीडीओ ने आश्वासन दिया कि अगले दो दिनों के अंदर मरम्मत करा दी जाएगी।

## जनता दरबार में फरियादियों ने डीसी के समक्ष रखी अपनी समस्याएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त अरवा राजकमल ने शुक्रवार को समाहरणालय में आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं के समाधान को लेकर पहुंचे फरियादियों की समस्या सुने। जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य मामलो से सम्बन्धित प्राप्त आवेदन सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए फरियादियों को आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांचोपरांत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। आज के जनता दरबार कार्यक्रम में भूमि सम्बन्धित, आपसी बटवारा, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राशन कार्ड मे नाम जोड़ने, सुधार करने, पॉलिटेक्निक कॉलेज गम्हरिया के टूटे हुए बाउंड्री वॉल को जोड़ने, नगर पंचायत क्षेत्र मे पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने समेत कई आवेदन प्राप्त हुए।



### झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का स्थापना दिवस पर विशेष

# राज्य में चार हजार से अधिक युवा विभिन्न माध्यमों से जनमानस की कर रहे है सेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता एवं प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने बताया की 22 जुलाई 2023 को झारखण्ड प्रान्त अपना 22वा स्थापना दिवस मानाने जा रहा है। 22 जुलाई 2001 को रामगढ़ निवासी गोविदं मेवाड़ ने बतौर संस्थापक अध्यक्ष अपना पदभार संभाला। उसके उपरांत 2004 को केकेंद निवासी प्रवीण गोयल, 2007 में जमशेदपुर निवासी नंदकिशोर अग्रवाल, 2010 में रांची निवासी युवा विनय अग्रवाल, 2013 में स्व. विनय जालन, 2015 में रांची निवासी युवा प्रवीण जैन छाबड़ा, 2016 गिरिडीह निवासी युवा राकेश मोदी, 2018 में रांची निवासी युवा अभिषेक अग्रवाल एवं 2021 में गोविदपुर निवासी नन्दलाल अग्रवाल ने बतौर प्रांतीय अध्यक्ष झारखण्ड प्रान्त को अपनी सेवाए दी एवं राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड को एक सिरमोर प्रान्त के रूप में स्थापित किया। उन्होंने बताया कि 2001 में जब झारखण्ड प्रान्त की स्थापना हुई उस समय प्रान्त में करीब 30 शाखाये एवं 4 मंडल थे जिनकी संख्या वर्तमान में 77 शाखाये एवं 6 मंडल के रूप में है। प्रान्त में 4 हजार से अधिक युवा साथी सालो भर 24 गुणा 7 लगातार विभिन्न माध्यमो से अपनी सेवाए जनमानस को दे रहे है। समय-समय पर शाखाओ द्वारा रक्तदान शिविर, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, अमृत धारा, स्वस्थ एवं मिशन कैंसर जाग्रति, कैंसर जाँच शिविरों का आयोजन, एम्बुलेंस सेवा, कन्या भ्रूण संरक्षण जागरूकता अभियान, अंगदान, देहदान अभियान, ऑक्सिजन सेवा, व्यक्तिवा विकास एवम समयानुसार विभिन्न कार्यकमो का आयोजन किया जाता है। प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने जानकारी दी की इस सत्र में 8 पूर्वे अध्यक्षों के सम्मान में प्रान्त में 8 दिवसीय कार्यकमो का आयोजन किया गया जिसमे प्रान्त के 30 शाखाओ ने अपनी भागीदारी निभाई एवं 8 दिनों में पुरे प्रान्त में जनसेवा, पर्यावरण, रक्तदान, कन्या भ्रूण संरक्षण, अंगदान देहदान, नारी चेतना, गौऊ सेवा, स्वस्थ्य जाँच शिविर, खेल कूद एवम व्यक्तिवा विकास के क्षेत्र में करीब 250 कार्यकमो का आयोजन किया गया।




## प्रमुख चुनाव स्थगित किया जाए, मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन : पूर्व प्रमुख

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के पूर्व प्रमुख अमला मुर्मू ने झारखंड चुनाव आयोग समेत जिले के प्रशासन से प्रमुख चुनाव को स्थगित करने की मांग की है। अमला मुर्मू ने राज्य चुनाव आयोग के साथ साथ उपायुक्त व चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन किया है। आवेदन में कहा गया है कि आगामी 26 जुलाई को चांडिल प्रमुख चुनाव हेतु बुलाई गई बैठक को स्थगित किया जाय। कहा गया है कि सरायकेला खरसावां के उपायुक्त ने गैर कानूनी तरीके से प्रमुख (अमला मुर्मू) के सदस्यता को रद्द किया है। इसके विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर किया गया है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर डब्ल्यूपी. (सी) 3363/2023 है। अमला मुर्मू ने कहा कि जल्द ही उच्च न्यायालय में सुनवाई के पश्चात निर्णय आने की संभावना है, इसलिए तत्काल प्रमुख चुनाव के लिए बुलाई गई बैठक को स्थगित किया जाय। पूर्व प्रमुख अमला मुर्मू ने कहा है कि इलेक्शन पिटीशन 18 - 2022/2023 में उपायुक्त द्वारा पारित आदेश में भी पंचायत समिति सदस्य भादूडीह का चुनाव अविलंब कराने का निर्देश दिया गया है। लेकिन पंचायत समिति सदस्य का चुनाव ना कराकर सीधे प्रमुख पद का चुनाव का घोषणा करना सरासर असंवैधानिक कार्य है।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

संपादकीय

रांची, शनिवार, 22 जुलाई 2023 | पेज 6


## संपादकीय

## मोदी बनाम 'इंडिया'

विपक्षी दलों के गठबंधन ने अपना नया नाम रखा है-'इंडिया'। इसकी संपूर्ण शब्दावली है-'इंडियन नेशनल डिवेलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस'। इसी का संक्षिप्त नामकरण 'इंडिया' है। यकीनन यह एक राष्ट्रीय, कूटनीतिक, चुनावी लाभ और समझदारी का नामकरण है। यह सुझाव तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष एवं बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रखा था। हालांकि नामकरण पर खूब चर्चा हुई। ममता ने नामकरण में 'डेमोक्रेटिक' शब्द जोड़ा था, जिसमें राहुल गांधी ने संशोधन कर 'डिवेलपमेंटल' कर दिया। यह 'विकासवाद' का प्रतीक-शब्द प्रधानमंत्री मोदी के विकास अभियान का मुकाबला करने को रखा गया। अब विपक्षी गठबंधन के चुनाव प्रचार, बैनर, पोस्टर, जनसभाओं के संबोधन में 'इंडिया' शब्द का ही इस्तेमाल किया जाएगा। ममता बनर्जी ने तो चुनौतीपूर्ण सवाल भी उछाल दिया है-'क्या भाजपा इंडिया को चैलेंज कर सकती है?' उन्होंने प्रचार का नारा भी बुलंद किया है-'भाजपा हारेगी, 'इंडिया' जीतेगा।' विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' को 'भारत देश' के पर्यायवाची के तौर पर पेश किया जा रहा है। यही 2024 के आम चुनाव की सियासत है, लेकिन 1950 के 'राष्ट्रीय प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम' के मुताबिक यह प्रयोग गलत और अवैध है। इस पर चुनाव आयोग खुद संज्ञान ले सकता है अथवा कोई सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे सकता है, क्योंकि 'भारत' या 'इंडिया' किसी भी दल, व्यापार, पेशे, परियोजना आदि का नामकरण सिर्फ देश के नाम के समानार्थी नहीं रखा जा सकता। यह सिर्फ देश, राष्ट्र का नाम है और न ही 'तिरंगा' इस्तेमाल किया जा सकता है। उसमें एक और शब्द या कोई अन्य चित्र जोड़ना कानूनन अनिवार्य है। बहरहाल यह भविष्य या कानूनी चुनौती का सवाल है। फिलहाल 'इंडिया' के नेताओं ने घोषित कर दिया है कि 2024 की लड़ाई भाजपा की सोच, विचारधारा, प्रधानमंत्री मोदी, उनकी कथित तानाशाही और 'इंडिया' के बीच की होगी। अब लड़ाई 'इंडिया' के संविधान और लोकतंत्र को बचाने की होगी। अब लड़ाई 'इंडिया' की जनता की रक्षा के लिए और बेरोजगारी, महंगाई, खस्ता अर्थव्यवस्था, किसानी, दलित, पिछड़ों और देश की आजादी की खातिर होगी। ऐसा विपक्ष के अलग-अलग नेताओं ने आह्वान किए हैं। बहरहाल बेंगलुरु की बैठक में विपक्ष के 26 दलों ने शिरकत की। इनमें से कमोबेश 10 दलों का लोकसभा में एक भी सांसद नहीं है। विपक्ष एकजुट होता जरूर दिखने लगा है, लेकिन अब भी रास्ता और मंजिल बहुत दूर हैं। अलबत्ता 'इंडिया' का दिल्ली में सचिवालय होगा। गठबंधन का संयोजक भी होगा। गठबंधन की 11 सदस्यीय समन्वय समिति भी बनाई जाएगी। ये निर्णय बैठक में लिए गए हैं। आगामी बैठक मुंबई में होगी, जिसमें संयोजक का नाम और साझा न्यूनतम कार्यक्रम के कुछ बुनियादी बिंदुओं की घोषणा की जा सकती है। इसके समानांतर नई दिल्ली में सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए के 38 दलों की भी बैठक हुई। इसमें भी 20-22 दल ऐसे हैं, जिनका प्रतिनिधित्व संसद में है ही नहीं। बहरहाल ये मुद्दे चुनाव के लिहाज से ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं होते। आम चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर ही होगा, जो तीसरे कार्यकाल के लिए जनादेश मांगेंगे। उन्होंने एनडीए की बैठक से पहले और बाद में 2024 का चुनावी एजेंडा तय करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के 'जातिवाद के जहर' और '20 लाख करोड़ रुपए के घोटालों' को लेकर विपक्ष पर तगड़े प्रहार किए और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी देश को दी। उन्होंने एनडीए के साथियों को विश्वास दिलाया कि देश का जनमत उनके पक्ष में है। हमें 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिलेंगे। गौरतलब है कि 2019 में भी भाजपा को 234 सीटों पर 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। जनमत को लेकर देश ही नहीं, दुनिया के बड़े देश भी आश्वस्त हैं, लिहाजा वे हमें आमंत्रित कर रहे हैं और भारत के साथ बड़े-बड़े समझौते भी लिख रहे हैं। अक्सर सरकार के बाहर जाने वाली पार्टी के साथ वैश्विक स्तर पर ऐसा व्यवहार नहीं किया जाता। 2024 की 'मोदी बनाम इंडिया' की लड़ाई दिलचस्प होगी। हम भी लगातार दृष्टि बनाए रखेंगे, क्योंकि अंततः जनादेश भारत हित में होना चाहिए। नामकरण तो शुरुआती प्रयास भर है।


ममता ने नामकरण में 'डेमोक्रेटिक' शब्द जोड़ा था, जिसमें राहुल गांधी ने संशोधन कर 'डिवेलपमेंटल' कर दिया। यह 'विकासवाद' का प्रतीक-शब्द प्रधानमंत्री मोदी के विकास अभियान का मुकाबला करने को रखा गया। अब विपक्षी गठबंधन के चुनाव प्रचार, बैनर, पोस्टर, जनसभाओं के संबोधन में 'इंडिया' शब्द का ही इस्तेमाल किया जाएगा। ममता बनर्जी ने तो चुनौतीपूर्ण सवाल भी उछाल दिया है-'क्या भाजपा इंडिया को चैलेंज कर सकती है?' उन्होंने प्रचार का नारा भी बुलंद किया है-'भाजपा हारेगी, 'इंडिया' जीतेगा'। विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' को 'भारत देश' के पर्यायवाची के तौर पर पेश किया जा रहा है। यही 2024 के आम चुनाव की सियासत है, लेकिन 1950 के 'राष्ट्रीय प्रतीक और नाम (अनुचित उपयोग की रोकथाम) अधिनियम' के मुताबिक यह प्रयोग गलत और अवैध है। इस पर चुनाव आयोग खुद संज्ञान ले सकता है अथवा कोई सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे सकता है, क्योंकि 'भारत' या 'इंडिया' किसी भी दल, व्यापार, पेशे, परियोजना आदि का नामकरण सिर्फ देश के नाम के समानार्थी नहीं रखा जा सकता।


## कुछ अलग

## एयरपोर्ट नगर बसाएं

हिमाचल में विस्थापन को अवसर में बदला जाए, तो जन सहमति और जन भागीदारी भी बढ़ेगी, लेकिन इसके लिए पहले से ही पुनर्वास की अधोसंरचना तय होनी चाहिए। फोरलेन परियोजनाओं के बाद कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार इस आशय के विकल्प तैयार कर सकता है ताकि विस्थापन के दंश भूलकर लोग खुशहाली के नए मार्ग पर आश्वस्त हो जाएं। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के साथ एक नया आर्थिक संसार उभर रहा है, तो इसके प्रथम हकदार विस्थापित लोग होने चाहिएं। यानी आइंदा कांगड़ा में विकास परियोजनाओं की परिकल्पना में पुनर्वास को जोडना होगा। सरकार कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाना चाहती है, तो गौर यह किया जाए कि सर्वप्रथम इनसे गगल एयरपोर्ट विस्तार की जद में आए विस्थापित लाभान्वित हों। यह संभव है। मसलन अब तक की प्लानिंग में जितनी भी पर्यटन परियोजनाएं सामने आई हैं, उनके साथ व्यापारिक संभावनाओं की जगह तय करते हुए व्यापारिक पुनर्वास किया जाए। चौबीस घंटे चलने वाले पर्यटन गांव को ही अगर एयरपोर्ट विस्तार का हिस्सा बना दिया जाए, तो गगल की व्यापारिक पीड़ा का हल निकल आएगा। इसी तरह टैंट कालोनी या फिल्म सिटी जैसी परियोजनाओं के तहत विस्थापित लोगों को आर्थिक बिछौने पर बैठाया जा सकता है। इस लिहाज से कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को गति देते हुए यह भी तय करना जरूरी है कि विस्थापित लोगों को आश्रय के साथ-साथ पुनर्वासित व्यापार भी चाहिए। गगल के समीप चामुंडा व कांगड़ा के धार्मिक स्थलों पर कांगड़ा एयरपोर्ट पुनर्वास मार्किट बनाई जाएं, जिनका निर्माण हवाई अड्डा विस्तार के बजट से किया जाए। ऐसे में लाजिमी यह भी है कि एयरपोर्ट विस्तार की सीमा रेखा में गगल-इच्छी के उजड़ते व्यापार को फिर से आश्रय दिया जाए। इसके लिए एयरपोर्ट के समीप एक एयरपोर्ट नगर बसाया जा सकता है। यह किसी भी दिशा में फोरलेन या अन्य मार्ग से जुड़े स्थान पर एक आधुनिक व व्यापारिक शहर के प्रारूप में एक नया आर्थिक जोन बन सकता है। यानी धर्मशाला, कांगड़ा, शाहपुर व नगरोटा जैसे शहरों के बीच एयरपोर्ट नगर का महत्त्व पर्यटन, परिवहन, शिक्षा, चिकित्सा व प्रशासनिक दृष्टि से तो होगा, साथ ही यहां आवासीय बस्ती के तहत पुनर्वास भी संभव होगा। कांगड़ा अगर पर्यटन राजधानी बन रहा है, तो उसकी कुछ परियोजनाएं एयरपोर्ट नगर में विकसित की जा सकती हैं। यह शहर कई विभागीय अर्थों में भी समृद्ध हो सकता है। अगर एक दिशा में एयरपोर्ट नगर को पूरी जमीन नहीं मिलती, तो इसे विभक्त करके किसी एक स्थान पर ट्रांसपोर्ट नगर, कहीं पर्यटन नगर, कहीं आईटी पार्क, कहीं पुनर्वास बस्ती और कहीं व्यापारिक परिसर के रूप में स्थापित किया जा सकता है। कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार के बचे-खुचे विरोध का भी मानवीय समाधान आवश्यक हो जाता है और इसे एक मॉडल के रूप में देखें, तो हिमाचल में विकास की अड़चनें खत्म होंगी जबकि पुनर्वास से आर्थिक संभावनाएं परिलक्षित होंगी। हम पहले भी कह चुके हैं कि प्रदेश सरकार को आवश्यकतानुसार कम से कम छह निवेश शहरों के लिए विभिन्न प्रमुख मार्गों के किनारे स्थल चयन कर लेना चाहिए। ये निवेश केंद्र हर विस्थापित को घर व रोजगार के बदले रोजगार देने का आश्वासन देंगे। हिमाचल को आगे बढ़ाने के लिए जिस जमीन की जरूरत है, वहां विस्थापन तय है। यह मुआवजा राशि से इतर छत की तलाश और नए रोजगार का विकल्प भी तराश ले, तो जन सहयोग और सहमित हासिल करना आसाना हो जाएगा। जिस प्राथमिकता से हिमाचल सरकार कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार कर रही है, उससे बेशक आगामी सदियां बदल जाएंगी, लेकिन इस परियोजना के साथ एयरपोर्ट नगर का विकास नत्थी किया जाए, तो परिदृश्य में साधुवाद भी पैदा होगा।

## परिणाम यह हुआ कि उन पर द वाइयों का असर एकदम से बंद हो गया और उनकी सेहत गिरती चली गई

# झूठी दिलासा या झूठे डर

पीके खुराना


बीसवीं शताब्दी में अस्सी के दशक में लॉस एंजेलीस में स्थित यूनिवर्सिटी ऑव कैलिफोर्निया में एक अछूता प्रयोग शुरू हुआ जहां हमारे शरीर पर भावनाओं के असर का अध्ययन किया गया। युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के सहयोग से कई अन्य मेडिकल विश्वविद्यालयों में भी इसी तरह के शोध आरंभ हुए और इन सबकी मिलीजुली खोज का परिणाम यही था कि हमारी भावनाएं हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं। कोई गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति अगर खुशनुमा माहौल में रहे, खुद खुश रहे और उसमें जीवन के प्रति उत्साह बना रहे तो वह अपनी बीमारी से जल्दी पार पा लेता है। बहुत से मरणासन्न मरीज इस प्रयोग के चलते जीवनदान पा गए और बहुत से अन्य मरीज डॉक्टरों की उम्मीद से ज्यादा जिए।


साइंस की रिसर्च से सिद्ध हुआ है कि हमारी सेहत पर हमारी भावनाओं का गहरा असर होता है। खुशी, उत्साह, आशा, निश्चय, विश्वास, स्नेह, उत्सव आदि जहां हमारे स्वास्थ्य के लिए वरदान सिद्ध होते हैं, वहीं निराशा, गुस्सा, तनाव, डर, आत्मग्लानि, अवसाद, अकेलापन, बोरियत जैसी भावनाएं हमारी सेहत के लिए नुकसानदायक हैं। पौष्टिक भोजन हमें स्वस्थ बनाता है, व्यायाम हमें स्वस्थ बनाता है, लेकिन जिस एक तथ्य को हम नहीं जानते, वो ये है कि हमारी भावनाएं भी हमें स्वस्थ या बीमार बना सकती हैं। बीसवीं शताब्दी में अस्सी के दशक में लॉस एंजेलीस में स्थित यूनिवर्सिटी ऑव कैलिफोर्निया में एक अछूता प्रयोग शुरू हुआ जहां हमारे शरीर पर भावनाओं के असर का अध्ययन किया गया। युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के सहयोग से कई अन्य मेडिकल विश्वविद्यालयों में भी इसी तरह के शोध आरंभ हुए और इन सबकी मिलीजुली खोज का परिणाम यही था कि हमारी भावनाएं हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर डालती हैं। कोई गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति अगर खुशनुमा माहौल में रहे, खुद खुश रहे और उसमें जीवन के प्रति उत्साह बना रहे तो वह अपनी बीमारी से जल्दी पार पा लेता है। बहुत से मरणासन्न मरीज इस प्रयोग के चलते जीवनदान पा गए और बहुत से अन्य मरीज डॉक्टरों की उम्मीद से ज्यादा जिए। इन प्रयोगों से ये भी पता चला कि जिन मरीजों को डॉक्टर ने यह कहा था कि बीमारी इतनी अधिक गहरी है कि उनका जीवन सीमित है, वे इस खबर से इतने निराश हुए कि उनमें जीवन जीने की इच्छा ही समाप्त हो गई। परिणाम यह हुआ कि उन पर दवाइयों का असर एकदम से बंद हो गया और उनकी सेहत गिरती चली गई। लेकिन ऐसे मरीजों में से कुछ ऐसे भाग्यशाली भी थे जो इस प्रयोग का हिस्सा बने, उनमें जीवन जीने की इच्छा का संचार हुआ और उनकी सेहत फिर से सुधरने लग गई। यह एक अकाट्य तथ्य है कि हम जो खाते हैं उससे हमारी सेहत प्रभावित होती है, हमारे लाइफस्टाइल से भी हमारी सेहत प्रभावित होती



है। सारा दिन बैठे रहने वाले, सारा दिन कंप्यूटर पर काम करने वाले, सारा दिन खड़े रहकर काम करने वाले, सारा दिन भागदौड़ में व्यस्त रहने वाले, व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने वाले लोगों का स्वास्थ्य उनकी दिनचर्या से प्रभावित होता है। बिल्कुल इसी तरह हमारी भावनाओं का भी हमारी सेहत पर गहरा असर होता है। क्रोध, निराशा, हताशा, पछतावा, डर, घृणा, उदासी आदि भावनाओं से ग्रस्त व्यक्ति कई तरह की बीमारियां मोल ले लेता है और अगर बीमार हो तो या तो ठीक नहीं हो पाता या फिर ठीक होने में लंबा समय लेता है। इसके विपरीत खुशमिजाज व्यक्ति कम बीमार पड़ता है और बीमार हो जाए तो जल्दी ठीक होने के अवसर बढ़ जाते हैं। यही कारण है कि चिकित्सा जगत में यह महसूस किया गया कि कोई भी बीमारी सिर्फ शारीरिक या सिर्फ मानसिक नहीं होती बल्कि हर रोग का प्रभाव मन और शरीर, दोनों पर पड़ता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के इसी रिसर्च प्रोजेक्ट में यह भी पता चला कि मानवीय विकास के लाखों सालों के इतिहास के कारण हमारा शरीर इतना सशक्त हो गया है कि लगभग 85 प्रतिशत बीमारियों से खुद ही लड़ लेता है और अगर हम कोई दवा न लें तो भी कुछ समय के बाद खुद-ब-खुद ठीक हो ही जाएंगे। दर्द और साधारण बुखार दरअसल हमें यह संदेश देते हैं कि शरीर में कहीं कुछ गड़बड़ है। ये सिर्फ संदेशवाहक हैं, दूत हैं। पेनकिलर लेकर या बुखार की दवाई लेकर हम संदेशवाहक के काम में बाधा डाल रहे हैं। आयुर्वेद और नैचुरोपैथी में तो इसे एक नियम की तरह स्वीकार किया गया है कि दर्द, खांसी और साधारण बुखार को दबाने के बजाय कारण समझना चाहिए कि खांसी क्यों हुई या बुखार क्यों हआ और फिर उस कारण का इलाज करना चाहिए, न कि दर्द का या बुखार का। हमारा इम्यून सिस्टम हमारे जीवन का प्रतिबिंब है, हमारे लाइफस्टाइल का आईना है। बायोकैमिकल परिवर्तन से, माइक्रो आर्गेनिज्म से, हार्मोन की गड़बड़ी की वजह से जहां हमारी सेहत पर असर पड़ता है, वहीं हमारी खुशी और हमारे गम, हमारी आशा-निराशा, हमारा उत्साह या बोरियत, हमारी हंसी या आंसू, हमारी समस्याएं या अवसर आदि भी हमारी सेहत को प्रभावित करते ही हैं। हमारे चिकित्सा केंद्र, कॉस्मिक हैपीनेस सेंटर में आने वाले लोगों की समस्याओं का निदान करते हुए मुझे बार-बार यह अनुभव होता है कि खुद उनका अवचेतन मन अपने बारे में जितना जानता है, मैं उनके बारे में उतना जान पाने की बात सोच भी नहीं सकता। हमारा शरीर एक सुपर कंप्यूटर है तो हमारा अवचेतन मन उसकी हार्ड डिस्क है जिसमें जीवन की सभी घटनाओं का लेखा-जोखा मौजूद है। एक स्पिरिचुअल हीलर, यानी आध्यात्मिक चिकित्सक के रूप में जब मैं उनकी समस्याओं के निदान की प्रक्रिया आरंभ करता हूं तो मेरा काम सिर्फ इतना सा ही होता है कि मैं उन्हें उनके अवचेतन मन की राह दिखा दूं। अपने अवचेतन मन की गहराइयों में उतर कर वे खुद अपनी समस्या के सही रूप को समझते हैं और उसका निदान भी खुद करते हैं। व्यक्ति अपना चिकित्सक खुद बन जाता है, मैं सिर्फ एक पथ-प्रदर्शक का रोल अदा करता हूं। स्पिरिचुअल हीलिंग की इस प्रोसेस में दवा का प्रयोग न होने के कारण कोई साइड इफैक्ट भी नहीं है और कोई खतरा भी नहीं है। स्पिरिचुअल हीलिंग दवाई का बदल नहीं है, चिकित्सा का बदल नहीं है, डाक्टर का बदल नहीं है, इसलिए ऐसी कोई दिलासा नहीं दी जा सकती कि स्पिरिचुअल हीलिंग से शरीर की हर बीमारी ठीक हो जाएगी। ऐसी हर दिलासा झूठी दिलासा होगी। इसके साथ ही यह भी सच है कि किसी गंभीर बीमारी के कारण अगर किसी मरीज के मन में कोई डर बैठ जाए तो वह डर भी झूठा होगा क्योंकि एक तो हमारा शरीर ही बहुत सी बीमारियों का इलाज खुद कर सकता है, दूसरे अगर मरीज में जीवित रहने की भावना प्रबल हो, वह खुश रहे, उसके आसपास का वातावरण आशाजनक हो तो बहुत सी गंभीर मानी जाने वाली या जानलेवा मानी जाने वाली बीमारियों से भी निजात मिल सकती है। आशा के संचार से इलाज के दौरान या आपरेशन के बाद मरीजों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होता देखा गया है। अगर हमारी भावनाएं नेगेटिव हों तो हमारा दिमाग ऐसे रसायन पैदा करता है जो हमारी सेहत का कबाड़ा कर सकते हैं और भावनाएं पाजिटिव हों तो वही दिमाग शक्तिवर्धक रसायन पैदा करके इलाज में सहायक हो जाता है। स्पिरिचुअल हीलिंग के माध्यम से व्यक्ति को खुशमिजाज रहकर बीमार होने से बचाया जा सकता है या बीमारियों के इलाज में सहायक हुआ जा सकता है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की रिसर्च में जो बड़ी बात सामने आई वो ये थी कि मरीज कोई भी हो, बीमारी कोई भी हो, अगर इलाज के समय डॉक्टर सिर्फ क्लीनिकल टैस्ट और लैबोरेट्री टैस्ट तक ही सीमित न रहे, बल्कि बीमारी के समय की स्थितियों को भी समझे, मरीज की मानसिक दशा का भी अध्ययन करे तो इलाज बहुत प्रभावी होगा।

# भारतीय संस्कृति में प्रकृति का महत्त्व


पिछला ज्ञान अगले ज्ञान प्राप्ति की सीढ़ी बन जाता है। इस प्रक्रिया में कई सारी बातें अपने कड़वे अनुभवों के कारण वह, छोडने या संशोधित करने का प्रयास करता रहता है और कई सारी बातों में उसे कुछ नया करने की जरूरत अनुभव होती है, जिसे वह कई तरह के नवाचारों से पूरा करने का प्रयास करता है। ये नवाचार भौतिक जरूरतों से लेकर सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, आध्यात्मिक, कलात्मक, सुरक्षात्मक, शासनात्मक आदि अनेक प्रकार के होते हैं। इन सबके मेल से एक संस्कृति का निर्माण होता है जिसमें कई अनायास और सप्रयास तत्व जुड़े रहते हैं। सप्रयास तत्व संशोधन की प्रक्रिया में से निकलते हैं और अनायास तत्व समाज की 'कम से कमतर संघर्ष' की जरूरत वाला मार्ग अनुसरण करने की सहज प्रवृत्ति का परिणाम होते हैं। जो समाज जितने ज्यादा स्वतंत्र रहे उतना ज्यादा सप्रयास संशोधन के प्रयास वहां ज्यादा हुए।


कोई भी संस्कृति विकास के दौर में अपने अनुभवों के आधार पर उत्पन्न जरूरतों और अपेक्षाओं की पूर्ति की दिशा में कार्यरत हो कर आगे बढ़ती है। समाज जाने-अनजाने अपने अनुभवों से सीखते हुए अपने क्रियाकलापों को संशोधित भी करता रहता है। पिछला ज्ञान अगले ज्ञान प्राप्ति की सीढ़ी बन जाता है। इस प्रक्रिया में कई सारी बातें अपने कड़वे अनुभवों के कारण वह, छोडने या संशोधित करने का प्रयास करता रहता है और कई सारी बातों में उसे कुछ नया करने की जरूरत अनुभव होती है, जिसे वह कई तरह के नवाचारों से पूरा करने का प्रयास करता है। ये नवाचार भौतिक जरूरतों से लेकर सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक, आध्यात्मिक, कलात्मक, सुरक्षात्मक, शासनात्मक आदि अनेक प्रकार के होते हैं। इन सबके मेल से एक संस्कृति का निर्माण होता है जिसमें कई अनायास और सप्रयास तत्व जुड़े रहते हैं। सप्रयास तत्व संशोधन की प्रक्रिया में से निकलते हैं और अनायास तत्व समाज की 'कम से कमतर संघर्ष' की जरूरत वाला मार्ग अनुसरण करने की सहज प्रवृत्ति का परिणाम होते हैं। जो समाज जितने ज्यादा स्वतंत्र रहे उतना ज्यादा सप्रयास संशोधन के प्रयास वहां ज्यादा हुए। गुलामी के बंधन में फंसे समाज 'कम से कमतर संघर्ष' की जरूरत वाला मार्ग अपनाने पर विवश होते हैं क्योंकि उनके लिए अस्तित्व बचाए रखना ही बड़ी प्राथमिकता होती है। इस दृष्टि से भारतीय संस्कृति को देखें तो इसके लिए गुप्त काल तक स्वतंत्र रहने सोचने का जो लंबा अवसर मिला उसी में इसके साहित्य, ज्योतिर्विज्ञान, आयुर्वेद, गणित, कला, वास्तु शास्त्र आदि का विकास हुआ। उसके बाद के गुलामी का काल तो अपने अस्तित्व को बचाने के संघर्षों की भेंट ही चढ़ता रहा, जिसमें कई अच्छी चीजें मिट गईं और कई गलत चीजें मजबूत होती गईं क्योंकि संशोधन का समय ही कहां था। कई नए दोष भी पनप गए। इन सबके गुण-दोष विवेचन में कार्य-कारण की भूमिका की तलाश तो समाज शास्त्रियों और इतिहासकारों का कार्य क्षेत्र है। हम तो वर्तमान में अच्छा क्या है, गलत क्या है, उसी पर अपनी-अपनी समझ अनुसार नजर डाल सकते हैं और जो अच्छा है, उसे बचाने और जो गलत है उसे दूर करने के प्रयास कर सकते हैं। वर्तमान में हमें जातिवाद एक बड़ा दोष नजर आता है जिसके आधार पर छोटा और बड़ा निर्धारित करना, पूर्णतः अवैज्ञानिक और मानवतावाद की नजर से और आध्यात्मिक नजर से भी तर्कसम्मत कदापि नहीं है। इसे सारे अहंकार छोड़ कर समाप्त करने की दिशा में हम जितना ज्यादा प्रयास करेंगे उतना ही हमारा भविष्य उज्ज्वल होगा। जातिमुक्त समाज समय की मांग भी है। इसे ही हम सामाजिक न्याय कह रहे हैं। जाति, धर्म, संप्रदाय, लिंग, रंग, क्षेत्र, भाषा आदि के आधार पर कोई भी भेद सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। इस बात को हृदयंगम करने का आसान तरीका है समानुभूति। अर्थात पीड़ित की जगह अपने आपको रख कर सोचना। हमारे साथ कोई ऐसा करे तो हमें कैसा लगेगा। इससे बहुत बड़ी शक्ति मानसिक तौर पर मिलती है जिसके बल पर हम आत्म संशोधन के बड़े से बड़े कदम, समाज की निंदा स्तुति की परवाह किए बिना उठा सकते हैं। दहेज, बाल विवाह, जनसंख्या नियंत्रण का अभाव, प्रकृति विनाशक जीवन पद्धति आदि सांस्कृतिक दूषण भी समाज में विद्यमान हैं। इनसे मुक्ति सर्वांगीण प्रगति के लिए जरूरी है। लेकिन कुछ दोष आ जाने के कारण हमें किसी भी संस्कृति के गुणों से अनभिज्ञ होकर उसके साथ घृणा करने से भी बचना चाहिए। इससे हम दीर्घ कालीन अनुभव से संचित सकारात्मक संस्कार से अपने आप और समग्र समाज को वंचित कर देंगे। कोई भी संस्कृति ऐसी नहीं है जिसमें दोष न हों। और कोई भी संस्कृति ऐसी भी नहीं जिसमें गुण न हों। इसलिए गुण-दोष के आधार पर ही विवेचन होना चाहिए। आधुनिकता और प्रगतिशीलता के नाम पर भारतीय संस्कृति आजकल इस संकट को झेल रही है। बिना विवेचना के मनमर्जी से हम किसी भी बात को गलत ठहरा कर अपने आप को प्रगतिशील मानते हैं। निष्पक्ष विवेचना तो निष्पक्ष समाज या बुद्धि से ही की जा सकती है। इस तरह असंगत विरोध तो एक पक्षीय सोच का ही परिणाम हो सकता है। यदि हम भारतीय संस्कृति की रीढ़ या नींव को समझने का प्रयास करें तो हम पाएंगे कि प्रकृति के साथ समरसता पूर्वक जीने की कला को आत्मसात करते हुए भौतिक और आध्यात्मिक प्रगति की ओर अग्रसर होना ही भारतीय संस्कृति का मूल है। इसी आधार पर हमारे त्यौहार निर्धारित हुए हैं। हमारी दैनंदिन गतिविधियां भी तो प्रकृति की आराधना और संभाल के इर्द-गिर्द ही बनी रहती हैं। सुबह धरती का वंदन, सूर्य का धन्यवाद-वंदन, तुलसी-पीपल की पूजा, शादी-विवाह के संस्कार आदि प्रकृति के साथ घनिष्ठता स्थापित करने और प्रकृति की रक्षा के प्रति सजग रहने का संस्कार देने का काम करते हैं। पानी की शुद्धता बनाए रखने के लिए पानी और नदियों पर देवत्व आरोपित करने में यही समझ काम करती है। इसका असर लोक संस्कृति में भी अलग-अलग रूपों में देखने को मिलता है।

## नागरिक बोध

# मणिपुर में इंसानियत का कत्ल और निर्वस्त्र महिलाओं पर टूलकिट की घिनौनी मंशा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जा रहा है जिसमें पुरुषों की भीड़ दो निर्वस्त्र महिलाओं को ले जा रही है। कहा जा रहा है कि दोनों महिलाएं कुकी समुदाय की हैं और उनके साथ हैवानियत करने वाले पुरुष मैतेयी समुदाय से हैं। वीडियो की सच्चाई पर कोई सवाल नहीं है, लेकिन घटना मई महीने का बताया जा रहा है। फिर सवाल उठता है कि करीब 70-75 दिन के बाद अचानक यह वीडियो ट्विटर पर कैसे तैरने लगा? क्या यह महज संयोग है या सोचा-समझा प्रयोग? सबको पता है कि आज संसद का मॉनसून सत्र शुरू हुआ और ट्विटर पर मणिपुर के इस दर्दनाक वाकये को लेकर ट्रेंडिंग शुरू हुई बुधवार से। यानी संसद सत्र शुरू होने के ठीक एक दिन पहले। तो यह रही टाइमिंग की बात। तो क्या इसे वक्त और मौके की नजाकत देखकर मुद्दा उछालने के एक शानदार उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है? जवाब आप खुद सोचिए। मणिपुर में तो महिलाएं खुद ही कपड़े उतारने की धमकी सैनिकों को देती हैं और उतारती भी हैं। खुद सेना ने ऐसा वीडियो शेयर करते हुए अपनी मजबूरी का इजहार किया है। इसमें कोई दो राय नहीं कि मणिपुर में खासकर कुकी समुदाय ने महिलाओं को ढाल बनाकर इस्तेमाल किया है। सवाल है एक जगह बिना कपड़े में महिला की इज्जत चली जाती है तो फिर दूसरी जगह महिला खुद से कपड़े उतारकर आखिर किस तरह की इज्जत कमा रही होती हैं? महिला को निर्वस्त्र किया जाना अमानवीय है तो औरत के खुद से नग्न हो जाना घिनौना ही है। चूंकि टूलकिट का एक काम बात का बतंगड़ करना भी है, इसलिए स्पष्ट करना जरूरी है कि किसी भी तरह से महिला की इज्जत से खिलवाड़ का बचाव नहीं किया जा सकता या उसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। और फिर महिला ही क्यों, किसी भी इंसान की, किसी भी परिस्थिति में इज्जत तार-तार करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इसलिए मणिपुर में दो महिलाओं के साथ जो हुआ, वह अमानवीय है। लेकिन इस तथ्य से नजर नहीं फेरा जा सकता है कि वहां महिलाओं ने कैसे खुद की इज्जत नहीं की। खैर, यह भी जानते हैं कि कुकी समुदाय है कौन? क्या वह सच में मणिपुर हिंसा का पीड़ित है या फिर मूल उत्पाती? मणिपुर के इतिहास से लेकर सभ्यता-संस्कृति तक, एक-एक चीज मैतेयी समुदाय से जुड़ी है। मैतेयी समुदाय ने ही मणिपुरी इतिहास और संस्कृति को संजोकर रखा है। कुकी के बारे में कहा जाता है कि आबादी में 35% की हिस्सेदारी वाले इस समुदाय का 90% जमीन पर कब्जा है। इसने हिंदू धर्म छोड़कर इसाइयत अपना ली है और अफीम धंधे में लिप्त है। कुकी के संप्रदाय का जिक्र करना इसलिए जरूरी है कि हिंदू बनाम अन्य की स्थिति बनती है तो देश-विदेश का टूलकिट कैसे बिहेव करता है, यह याद दिलाई जा सके। प्रॉपगैंडा के मामले में कुकी को भी इसाई समुदाय के होने का फायदा मिल रहा है। हिंदू मैतेइयों पर उसी मणिपुर में खूब अत्याचार हुए- कुकी समुदाय के लोगों ने मैतेई महिलाओं के रेप किए, बस्तियां जलाईं, बच्चे-बजुर्ग सबको बेरहमी से मारा, लेकिन तब कोई हो-हंगामा नहीं हो रहा था। सोशल मीडिया पर कुकी अत्याचार के सबूत आ रहे थे, लेकिन तब उसे मणिपुर हिंसा के बड़ी चादर के नीचे ढक दिया जा रहा था। टूलकिट की जादुई शक्ति समझिए- महीनों से अत्याचार और हिंसा की एक से बढ़कर एक अमानवीय घटनाओं को अंजाम देनेवाला कुकी समुदाय रातोंरात दुनिया की नजर में पीड़ित बन गया और मार खाने वाला मैतेई की छवि हिंसक और आततायी की हो गई। ये है प्रॉपगैंडा की ताकत, ये है मौका भुनाने का नायाब नमूना। जिस कुकी समुदाय ने मणिपुर के मैतेई समुदाय पर कहर ढाता रहा, वो आज दुनिया की नजर में बेचारा बन गया और असल में भुगतने वाला विलेन। टूलकिट ऐसे ही काम करता है। देश में हजारों दंगे हुए, लेकिन सबको सिर्फ गुजरात दंगा याद है। शायद ही कोई दिन बीत रहा हो जब देश के किसी ना किसी कोने में मुसलमान, किसी ना किसी हिंदू लड़की का रेप नहीं कर रहा है, लेकिन सबको याद है तो कठुआ रेप कांड। मुसलमानों के हाथों दर्जनों हिंदू मारे गए।

## देश दुनीया से

## मौत का उत्सव

इस देश के लोग उत्सवधर्मी हो गए हैं। सही है हमारी लोक संस्कृति का रुझान हमेशा पर्वों, त्योहारों और उत्सवों की ओर रहा है। दीवाली में दीये जला कर हर घर में रौशनी की बारात सजती है, होली पर हास्य और अट्टहास की दूधगंगा के साथ रंग, अबीर और गुलाल की फाग उड़ती है। और फिर बल्ले-बल्ले बैसाखी। जाट के भंगड़ा डालते कदम कहने लगे, 'फसलां दी मुक गई राखी, वे जट्टा आई बैसाखी।' लेकिन न जाने क्यों हुआ, पिछले बहुत से दिनों से उत्सवों को चेहरे धुंआखे गये। नंग-मनंग होकर एक दूसरे के प्रति स्नेह और सौहार्द की गंगा बहा देने के स्थान पर नकाबपोश अंधेरे में गुम हो जाना चाहते हैं। बहुत सी कतारें रहती हैं यहां जनाब। राजधानी में आंदोलन जीवी दनदनाते हैं। जो कल तक अपने कोने के फुटपाथ का किराया भी धाकड़ों को चुका नहीं पाते थे, आज अपने आंदोलनजीवी होने के कारण ही इन धाकड़ों को अपने पीछे लगा जिंदाबाद का जयघोष करवाते हैं और फुटपाथ की जगह अपने प्रासाद की बुर्जी से क्रांति घोष का स्वर निकाल हमें उपकृत करते हैं। आन्दोलन करके जो अब कुर्सी तक पहुंच गया, वह अब कुर्सीजीवी हो जाएगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तरह दो-तीन कुर्सी सत्र अपने नाम अग्रिम पारित करवा लेना चाहेगा। अपना गुजरता वक्त अंतिम पहर तक पहुंचता देखेगा, तो अपनी वंशावली के लिए देश का भविष्य सुरक्षित करने का पैगाम दे देगा। अजी, शासन सत्र आरक्षित करने की क्या बात है, यहां तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्थ आरक्षित होने लगी है। आजादी के इस अमृत महोत्सव आते-आते एक जमात पैदा हो गई। पीढ़ी दर पीढ़ी कुर्सियां को सज्जित करते हैं। इन्हें कुर्सीजीवी कह लो या कुर्सी धर्मी, लेकिन बन्धु यहां तो क्रांति भी एक उत्सव धर्मी हो गई, जोशीले नारों के पंखों पर तैरता हुआ क्रांति उत्सव, जो जब थमता है तो हम पाते हैं कि हम तो वहां ही खड़े रह गए, जहां से चले थे। अच्छे दिन ला देने का वायदा हमें उस कालपर्वत पर ले आया, जहां आम लोगों के लिए भुखमरी, बेकारी और महंगाई एक रवायत है और विश्व के खुशहाली सूचकांक में और भी नीचे हो जाने की गिरावट दर्ज हो जाना एक विकट और जाना-पहचाना सत्य, जो ऐसा कम्बल है, जिसे हम छोड़ते हैं, लेकिन वह ही हमें अपने बाहुपाश से निकलने नहीं देता। आओ, अपनी भूख से निजात पाने के लिए जिंदगी के खैराती हो जाने का उत्सव मनाएं, क्योंकि यहां कार्य संस्कृति नहीं भीख संस्कृति चलती है। देश को रोजगार पाना है तो मनरेगा के जाली कार्डों का अपने घर के दरवाजे तक पहुंचने का सहारा लो, भूख मिटानी है तो सस्ते राशन की दुकानों के बंद कपाटों के ताले खुलने की इंतजार करो। यह तो मौत का उत्सव है प्यारे, जिसे मनाने की दुंदुभि चौकस सायरन बजाने लगे, कि लो फिर सडक्रों पर दफा एक सौ चतालीस लग गयी। कफ्र्यू की घोषणा ने सडक्रों पर उतरती भीड़ को घर जाने के लिए कह दिया। सीख लो वापस लौटे इस मृत्यु उत्सव के नये आदाब। देखो बाजू में एक नहीं दो खुराक लगवाओ टीके की तो भी बार-बार हाथ धोते चलो, चेहरे को नकाब से ढंक लो, और एक दूसरे से छह फीट का अन्तर रख कर जीना सीख लो। ऐसा नहीं किया था न, तभी तो यह मौत के हरकारे वायरस का नया रूप धारण कर तुम्हारी गलियों और बाजारों में लौट आए। अब ऐसी गलती न हो बन्धु। समूहगान के दिन बीत गए, अब तो एकल गायन से ही इनका स्वागत होगा। जीने का नया अंदाज सीख लो। अपनी आत्मा तो इस मुखौटाधारी समाज ने पहले ही आवरण से ढक रखी थी, अब अपने चेहरे भी नकाब से ढक लो, क्योंकि यह मृत्यु उत्सव है। धूम मचाने का उत्सव नहीं, सहम कर एक-दूसरे से अलग रहने का उत्सव।


राजधानी में आंदोलन जीवी दनदनाते हैं। जो कल तक अपने कोने के फुटपाथ का किराया भी धाकड़ों को चुका नहीं पाते थे, आज अपने आंदोलनजीवी होने के कारण ही इन धाकड़ों को अपने पीछे लगा जिंदाबाद का जयघोष करवाते हैं और फुटपाथ की जगह अपने प्रासाद की बुर्जी से क्रांति घोष का स्वर निकाल हमें उपकृत करते हैं। आन्दोलन करके जो अब कुर्सी तक पहुंच गया, वह अब कुर्सीजीवी हो जाएगा। रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तरह दो-तीन कुर्सी सत्र अपने नाम अग्रिम पारित करवा लेना चाहेगा। अपना गुजरता वक्त अंतिम पहर तक पहुंचता देखेगा, तो अपनी वंशावली के लिए देश का भविष्य सुरक्षित करने का पैगाम दे देगा। अजी, शासन सत्र आरक्षित करने की क्या बात है, यहां तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बर्थ आरक्षित होने लगी है।

# वृद्ध दंपती की हत्या में शामिल चार अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या में शामिल चार अभियुक्तों गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।पुलिस उपाधीक्षक कैलाश करमाली ने प्रेस वार्ता कर जानकारी दिया एवं ग्रामीणों से अपील किया कि ओझा गुनी के चक्कर में न पड़ें इस तरह की खबर मिलते ही पुलिस को सूचना दें। एवं पंचायत जनप्रतिनिधियों को आगाह किया है कि इस तरह की मामले में सक्रिय रहें नहीं तो अगर घटना घटित हो जाती है तो इसका जवाबदेही उनकी भी बनती है। मौके पर एसडीपीओ संतोष मिश्रा, पुअनि श्रीनिवास कुमार सिंह थाना प्रभारी बरवाडीह, शशि रंजन कुमार अंचल निरीक्षक बरवाडीह, पुअनि शुभम कुमार थाना प्रभारी हेरहंज समेत अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। दिनांक 17जुलाई 2023 को सुबह करीब 09:30 बजे सूचना मिली कि बरवाडीह थाना अंतर्गत ग्राम अमडीहा में एक वृद्ध दंपति 1.कृत सिंह, उम्र 70 वर्ष, पिता स्व० अमरदयाल सिंह, एवं 2. तुलसीमणी देवी, उम्र 65 वर्ष, पति स्व० कृत सिंह, की निर्मम हत्या कर दी गयी है। इस संदर्भ में बरवाडीह थाना कांड संख्या-63/2023, दिनांक-17.07.2023, धारा-302 भा०द०वि० के अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड के अनुसंधान एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अधोहस्ताक्षरी के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बरवाडीह दिल्लू लोहरा के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल (SIT) का गठन किया गया। मानवीय आसूचना संकलन कर इस (SIT) टीम के द्वारा त्वरित गति से कांड का अनुसंधान किया गया। काण्ड के अनुसंधान के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि पिछले 10 वर्षों से मृतक कृत सिंह के गाँव के गोपाल सिंह के घर में जब भी किसी की तबियत खराब होती थी तब वे लोग झाड़-फूंक कराने के लिए ओझा सुरेश सिंह, उम्र 33 वर्ष, पिता स्व० शंकर दयाल सिंह, सा० बारीचट्टान, थाना छिपादोहर, जिला लातेहार के पास जाते थे।ओझा सुरेश सिंह के द्वारा इनलोगों को बताया जाता था कि तुम्हारे घर पर डायन-भूत का साया है। तुम्हारे घर के पश्चिम दिशा रोड के किनारे जो बूढ़ा-बूढ़ी रहता है, वही ये सब कर रहा है। इसी वर्ष जनवरी महिना में उसी गाँव के चंदन सिंह की पत्नी पार्वती देवी का गर्भ खराब हो गया था। जिसका ईलाज हो रहा था कि करीब 15 दिन पहले चंदन सिंह अपनी पत्नी को लेकर उक्त ओझा सुरेश सिंह के पास गया। ओझा सुरेश सिंह ने इन्हें बताया कि तुम्हारे गाँव में जबतक दोनों बूढ़ा-बूढ़ी जिंदा है तब तक तुम्हारे घर में यही सब होता रहेगा। दिनांक 16 जुलाई2023 दिन रविवार को चंदन सिंह और उनके पिता गोपाल सिंह द्वारा गाँव के उक्त दंपति (बूढ़ाबूढ़ी) की हत्या करने की योजना बनाया।चूँकि वृद्ध दंपति हड़िया (शराब) बनाकर अपने ही गाँव अमरवाडीह में रविवार के दिन लगने वाला बाजार में जाता था। अपराधियों ने यह सोचा कि जब ये दोनों वृद्ध दंपति हड़िया के नशा में रहेंगे उसी समय दोनों की हत्या कर दी जायेगी।

## मध्य विद्यालय में गुरु गोष्ठी का किया गया आयोजन कुल 30 बिंदुओं पर की गई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां अध्यक्षता बीपीओ दीपक मेहरा ने किया।एवं संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य सीधेश्वर पांडेय ने किया। बैठक में कुल 30 बिंदुओं पर चर्चा की गई। जहां वर्गवार को कोटिवार छात्र संख्या 20 जुलाई तक प्रपत्र संकलन करना, विद्यालय अध्ययनतरण छात्र छात्राओं का आधार प्राप्त संख्या वर्गवार प्रपत्र संगलन करना, विद्यालय वार अध्यानरत छात्र-छात्राओं का खाता प्राप्त संख्या वर्गवार संकलन करना, बच्चों का पोस्ट ऑफिस में खोले गए खाता संबंधित प्रतिवेदन 10 अप्रैल के बाद का प्रपत्र संकलन करना,जाति प्रमाण पत्र की प्रपत्र संकलन करना, प्रयास कार्यक्रम, स्कूल रुटीन, प्रशस्त एप पर बच्चों का स्क्रीनिंग, मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना सामान्य वर्ग, 2024 का प्रपत्र संकलन करना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक का विवरण, पेयजल की स्थिति एवं शौचालय की स्थिति, पंजियों का संधारण, मध्यान्ह भोजन मीनू, मध्यान भोजन की स्थिति चालू या बंद, एसएमसी बैठक की स्थिति प्रत्येक माह, सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति योजना, सामाजिक अंकेक्षण विद्यालय शिक्षक छात्रों स्थिति शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप इंस्पायर अवार्ड अन्याय बिन्दुओं पर चर्चा की गई। उपस्थित अकाउंटेंट जैन्दर कुमार सुमन शेखर प्रतिमा मैडम अशोक कुमार मनोज सिंह नवनीत सिन्हा राजकुमार राजू संम्भु पांडेय प्रेमचंद साव कृष्णा मुरारी पान्डेय शिक्षक अशोक कुमार दांगी शामिल थे।

## इटखोरी के परसौनी की घटना को लेकर जिला प्रशासन चतरा पूरी तरह सजग और मुस्तैद

**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटखोरी प्रखंड के परसौनी में हुए दो साम्प्रदायिक विवाद को देखते हुए अप्रिय घटना से निपटने के लिए, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन चतरा पूरी तरह तैयार है।इटखोरी सहित जिले के प्रमुख संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है।कुछ असामाजिक तत्व मामले को तूल देने का प्रयास कर सकते हैं। सभी आमजन से अपील है कि लोग किसी के बहकावे में न आए अपने विवेक का इस्तेमाल करें। साथ ही कोई भी सहायता या अप्रिय घटना की आशंका की सूचना जिला प्रशासन के कंट्रोल रूम के नम्बर 06541253219 पर देकर एक सजग और जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाएं।

## मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा बनायें गये मोहम्मद सुभानी



**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत बेतला नेशनल पार्क से सटे मुस्लिम बहुल क्षेत्र पोखरी कलां में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गुरुवार देर शाम पोखरी कलां बाजार स्थित मदरसा परिसर में एक बैठक आयोजित कि गई। जिसमें मोहर्रम त्योहार अगामी 29 जुलाई को दशमी मुहर्रम को सफल और शांति पूर्ण तरीके से सफल बनाने को लेकर ग्यारह सदस्यी टीम में मोहर्रम इंतेज़ामिया के कोर कमिटी के सदस्यों में सभी के सर्वसहमति से पोखरी कलां के मोहर्रम इंतेज़ामिया कमिटी के लोगों के द्वारा जेनरल खलीफा मोहम्मद सुभानी को बनायें गया और उन्हें फुल माला पगड़ी पोशी कर सम्मानित करने का काम किया गया। साथ ही पोखरी कलां में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शांति पूर्ण तरीके से सौहार्द पूर्ण वातावरण में ताजिया निकाली जाएगी और मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे के साथ कोई भी मतभेद नहीं होगा 11 सदस्य टीम में ऐनुल होदा, मोजिबुल रहमान, मनान अंसारी, हेसामुल अंसारी उर्फ गुड्डू, अताउल रहमान, समसुल अंसारी, आफताब अंसारी, मंसूर आलम, मोहम्मद सुभानी, शमशेर अंसारी, मोहम्मद अजीज अंसारी का नाम शामिल है। इस बैठक की अध्यक्षता कर्बला कमेटी के खजांची मोहम्मद शाबीर अंसारी के द्वारा किया गया वहीं इस बैठक में मुख्य रूप से अरसदुल क़ादरी, मोहम्मद साबिर अंसारी, सदर रहीमुद्दीन अंसारी, सेकेट्री कादिर अंसारी, अफताब आलम, उप मुखिया सुल्तान अहमद ,मोहम्मद जाकिर हुसैन, महबूब शाही, इसराफिल अंसारी, फहीम अंसारी, फिरोज अंसारी, सिकन्दर बादशाह आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया कार्यक्रम की तैयारी को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। बैठक में बताया गया कि इस कार्यक्रम में 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिला तथा अत्यधिक बीमार व्यक्तियों को छोड़ कर सभी दवा का सेवन करेंगे। चतरा जिले में एमडीए प्रोग्राम 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगा। इसमें पहला दिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद 11 से 25 अगस्त तक डीए टीम घर घर जाकर लोगो को दवा का सेवन कराएगी। इस बार ट्रिपल डोज थेरेपी हैं, जिसमे तीन तरह की दवा उम्र और ऊंचाई के हिसाब से खिलाई जाएंगी। बैठक में उपस्थित बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के विशाल डोगरा ने जानकारी दिया कि फाइलेरिया कार्यक्रम को कैसे सफल बनाया जाय इसे लेकर दूसरे राज्य में चल रहे कार्यो के बारे में भी जानकारी दी गई। इसे लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने आश्वस्त किया कि जिले के अधिकारियों के साथ साथ प्रखंड स्तर के भी अधिकारी कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। उन्होंने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा कि उक्त कार्यक्रम के दौरान फाइलेरिया विलोपन की दवा का सेवन करके सम्पूर्ण चतरा जिले को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाया जाए। उक्त बैठक में बीएमजिफ के विशाल डोगरा तथा पीसीआई एसपीएम मिथलेश कुमार सिंह, वीबीडीसी अभिमन्यु कुमार तथा पीसीआई डीएमसी अभिषेक कात्यायन उपस्थित थे।

प्रधान मंत्री का भेजा पत्र सोनम को मिला: सांसद प्रतिनिधि ने किया सम्मानित

## प्रधान मंत्री का पत्र मिलना, यह अत्यंत गर्व का विषय : सांसद प्रतिनिधि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के गाड़ीलौंग निवासी अशोक ठाकुर की पुत्री सोनम कुमारी को परीक्षा पे चर्चा में हिस्सा लेने और इस विषय पर अपने विचार साझा करने के लिए देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा पत्र भेजा गया। चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देशानुसार टंडवा प्रखंड सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने सोनम कुमारी को शॉल, बुके, डायरी, पेन और मोदी जी का शुभकामना पत्र देकर सम्मानित किया। इस सम्मान के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि प्रधान मंत्री का पत्र मिलना अत्यंत गर्व का विषय है। प्रधान मंत्री का पत्र अत्यंत उत्साह वर्धक है जिसमें यह वर्णित है कि आज संभावनाओं और अवसरों के असीमित द्वार खुले हैं। प्रद्योगिकी, चिकित्सा, नवाचार, खेल कूद, स्टार्ट अप समेत जिस भी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, उनके लिए सुविधाओं और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। वर्तमान भारत की युवा शक्ति अपने संकल्पों के साथ देश के संकल्पों को जोड़कर राष्ट्र की प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सोनम कुमारी ने कहा कि यह प्रधान मंत्री जी का पत्र पाकर मैं बहुत खुश हूं, यह पत्र मुझे काफी ऊर्जा प्रदान किया है, निश्चित रूप से राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्पित हूं। इस सम्मान के अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री सुनील चौरसिया, मंडल कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, सोनम की माता, पिता अशोक कुमार ठाकुर, केदार कुमार व अन्य उपस्थित थे। सोनम कुमारी और उसके माता पिता सभी परिवार वालों ने प्रधान मंत्री, सांसद, विधायक और सम्मानित करने वाले प्रतिनिधि मंडल के प्रति आभार प्रकट किया।

## 57 कांवरियों का जत्था देवघर रवाना



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के मोंगर पंचायत से कांवरियों का एक जत्था शुक्रवार को बाबा बैद्यनाथ के लिए रवाना हुआ। इस जत्था में 57 लोग शामिल है। कांवरियों का जत्था रवाना होने से पूर्व पूरा मोंगर बम बम भोले के नारों से गूंज उठा। इस जत्था को पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू कुमार रजक, समाजसेवी अमरनाथ मिश्रा, विनोद प्रसाद, पप्पू कुमार सिंह, नितेश यादव, रिजूल सिंह ने संयुक्त रूप से बजरंग बली का झंडा दिखाकर और बिस्कुट ग्लुकोज पानी देकर रवाना किया।

## सीसीएल के नये सीएमडी से मिले सिमरिया विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजली की समस्याओं को लेकर सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी विरा रेड्डी से सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने की औपचारिक भेंट। इस दौरान विधायक श्री दास ने अपने विधानसभा क्षेत्र में संचालित सीसीएल के आम्रपाली-चन्द्रगुप्त, मगध-संघमित्रा एवं पिपरवार कोल ब्लॉक से संबंधित समस्याओं को विस्तार पूर्वक रखते हुए उस पर सार्थक पहल करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षो बाद भी आम्रपाली एवं मगध कोल परियोजना में शिक्षा स्वास्थ्य ,रोजी रोजगार ,समेत जमीनी समस्याओं को लेकर रैयतों का आंदोलन लगातार जारी रहा है। वहीं विधायक श्री दास अपने क्षेत्र की समस्याओ के समाधान को लेकर हर पल संबंधित पदाधिकारियों के साथ जुड़े दिखाई देते है।

## कौशल जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी के तत्वाधान में दिन शुक्रवार को कौशल जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पंचायत सचिवालय मायापुर, गारू के प्रांगण में किया गया। कार्यशाला का उद्घघाटन मुख्य अतिथि श्रम अधीक्षक सह कौशल पदाधिकारी लातेहार, सुभाष कुमार सिंह, मुखिया , पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ! जिला कौशल पदाधिकारी सह श्रम अधीक्षक लातेहार के द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक युवा इस कौशल प्रशिक्षण का लाभ लें। मुखिया, मायापुर के द्वारा संबोधन दिया गया कि कि सभी युवक युक्तियां कौशल प्रशिक्षण करें तथा अपने हुनर को आगे ले जाएं।कार्यक्रम का संचालन विभाग के रंजीत कुमार ने किया। कार्यक्रम में अभिषेक कुमार प्रोजेक्ट असिस्टेंट, विजय सिंह, दीपक कुमार, श्रमिक मित्र एवम अन्य लोग उपस्थित थे।

## जोन पुलिस पदाधिकारी ने मुहर्रम पर्व को लेकर अंजुमन इस्लामिया के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए जोन पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में अंजुमन इस्लामिया एवं मोहर्रम कमिटी सहित गणमान्य लोगों के साथ मेला टांड स्थित निर्मित शेड में बैठक आयोजित किया गया। सेन्हा प्रखंड के मोहर्रम मेला टांड स्थित निर्मित शेड में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार आगामी मोहर्रम पर्व के दौरान किन किन बिंदुओं पर समाज को पहल करना है और पर्व में सहयोग कैसे लें सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही मेला आयोजन को लेकर चयनीति कमिटी को जॉन पुलिस पदाधिकारी पु०आ०नि० गणेश कुमार यादव द्वारा विशेष नजर रखने की बात कही गई। साथ ही बताया गया कि समाज को जोड़ने के लिए प्रखंड क्षेत्र में युवा सद्भवना मंच के माध्यम से युवाओं को संगठित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावे सीसीटीवी और वीडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से मेल का निगरानी रखने की बात कहा गया। और किसी तरह के अफवाह फैलाने वालो के विरुद्ध नियम संगत कानूनी कारवाई किया जायेगा। बैठक के दौरान अंजुमन इस्लामिया एवं गणमान्य लोगो से विधि व्यव्स्था का जायजा लेते हुए मोहर्रम पर्व शांति पूर्ण महौल में सौहार्द के साथ प्रेम व भाईचारगी से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, अंजुम इस्लामिया सदर इम्तियाज अन्सारी, मेला लाइसेंस धारी अख्तर अन्सारी, मेला कमिटी सदर जावेद अन्सारी, सेक्रेटरी क्यमुदद्दीन अन्सारी, खजांची मनान अन्सारी, सदस्य गफार अन्सारी, एनामुल अन्सारी, इरशाद अन्सारी सहित अन्य गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## श्रमदान से बन रहे सड़क में मुखिया ने किया आर्थिक सहयोग, निजी खर्च से घंटो चलाया जेसीबी



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिमजनजाति बहुल गाँव धरतिमांडर में लगभग एक किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य श्रम दान से किया गया है। यह निर्माण कार्य पिछले चार दिनों से किया जा रहा था।इसी को देखते हुवे कुन्दा मुखिया मनोज कुमार साहू ने ग्रामीणों को सहयोग के रूप में अपने निजी खर्च से 16 घंटे जेसीबी से कार्य कराकर सड़क निर्माण कार्य मे सहयोग किया। मुखिया ने कहा कि यह सड़क बनने से इस गांव के लोग आजादी के बाद से पहली बार गांव तक वाहन पहुँचेगी। जबकि इस गांव में लगभग दो सौ बैगा बिरहोर जाती के लोग निवास करते है। वही इस सड़क को बनने से मोहनपुर, कुसुम्भा धरतिमांडर ईत्यादी गांव के लोगो को लाभ पहुंचेगी। सड़क निर्माण कार्य होने से यहाँ के ग्रामीणों में काफी खुशी देखने को मिला वही मुखिया व ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस सड़क को पीसीसी निर्माण कराने की मांग किया हैं।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया यौन शोषण यूवती ने कराई मामला दर्ज

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत एक युवती ने यौन शोषण को लेकर थाना में मामला दर्ज कराई है। बताते चलें कि युवक शादी का झांसा देकर दोस्ती किया। और उसके बाद लड़की के साथ यौन शोषण किया। जब लड़की ने शादी करने के बाद युवक से कहीं तो युवक इंकार कर दिया। जिसको लेकर के गिद्धौर थाना कांड संख्या 52/23 में मामला दर्ज कराई है।बताया गया है कि युवक सुनील कुमार यादव पिता उमेश यादव ग्राम सकरोला थाना चौपारण का है। मामला दर्ज होने के बाद थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव ने मामले की तहकीकात कर रहे हैं। एवं आश्वासन दिए हैं कि जल्द ही युवक की गिरफ्तारी की जाएगी।

## दौना हत्याकांड मामले में नक्सली कमांडर छोटू खरवार समेत 12 नक्सलियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत दौना गांव में बुधवार की रात नक्सलियों के द्वारा ग्रामीण की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने 12 नक्सलियों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। इन नक्सलियों में माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार, जोनल कमांडर मनीष, सब जोनल कमांडर उज्जवल सब जोनल कमांडर प्रदीप आदि के नाम शामिल है। इनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा सघन छापामारी अभियान चलाई जा रही है।इधर घटना के बाद शुक्रवार को आईजी राजकुमार लकड़ा और एसपी अंजनी अंजन दवना गांव पहुंचे और ग्रामीणों से मिले। हालांकि पुलिस अधिकारियों के गांव में पहुंचने के बाद पहले तो ग्रामीणों के द्वारा नाराजगी जताई गई। परंतु बाद में पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर कदम पर उनके साथ है। पुलिस के अधिकारियों ने ग्रामीणों को कहा कि नक्सलियों का मात्र एक ही उद्देश्य है कि गांव का विकास ना हो और ग्रामीण हमेशा विकास से वंचित रहे। एसपी अंजनी अंजन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस हर सुख दुख में ग्रामीणों के साथ है। मौके पर ग्रामीणों ने गांव की समस्याओं से भी पुलिस अधिकारियों को रूबरू कराया। जिस पर अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, महुआडांड़ थाना प्रभारी रतन टुड्डू, बारेसाढ़ थाना प्रभारी रंजीत यादव सहित जिला बल के जवान उपस्थित थे।

## क्षेत्रीय कैरम, टेबल सॉकर व लगोरी प्रतियोगिता का चतरा को मिला ओवरऑल ट्रॉफी का खिताब



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर धरमपुर लातेहार में विद्या भारती उत्तर पूर्व क्षेत्र द्वारा दो दिवसीय क्षेत्रीय कैरम, टेबल सॉकर एवं लगोरी प्रतियोगिता के दूसरे दिन की शुरुआंत मुख्य अतिथि नकुल कुमार शर्मा विद्या विकास समिति उत्तर पूर्वी क्षेत्र के क्षेत्रीय सचिव, अजय कुमार तिवारी विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव, सुरेश मंडल क्षेत्रीय खेल कूद प्रमुख, नीरज कुमार लाल पलामू विभाग निरीक्षक, अनिल कुमार ठाकुर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष, सुधांशु दुबे पूर्व छात्र एवं खेल कूद प्रतियोगिता के संयोजक द्वारा संयुक्त रूप से, सरस्वती माता एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर किया गया ।इस अवसर पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी ने समापन सत्र में बताया कि आज परिणाम का दिन है जो भैया/ बहन अधिक एकाग्रता से खेले होंगे वे ज्यादा सफलता के नजदीक पहुंचे होंगे। उन्होंने बताया कि खेल के विभिन्न विधाओं में जो प्रथम किए होंगे उन्हें चुनौती है कि आगे भी प्रथम स्थान बनाए रखें तथा जो विजयी है वे सदा अपने को विजयी बनाए रखें। खेल में व पढ़ाई में सफल होने का प्रथम मंत्र है एकाग्रता। जो रनर बने रहे उन्हे संकल्प लेकर यहां से जाना है कि वह अगली बार विजेता हम ही होंगे। असफलता बताती है कि काम में कहीं ना कहीं कमी रह गई होगी। 25 वर्षो तक भैया /बहनों को स्वाध्याय करना है, नेट, मोबाइल से दूरी बनानी है। क्षेत्रीय सह खेलकूद प्रमुख सुरेश मंडल ने भैया/ बहनों को बताया कि लगोरी में प्रथम आए भैया /बहन अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए चयनित हुए हैं जो मध्य प्रदेश सतना में 1 से 3 दिसंबर 2023 को खेला जाना है उसी प्रकार कैरम बोर्ड में बाल, किशोर, तरुण वर्ग में प्रथम आए भैया/ बहन उत्तर क्षेत्र शिमला में आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में 5 से 8 अक्टूबर 2023 में शामिल होंगे। आगे उन्होंने बताया टेबल सॉकर में प्रथम आए भैया/ बहन भी अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेंगे। परिणाम - कैरम में बाघमारा प्रथम ,चतरा द्वितीय ,टेबल सॉकर चतरा प्रथम, लातेहार द्वितीय में लगोरी में प्रथम रहा चतरा। पूरे खेल में ओवरऑल ट्रॉफी का खिताब सरस्वती विद्या मंदिर, चतरा को मिला।

## धर्म का मूल मन्त्र कभी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए : स्वामी मधु सुदन चार्य



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिबला पंचायत अंतर्गत भाटचतरा स्कूल टांड स्थित दुर्गा मंडप मे चतुर्मास व्रत प्रवास संध्या कालीन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन दिन भारी संख्या मे श्रदालू भाग लेते हैं। यह कार्यक्रम लगातार चार माह तक किया जायेगा। चतुर्वास व्रत प्रवास संध्याकालीन भागवत कथा प्रवचन के लिए बिहार के बक्सर त्रिदंकी सेवा आश्रम से आये स्वामी मधु सुदन चार्य ने कहा की धर्म को हमें कभी भी परित्याग नहीं करना चाहिए. धर्म हमरा ओ आयाम, ओ श्रदा और विश्वास है जो दिल दिल दिमाग़ मस्तिष्क भटके हुए मन को काम धर्म से ही होता है. इसी कड़ी मे स्वामी जी द्रोपती प्रसंग मे निवेदन अस्थामा के द्वारा पांडव के पांचो पुत्र को मार देने के बाद भी आस्थामा के उपर दया भाव दिखाते हुए द्रोपती ने मारने से मना कर दी थी. दया धर्म के मूल सूत्र इसलिए है क्योंकि धर्म को कभी भी त्याग नहीं करना चाहिए. वहीं उन्होंने बताया कि सौभाग्य की बात यह है कि झारखण्ड मे मात्र दो स्थानों पर चातुर्मास कार्यक्रम किया जा रहा है. कार्यक्रम 27 नवम्बर तक लगातार संध्या 7:30 से 9:30 तक श्रीमद भागवत कथा चलेगा। साथ ही लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह विविध अनुष्ठान के बाद धर्म सम्मलेन के साथ सम्पन्न होगा. कार्यक्रम मे मूल रूप से भाटचतरा, मकरा, कुशमाहा, बेसरा, सिबला व बिश्रामपुर, झीरमतकोमा के ग्रामीण मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

प्रभात मंत्र

रामगढ़/हजारीबाग

रांची, शनिवार, 22 जुलाई 2023 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### न्यू एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, विष्णुगढ़ का निबंधन रद्द

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान-तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) (पीसी एंड पीएनडीटी) अधिनियम, 1994 में निहित प्रावधानों का सख्ती से पालन के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में ज़िला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में अधिनियम के प्रावधानों के तहत् कन्या भ्रूण हत्या और ज़िले में गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिये उठाए गए कदमों एवं उपायों पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने कहा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित शहरी क्षेत्र में एसडीओ, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक आपस में समन्वय कर अपने अपने क्षेत्रों में संचालित अल्ट्रासाउंड केन्द्रों, क्लिनिक आदि की नियमित जांच करें। इन केंद्रों की वैधता,लाइसेंस आदि की भी पड़ताल करें। साथ ही अवैध रूप से संचालित एवं गैर कानूनी तरीके गर्भपात कराने में संलिप्त क्लिनिक पर सख्त कारवाई करने के लिए टीम को निर्देशित किया। इस संदर्भ में प्रचार प्रसार हेतु बैनर पोस्टर आदि लगाने एवं जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में न्यू एडवांस डायग्नोस्टिक सेंटर, विष्णुगढ़ का निबंधन रद्द करने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त निर्देश देते हुए कहा कि अवैध रूप से संचालित क्लीनिक,अस्पताल एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्यवाही करें ।

### रामगढ़ महिला महाविद्यालय को दो नए विषयों की सौगात : प्रो. सरिता सिंह

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महिला महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो. सरिता सिंह ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि महाविद्यालय को इस नए सत्र 2023-27 से दो अतिरिक्त विषयों भूगोल और समाजशास्त्र को सौगात मिली है। रामगढ़ शहर के लिए अच्छी खबर है क्योंकि रामगढ़ महाविद्यालय में भी इन विषयों की की पढ़ाई नहीं होती है। ज्ञात हो कि रामगढ़ जिले का एकमात्र अंगीभूत डिग्री महिला महाविद्यालय वर्ष 2016 से रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में संचालित है। पहले रामगढ़ महिला महाविद्यालय में कला एवम वाणिज्य के कई विषयों जैसे हिंदी,अंग्रेजी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, वाणिज्य की पढ़ाई होती है। प्राचार्या ने कहा कि सत्र 2023-27 के लिए चार वर्षीय स्नातक में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा जो आवेदन पोर्टल खुला है उसमें विकल्प के रुप में भूगोल और समाजशास्त्र भी मिलेगा। इच्छुक छात्राओं को सूचित किया जाता है कि इन विषयों पर आवेदन करना चाहते हैं तो आवेदन किया जा सकता है। भूगोल और समाजशास्त्र विषयों को स्वीकृती मिलने पर डॉ राजेश कुमार उपाध्याय, प्रो. बीरबल महतो, प्रो साजिद हुसैन, प्रो. शाहनवाज खान, अर्चना कुमारी, विजय कुमार, सरजू महतो, वीरेंद्र उरांव ने हर्ष व्यक्त किया।

### चितरपुर महाविद्यालय परिसर में रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया

**रजरप्पा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में मुस्कुराहटें संस्था के द्वारा रक्तदान जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित की गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा उपस्थित थीं,कार्यक्रम का शुभारंभ करके उन्होंने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें रक्तदान करना चाहिए इससे हमारे शरीर में नए रक्त का निर्माण होता है तथा किसी जरूरतमंद को रक्त देकर आकस्मिक स्थिति में उसकी जान बचायी जा सकती है। मुस्कुराहटें संस्था के अध्यक्ष विवेकानंद वर्मा ने रक्तदान जागरूकता अभियान से जुड़ी अहम बातें छात्र-छात्राओं को बताया गया उन्होंने कहा कि आज के दौर में इंसान के जीवन को बचाने के लिए समय-समय पर रक्तदान करना बहुत जरूरी है मानव समाज के लिए रक्तदान महा कल्याण कार्य होता है उन्होंने कहा कि रक्तदान समाज कल्याण हित में बेहद असरदार होता है, रक्तदान करने से मानव कोशिकाओं के निर्माण में सहायता मिलती है और शरीर में कई प्रकार की होनेवाली बीमारियों से बचा जा सकता है। कार्य का नेतृत्व महाविद्यालय के प्रो. उत्तम कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो. मनोज झा, प्रो. निरंजन महतो, प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. अंजू कुमारी, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. मीना मुंडा, इब्राहिम, मुस्कुराहटें संस्था के नवीन कुमार, शेखर कुमार दांगी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।

### बरही में मनाया गया परिवार कल्याण दिवस

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान उपाधीक्षक सह चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश ज्ञानी व चिकित्सा पदाधिकारी अनुभा कुमारी द्वारा परिवार का नियंत्रण एवं इसके विधियों से संबंधित सभी लाभार्थी को विस्तृत रूप से जानकारी दिया। मौके पर लाभार्थियों को परिवार नियोजन, नव दंपती और अन्य प्रजनन वर्ग के योग्य दंपतियों के लिए परिवार नियोजन, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन के स्थाई, अस्थाई नियोजन विधियों, प्रसव के तुरंत बाद और 24 घंटे बाद टीका लगवाना एक सुरक्षित और असरदार उपाय, अनचाहा गर्भ से बचाव के विभिन्न विधियों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीटीम नारायण राम, बीटीटी मंजू देवी, सहिया साथी शाहजहां बेगम सहित कई स्वास्थ्य कर्मी योगदान दिए।

# रात्रि में मरीजों को नहीं मिलती है जांच की सुविधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर अस्पताल जब उत्क्रमित होकर हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल बना तो लोगों की एक आस जगी की स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों को यहां बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। लेकिन कई व्यवस्थाएं सदर अस्पताल के वक्त जो संचालित थी वो भी कम हो गई और जरूरतमंद मरीजों को अब बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हजारीबाग सदर अस्पताल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उत्क्रमित होने के बाद पूर्व में संचालित 24 घंटे सातों दिन की क्लीनिकल पैथोलॉजी सेवा बुरी तरह प्रभावित हुई और अब यह महज सुबह 8ः00 बजे से लेकर रात्रि 8ः00 बजे तक सीमित हो गया। सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी द्वारा साल 2018 में बतौर विधायक प्रतिनिधि अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में सदर अस्पताल में एक्स-रे और जांच घर की सुविधा 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध कराने की मांग पर तत्कालीन उपायुक्त रविशंकर शुक्ला के निर्देश पर यह सुविधा बहाल की गई तो जरूरतमंद मरीजों को ना सिर्फ इसका लाभ मिला बल्कि मरीजों के परिजनों को भी लगने लगा की स्वास्थ्य व्यवस्था में बदलाव हो रहा है। लेकिन जैसे ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपग्रेड हुआ यह व्यवस्था बदल गई और अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रात्रि 8ः00 बजे से लेकर सुबह 8ः00 बजे तक आने वाले मरीजों को क्लीनिकल पैथोलॉजी की सेवा के लिए बाहरी जांचघरों का सहारा लेना पड़ रहा है। रात्रि में आने वाले प्रसूति मरीज और आपातकालीन मरीजों को किसी भी प्रकार के क्लीनिकल और पैथोलॉजिकल जांच के लिए या तो सुबह का इंतजार करना पड़ता है या फिर बाहरी जांच घरों के शरण में जाना पड़ता है। ऐसे में अस्पताल कर्मियों को भी जांच घरों के नाम पर दलाली करने का अवसर मिल रहा है और जांच घर वाले भी जरूरतमंद मरीजों से मनमानी दर वसूलते हैं। हजारीबाग में रात्रि में निजी जांच घर भी अत्यधिक बंद रहते है जिससे मरीज और उनके परिजनों को कई प्रकार की समस्याओं को झेलना पड़ता है । इस ज्वलंत और गंभीर समस्या को लेकर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने शुक्रवार को एचएमसीएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. विनोद कुमार और डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ.ए.के.सिंह से सुप्रीटेंडेंट कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर तत्काल एचएमसीएच के क्लिनिकल पैथोलॉजी को 24 घंटे सातों दिन के लिए सुचारू करते हुए जरूरतमंद मरीजों के हित में सेवारत करने और रात्रि में भी सभी प्रकार के क्लीनिकल पैथोलॉजिकल जांच सुनिश्चित कराने के साथ ही ऐसे जांच जो फिलहाल यहां नहीं हो रहें है उसे भी शुरू कराने की मांग की ताकि जरूरतमंद मरीज को अस्पताल में ही विभिन्न प्रकार के क्लीनिकल पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा उपलब्ध हो सके और उन्हें राहत मिल सके। विधायक प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस संबंध में हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय को भी ट्वीट कर इसकी जानकारी देते हुए उनसे मरीजों के हित में अस्पताल के क्लीनिकल पैथोलॉजी को 24 घंटे सातों दिन के लिए खुलवाने की मांग की है ।

## मॉडल स्कूल बुंडू में विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही के बुंडू में संचालित मॉडल विद्यालय, बरही (सीएमएस स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में बीईईओ के आदेशानुसार शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन विद्यालय के सभागार में बैठक कर किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष सह स्थानीय मलकोको पंचायत के मुखिया विजय कुमार यादव ने किया। बैठक में अध्यक्ष के रूप में रंजू देवी, उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, सदस्यों में कौशल्या देवी, संजू देवी, सबीना प्रवीण, रेशमी देवी, किरण देवी, रंजू देवी, संयोजिका एवं उप संयोजक में कौशल्या देवी, संजू देवी, विद्यालय प्रबंधन समिति के पदेन सदस्यों में प्रधानाध्यापिका टुनटुन देवी, शिक्षक संजय कुमार यादव, करण राम, राजेंद्र प्रसाद मेहता, स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव चुने गए। मौके पर मुखिया विजय कुमार यादव ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करनी है।

## उपायुक्त के साप्ताहिक जनता दरबार का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त नैन्सी सहाय के द्वारा समाहरणालय में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं समाजिक समस्याओ को लेकर आए दो दर्जनों से अधिक लोगों ने आवेदन के माध्यम से अपनी-अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने क्रमवार लोगो की समस्याओं से अवगत हो उक्त



समस्याओं के निष्पादन हेतु सभी आवेदन सम्बन्धित विभागीय पदाधिकारी को हसतांत्रित करते हुए, फरियादियों को आश्वस्त किया कि, संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांचोप्रान्त समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में, अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## बरही में केमिकल लोड टेंकलोरी पलटा, केमिकल की बही धार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** करियातपूर चौक के समीप केमिकल से भरी टेंकलोरी नंबर यूपी 17 एटी 7493 अनियंत्रित होकर पलटी गई। टेंकलोरी के पलट जाने से टैंक में लिकिज हो गई, जिसके कारण केमिकल जीटी रोड से होकर दुलमाहा जाने वाली सड़क की और बहने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त टेंकलोरी वाहन धनबाद की ओर से आ रही थी, जो अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर को चढ़ाते हुए पलटी कर गया। हालांकि किसी को हताहत होने की सूचना नहीं है। सड़क पर पलटी टेकलोरी से



निकलते केमिकल से सड़क पर फिसलन की स्थित बन गई। दो चार बाइक सवार फिसलन की वजह से गिरे भी। मौजूद लोग ये नहीं समझ पा रहे थे कि टेंकलोरी वाहन से फट कर निकलने वाली केमिकल कच्चा रिफाइंड तेल है या डीजल। लोग उपयोग रिफाइंड समझ कर दौड़ पड़े। इसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर बरही पुलिस पहुंची और उक्त टेंकलोरी को अपने कब्जे में लिया।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव का स्टेडियम खेल प्रतियोगिता के लिए तैयार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्णपुरा :** महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य कीर्तिनाथ महतो ने बताया कि कर्णपुरा महाविद्यालय अंतर्गत 4 एकड़ में बना स्टेडियम अब सभी प्रकार के खेल के लिए तैयार है। अब यहां प्रखंड एवं जिला स्तरीय सभी प्रकार का खेल का आयोजन किया जा सकता है। 2023 का विनोबा भावे विश्वविद्यालय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने का जिम्मेवारी कर्णपुरा महाविद्यालय को दिया गया है। प्रशिक्षक श्रीकांत निराला जी द्वारा कर्णपुरा महाविद्यालय में सभी प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज स्टेडियम में खेल का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो, शिक्षक प्रतिनिधि निरंजन प्रसाद नीरज,



पूर्व प्रभारी प्राचार्य ज्योति जलधर, सुरेश महतो, नरेश कु .दाँगी, मो. फजरूद्दीन, अनु कुमारी, ऋतुराज दास, पवन कुमार, डॉ. चंद्रशेखर राणा, राम किशोर प्रसाद दांगी, सनवीर कुमार, नेमधारी राम, कृष्णा पटेल सहित विभिन्न खेलों के खिलाड़ी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पर्यटन कला- संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड रांची के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन सिद्धो-कान्हु स्टेडियम रामगढ़ में अंडर 14 बालक वर्ग एवं अंडर 17 बालक एवं बालिका प्रतिभागियों के बीच आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो एवं उपस्थित पदाधिकारियों ने लोगो को खेल के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से रंग बिरंगे गुबारो को खुले आकाश में छोड़ने के पश्चात फुटबॉल को किक मारकर



प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ।मौके पर उप विकास आयुक्त श्री टोप्पो ने कहा की पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाती है। खेल से हमारा मानसिक एवं शारीरिक वृद्धि होता है अतः खेल को हमे अपने जीवन मे आवश्य ही शामिल करना चाहिए। वहीं उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में कुल 4 प्रखंड से अंडर 14 बालक वर्ग एवं अंडर 17 बालक एवं बालिका के 12 टीमों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सफल चयनित प्रतिभागी प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 में हिस्सा लेंगे।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला योजना पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़, एवं खेल प्रेमीयों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बरही स्थित उत्सव वाटिका में अनुमंडल पत्रकार परिषद की बैठक संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही अनुमंडल पत्रकार परिषद की एक आपातकालीन बैठक शुक्रवार को बरही स्थित उत्सव वाटिका में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष संजय यादव व संचालन उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा ने की। बैठक यह निर्णय लिया गया कि परिषद की एकता व मजबूती को बनाए रखना है। बाहरी संगठन के लोग परिषद के सदस्यों को गुमराह कर परिषद तोड़ने व कमज़ोर करने की साज़िश कर रहे है, जिसे आपसी एकजुटता से नाकाम करना है। सभी सदस्यों ने परिषद के प्रति अपनी निष्ठा को बरकरार रखने व पत्रकार हित मे संघर्ष करने का संकल्प लिया। यह भी तय हुआ कि जो भी सदस्यों या पदाधिकारी अनुशासन का अनुपालन नही करेंगे परिषद उनके प्रति सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संजीव बेदिया झामुमो जिला चुनाव समिति के मुख्य संयोजक बनाए गए

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग जिला में आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी कर झामुमो की जिला, प्रखंड व पंचायत कमेटी को भंग करते हुए नए कमेटी गठन कराने को लेकर जिला संयोजक मंडली का गठन किया गया है। जिला संयोजक मंडली में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया को मुख्य संयोजक बनाया गया है। वही संयोजक मंडली में कमलनयन सिंह, टेको चंद महतो, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, रामकिशोर मुर्मू, इजहार अंसारी को संयोजक बनाया गया है। पत्र जारी तिथि से एक माह के अंदर प्रखंड पंचायत समितियां गठित कर लेने का सख्त निर्देश दिया गया है। संजीव बेदिया को मुख्य संयोजक बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। जिसमें मुख्य रुप से संजय सिंह, हेमंत भुइयां, किशोर राणा, झम्मन महतो, संजय राम, नंदकिशोर भुइयां, दीपन साव, राजेंद्र मुंडा, सफीउल्लाह अंसारी, इलियास अंसारी, अशोक गुप्ता, इंद्रदेव राम, के अलावा अन्य शामिल हैं।

## पूर्व विधायक मनोज यादव ने लगाया जनता दरबार, सुनी लोगों की समस्याएं

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त बिहार में रहे तत्कालीन मंत्री सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव अपने आवास पर शुक्रवार को ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने को जनता दरबार लगाया। वहीं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं व जनसमस्याओं को सुनकर संबंधित पदाधिकारियों से वार्ता कर मामले को निष्पादित करने का निर्देश दिया। बताते चलें कि पूर्व विधायक मनोज यादव अपने व्यस्ततम समय के बावजूद जनता के बीच समय निकालकर जनता की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करने को लेकर प्रयासरत रहते है। इस बाबत उन्होंने बताया कि जनता के बीच रहकर उनकी सेवा करने के उद्देश्य से यह जनता दरबार लगातार लगाया जाता रहा है। उनका मानना है कि जनता की सेवा करने के लिए कोई पद न भी हो तो जनता की सेवा निःस्वार्थ भाव से किया जा सकता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, केदारुत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, अशोक यादव, युगल यादव, सेवानिवृत्त रेंजर दिलीप एक्का, पंसस प्रतिनिधि विनोद यादव, रामदेव यादव, रुपेश राम, अमरेंद्र यादव, राजेश यादव, गुलेन्द्र यादव, कैलाश केशरी, पवन केशरी, चन्दन केशरी, बिरजू ठाकुर, संतोष प्रजापति सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पशुधन योजना का लाभ लेकर आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं ग्रामीण : सुधीर मंगलेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड चटाक में शुक्रवार को लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चार युनिट बायलर चुजा का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रुप से दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व जिला परिषद प्रिति देवी होन्हे मुखिया राजीव मेहता पंसस सुधीर कुमार वितरण किया गया। 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार बेरोजगार युवाओं एवं विधवा महिलाओं को अनुदान पर पालने के लिए पशुधन दे रही है, ताकि उन्हें स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बायलर पालन कर आमदनी का एक अच्छा स्रोत है, इससे किसान समृद्ध बन सकते हैं। मुर्गी पालन योजना आय का प्रमुख स्रोत है। इसी को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना शुरू किया है। ग्रामीण योजना का लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें और अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें। इस अवसर पर दुलमी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ संगीत कुमारी कुमारी रविकांत महतो बाहदुर महतो छोटन कुमार हेमलाल महतो आदि।

## प्रखंड आजसू पार्टी ने बीडीओ को सौंपा 9 सूत्री मांग पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** आजसू पार्टी प्रखंड कमेटी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे को आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा के नेतृत्व में 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से आजसू पार्टी ने कहां की प्रखंड में दाखिल खारिज का कार्य कैंप लगाकर निशुल्क किया जाए। आय,जाति आवासीय प्रमाण पत्र को 1 सप्ताह के अंदर निर्गत किए जाए और कोई भी व्यक्ति से किसी प्रकार का अव्य मांग ना किया जाए, भूमि प्रतिवेदन एवं एलपीसी कार्य में विलंब ना हो और कर्मचारी के द्वारा अवैध मांग ना किए जाए। गैरमजरूआ भूमि जिसका राशिद 2013 तक निर्गत है उसे सरकारी रसीद दिए जाएं। ग्राम पंचायत बादम में प्रधानमंत्री आवास एवं अंबेडकर आवास का निर्माण कार्य शुरू किया



जाए। सीकरी ग्राम पंचायत में आवास हेतु प्रतीक्षा सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जाए। जिन रैयतो का जमीन का ऑनलाइन नहीं हो पाया है उनका जमीन का निशुल्क ऑनलाइन किए जाएं । विधवा एवं वृद्धा पेंशन बनाने में विलंब ना करते हुए किसी प्रकार का आनाकानी ना किया जाए। मनरेगा योजना में जो लूट मची है उस पर अविलंब अंकुश लगाया जाए। आगे उन्होंने आवेदन में कहा है कि इन सभी बिंदुओं पर जल्द से जल्द सुधार नहीं हुआ तो आजसू पार्टी प्रखंड कमिटी आंदोलन, धरना प्रदर्शन एवं तालाबंदी के लिए बाध्य होगा। मौके पर उपस्थित आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा कि यह सभी बिंदु जो बडकागांव के लिए अति आवश्यक है इसे जल्द से जल्द किया जाए इसके लिए आजसू पार्टी गंभीर है। वही आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो ने कहा कि इन सभी बिंदुओं पर काम नहीं होने की वजह से बड़कागांव प्रखंड के ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## महिला व बाल व्यापार की रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न गांव में जन विकास केंद्र हजारीबाग के तत्वधान में मानव तस्करी रोकथाम कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बेंदगी, रसोइया धमना, हरला, करसो, केदारूत, केवाल, जरहिया आदि गांव में किया गया। मौके पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मानव तस्करी, बाल मजदूरी, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर अंकुश लगाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जन विकास केंद्र के कार्यकर्ता सोहन हंसदा ने लोगों को बताया कि सभी गांव में निगरानी समिति का गठन करना है, ताकि शहर से आने वाले बिचौलियों से बचा जा सके। ऐसे बिजोलिया गरीब एवं पिछड़े इलाकों में ज्यादा घूमते हैं, इनसे सतर्क रहना है। अपने नाबालिग बच्चों को बाहर काम करने के लिए ना भेजें। नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में कलाकार मो. अमजद अली, दीपक कुमार पांडे, संजय कुमार, पूजा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, एनिमेटर सोहन हंसदा, राजाराम बेसरा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

# सीसीएल कोलथरी सिरका प्रबंधन ने सीटीओ के लिए 35 पन्नो का आवेदन भेजा

## प्रबंधन ने जताया बीते 2 महीनों के अंतराल में सिरका को मिल सकता है सीटीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल सिरका स्थानीय प्रबंधन ने कोलियरी में सीटीओ लाने के लिए पहल कर दी हैं। इसके लिए प्रबंधन ने 35 पन्नो का नियमावली, निर्देशित पत्र सीटीओ परमिशन के लिए भेजा हैं। इसके साथ ही करीब 200 छाया प्रति राज्य, जिला व केंद्रीय विभागों को उपलब्ध कराने की दिशा में पहल कर दिया हैं। इसे लेकर स्थानीय प्रबंधन के पीओ सिरका श्रीकांत शर्मा ने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार हम लोगों ने सीटीओ के लिए जरूरी कागजातो को अन्य विभागों की ओर आगे बढ़ा दिया हैं। आगामी 2 महीनों के अंतराल में सीटीओ कोलयरी सिरका को मिलने की उम्मीद पूरी तरह से जग चुकी हैं।



**डीटी व सीएमडी का हुआ था कोलयरी भ्रमण**

बतलादे की बीते 12 जुलाई को सीसीएल डीटी रामबाबू ने खुली खदान का दौरा कर सिरका अधिकारियों से संसाधनों को ठीक कर जल्द कोयला उत्पादन के लिए निर्देशित किया था। वही 15 जुलाई को सीसीएल के मुखिया सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सिरका खुली खदान निरीक्षण के बाद सिरका को ईसी मिल जाने और जल्द सीटीओ मिलने के रास्ता साफ होने के बारे में बताया था। साथ ही काजूबागान अरगड्डा प्रोजेक्ट क्लीयरेंस के बारे में भी जानकारी दी थी।

**4 वर्षो से बंद है खुली खदान सिरका से कोयला उत्पादन**

बीते 4 वर्ष पूर्व मार्च 2019 से कोलयरी सिरका खुली खदान से कोयला उत्पादन सीटीओ समापन के बाद बंद हैं। सीटीओ मिलने से कई बेरोजगारों को लोकल सेल के माध्यम से रोजगार मिलने के आसार हैं। जबकि इससे क्षेत्र की रौनक बढ़ेगी

# सीआईएससीइ ने जोनल योगा कंपटीशन 2023 का आयोजन किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कार्मेल स्कूल सामलोंग रांची में शुक्रवार को सीआईएससीइ (काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन) में जोनल योगा कंपटीशन 2023 का आयोजन हुआ. जिसमें शहर के 12 विद्यालयों के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के लगभग 162 छात्रों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता का आगाज भी पूजन के साथ मुख्य अतिथि जोशी टीवी, पंकज प्रसाद, रजनी बक्शी, सिस्टर रेनिसा ऐसी, सिस्टर ऐसी (प्राचार्य कार्मेल स्कूल) ने दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने अपने बातों से प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। विद्यालय परिवार ने गणमान्य अतिथियों को पौधा देकर ग्रीन इंडिया का संदेश भी दिया बालिका वर्ग में बिशप वेस्टकोट गर्ल्स स्कूल डोरंडा तीसरे स्थान पर, कॉन्वेंट स्कूल सामलोंग में दूसरे स्थान पर, मेटास स्कूल बरियातू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। पुरुष वर्ग में बिशप वेस्टकोट बॉयज स्कूल नामकुम तीसरे स्थान पर, संत फ्रांसिस स्कूल सामलोंग दूसरे स्थान पर, वह मेटास स्कूल बरियातू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया. राष्ट्रीय गान के साथ उक्त कार्यक्रम का समापन किया गया।




# ओप्पो ने लॉन्च किया नया रेनो 10 5जी टेलीफ़ोटो कैमरा के साथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व के उभरते हुए स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने घोषणा की है कि उसका रेनो 10 5G 27 जुलाई से मात्र 32,999 रुपये में बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। यह हैंडसेट रात 12 बजे से ओप्पो ई-स्टोर के साथ - साथ फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर भी मिल सकेगा। 3D कर्व्ड डिज़ाइन के साथ अल्ट्रा-स्लिम बॉडी अल्ट्रा-स्लिम बॉडी वाला रेनो 10 5G आइस ब्लू और सिल्वर ग्रे रंग में उपलब्ध होगा। यह एक 3डी कर्व्ड बॉडी के साथ वज़न में हल्का और पकड़ने में आसान होगा। इसमें बॉर्डरलेस और इमर्सिव व्यूइंग अनुभव के लिए 120हर्ट्ज़ का 6.7 इंच एमोलेड डिस्प्ले और 93% स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है। इसका डिस्प्ले ड्रैगनट्रेल स्टार 2 है और बैक में मजबूत पॉलीकार्बोनेट बॉडी है। इसकी 2412म1080p& स्क्रीन जो 1 बिलियन कलर्स प्रदान करती है। यह 950nits की HDR ब्राइटनेस के साथ आता है, जिससे धूप में भी साफ और स्पष्ट विज़ुअल मिलते हैं। साथ ही, आपको बेहतर सराउंड साउंड अनुभव के लिए इसमें डिराक द्वारा परीक्षण किए गए रियल ओरिजिनल साउंड टेक्नोलॉजी के साथ ड्युअल स्टीरियो स्पीकर भी हैं। अल्ट्रा-क्लियर पोर्ट्रेट के लिए टेलीफोटो कैमरा Reno10 5त्र एक शक्तिशाली कैमरा सिस्टम के साथ आता है, जिसमें 64MP OV64B अल्ट्रा-क्लियर मुख्य कैमरा, 32MP IMX|09 टेलीफोटो पोर्ट्रेट कैमरा, 8MP IMX355 112ए अल्ट्रा-वाइड कैमरा और 32MP OV32ष्ट अल्ट्रा-क्लियर सेल्फी कैमरा भी शामिल है।



# श्री श्री मनसा पूजा का 15 वां वर्षगांठ आगामी 17 अगस्त को, तैयारी शुरू

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री मनसा पूजा की 15 वाँ वर्षगांठ मानने को लेकर श्री श्री मनसा पूजा समिति के सदस्यों ने प्रथम बैठक किया। बैठक के नेतृत्व संस्थापक लेखराज महतो ने किया। बैठक में कमिटी के संस्थापक लेखराज महतो एवं सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया की कमिटी के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 15 वाँ वर्षगांठ आगामी 17 अगस्त 2023 को मनाया जायेगा। मौके पर कमिटी के संस्थापक लेखराज महतो ने बताया कि भोजपुरी के प्रसिद्ध गयाकार देवी को आमंत्रित किया जायेगा। जो अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर देगी। बैठक में नितिश दांगी, बबलू प्रसाद, श्रवण कुशवाहा, रवि कुशवाहा, टिंकू कुशवाहा कपिल प्रियदर्शी, पप्पू कुशवाहाराज कुमार (बच्चू ), राजू कुशवाहा, आनन्द कुशवाहा चंदन कुमार, मकेसर महतो,अंकित कुशवाहा आनन्द चौधरी, दिलीप कुशवाहा, अनिल साव, मुन्ना कुमार, मनोज गोसाई, सुमित गोसाई, बसंत कुशवाहा, सतीश कुशवाहा, जय प्रकाश मानकी, अजय पांडे,? मोहित गुप्ता, विशाल कुमार, सुभम कुमार, राजन कुमार, अमित कुमार विनोद सिन्हा, सुमित गोसाई अंकित कुशवाहा राजकुमार गोसाई चिंटू शुभम दशरथ महतो पिंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

# सांसद जयंत सिन्हा ने नई दिल्ली में की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा ने नई दिल्ली में 20 जुलाई 2023 को वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान गूगल, भारतीय रिज़र्व बैंक व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ साइबर सुरक्षा व साइबर अपराधों की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम के लिए विस्तृत चर्चा की गई।जयंत सिन्हा ने समिति के सदस्यों व बैंक, मंत्रालय व कंपनी के पदाधिकारियों के साथ साइबर अपराधों की रोकथाम पर संवाद कर निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के वित्तीय परिदृश्य के विकास को गति देने में इस तरह के अपराध बाधा उत्पन्न करते हैं। इन पर रोक लगाने व नियंत्रण रखने के लिए हर आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं।

# पर्यावरणविद कौशल ने बंगाल के कई जिले समेत गंगासागर में आए तीर्थयात्रियों को पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी और गंगासागर के स्वर्ग आश्रम प्रांगण में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल्य ने बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार , प्रधान सचिव सह डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल व छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल और बंगाल के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष पारसनाथ गुप्ता एवं सचिव मानिकचंद के साथ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ चंदन का पौधा लगाकर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया। कार्यक्रम में देश के कई राज्यों से आए तीर्थ यात्रियों को चंदन और कपूर का पौधा वितरण करते हुए पर्यावरणविद ने कहा कि यह पौराणिक मान्यता कि गंगासागर में नहाने से लोगों के पूर्वज तक शुद्ध हो जाते है। जबकि उनके द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा रूपी प्रसाद को धरती पर लगाकर बचाने से सात पीढ़ी तक तर जाते हैं।। जायसवाल ने अतिथियों को पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के उपरांत यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर आशीष मजूमदार ने पर्यावरण धर्मगुरु कौशल व सचिव अरविंद एव प्रधान सचिव पूनम, व जिला पार्षद अमित को सम्मानित किया। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने बताया कि संस्था का विस्तार सिंगापुर और मलेशिया, के बाद बंगाल में नए सिरे से संस्था का विस्तार किया जा रहा हैं । इससे पहले देश के 22 राज्यों में संस्था गठित कर वहां अध्यक्ष एवं सचिव की नियुक्ति किया जा चुका है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से काउंसलर संदीप दास, संजय बाला विश्वास, सुबासी डे,चंदन डे, दुलाल डे, उषा जायसवाल, उर्मिला देवी, आशा देवी, शिल्पा जायसवाल, सिद्धि कुमारी, सुरेंद्र महाराज, विनोद पासवान आदि शामिल थी।



# झारखण्ड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का स्थापना दिवस आज

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के रामगढ़ कैंट शाखा अध्यक्ष युवा निलिंद अग्रवाल ने बताया कि हमे गर्व है हम अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य है एवं झारखण्ड प्रान्त के स्थापना दिवस के साक्षी है, शाखा का प्रत्येक सदस्य प्रान्त के सभी युवा साथियों को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाये प्रेषित करता है प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बताया की 22 जुलाई को झारखण्ड प्रान्त अपना 22 वां स्थापना दिवस मानाने जा रहा है. 22 जुलाई 2001 को रामगढ़ निवासी गोविदं मेवाड़ ने बतौर संस्थापक अध्यक्ष अपना पदभार संभाला , उसके उपरांत 2004 को केर्केंद निवासी युवा प्रवीण गोयल , 2007 में जमशेदपुर निवासी युवा नंदकिशोर अग्रवाल , 2010 रांची निवासी युवा विनय अग्रवाल , 2013 स्व. विनय जालन , 2015 रांची निवासी युवा प्रवीण जैन छाबड़ा, 2016 गिरिडीह निवासी युवा राकेश मोदी, 2018 में रांची निवासी युवा अभिषेक अग्रवाल एवं 2021 गोविद्नपुर निवासी नन्दलाल अग्रवाल ने बतौर प्रांतीय अध्यक्ष झारखण्ड प्रान्त को अपनी सेवाए दी एवं राष्ट्रीय स्तर पर झारखण्ड को एक सिरमोर प्रान्त के रूप में स्थापित किया । 2001 में जब झारखण्ड प्रान्त की स्थापना हुई उस समय प्रान्त में करीब 30 शाखाये एवं 4 मंडल थे जिनकी संख्या वर्तमान में 77 शाखाये एवं 6 मंडल के रूप में है , प्रान्त में 4 हजार से अधिक युवा साथी सालो भर 24 × 7 लगातार विभीन माध्यमो से अपनी सेवाए जनमानस को दे रहे है, समय समय पर शाखाओ द्वारा रक्तदान शिविर, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, अमृत धारा, स्वस्थ एवं मिशन कैंसर जाग्रति, कैंसर जाँच शिविरों का आयोजन, एम्बुलेंस सेवा, कन्या भूर्ण संरक्षण जागरूकता अभियान,अंगदान ङ्कदेहदान अभियान, ओक्सिजन सेवा, व्यक्तिवा विकास एवम समानुसार विभीन कार्यकमो का आयोजन किया जाता है। प्रांतीय महामंत्री युवा सार्थक अग्रवाल ने जानकारी दी की इस सत्र में 8 पूर्वे अध्यक्षों के सम्मान में प्रान्त में 8 दिवसीय कार्यकमो का आयोजन किया गया जिसमे प्रान्त के 30 शाखाओ ने अपनी भागीदारी निभाई एवं 8 दिनों में पुरे प्रान्त में जनसेवा, पर्यावरण, रक्तदान, कन्या भूर्ण संरक्षण, अंगदान देहदान- नारी चेतना, गौऊ सेवा, स्वस्थ्य जाँच शिविर, खेल कूद एवम व्यक्तिवा विकास के छेत्र में करीब 250 कार्यकमो का आयोजन किया गया।झारखण्ड प्रान्त के सभी युवा साथी नमन करते है अपने अनमोल धरोहर के रूप में अपने सभी पूर्व अध्यक्षों को जिन्होंने इतना हरा - भरा बागबान बनाया है।

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सिमडेगा।

Email Id- rdsd.simdega@rediffmail.com

पत्रांक......................../सिमडेगा, दिनांक ......................./

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **RDD/SD/SIMDEGA/02/2023-24 (2nd Call)** जिसका **Pr. N0. 302782 Rural Work (23-24).D** है के द्वारा प्राकाशित निविदा क्रमांक 7 में वर्णित निविदा खोलने का स्थान **E-procurement cell** मुख्य अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, राँची के स्थान पर कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा पढ़ा जाय।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
सिमडेगा।

PR 302889 Rural Development(23-24)D

---

## झारखण्ड सरकार
## जिला खनन कार्यालय, गुमला

### -: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गुमला जिला के लिए लघु खनिज पत्थर एवं मिट्टी इत्यादि (बालू छोड़कर) का Draft DSR (District Survey Report) तैयार कर गुमला जिला के बेबसाईट (https://gumla.nic.in) में Upload कर दिया गया है।

District Survey Report (जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट) के संबंध में यदि कोई सूझाव हो तो 21 दिनों के अन्दर अपना सूझाव जिला खनन कार्यालय, गुमला में (किसी कार्य दिवस) अथवा ई-मेल आईडी० dmo-gumla@jharkhandmail.gov.in पर सूचना उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह०/-
21.07.2023
जिला खनन पदाधिकारी, गुमला

PR 302985 Mines and Geology(23-24)#D

---

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL URBAN DIVISION, RANCHI

**P.R. No. 302018 Drinking Water and Sanitation (23-24)D**

**Very Short e-Quotation No. 10/2023-24 (2nd Call)**

Rates through e-Quotation has invited for the items/materials for finalization & preparation of estimate for the construction work from reputed manufacturer/authorized dealer of Pump set (Kirloskar/Jyoti/ ABB/ Crompton Greaves/Mather & Platt make) having valid G.S.T.I.N. of materials. The rates confirming to specification shall be submitted online in the website https://jharkhandtenders.gov.in. Details of materials and its specification for the work of Supply, installation and commissioning of Horizontal Split Casing Centrifugal pump set having discharge 682 $m^3$/ hr, head 40 meters respectively with all accessories and lifting arrangement under D.W. & S. Mechanical Urban Division, Ranchi are available on the above e-Tender Portal. Terms & condition will be available in website and quote the rate of materials online upto 28.07.2023 at 13:00 hrs. The quotation will be opened on 31.07.2023 at 14:00 hrs. The quotation is invited to ascertain and assess the rate of materials at par with lowest market rate.

**Address for Communication**
Office of the Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Mechanical Urban Division, Ranchi, H.E.C. High School Campus, Behind S.B.I. Hatia, Dhurwa, Ranchi-834004
Email Id- dwsdmechurbanranchi@gmail.com

**Executive Engineer,**
**D.W& S. Mechanical Urban Division, Ranchi**

PR 302958 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

---

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

**इच्छा से अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 14/2023-24 (2nd Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निगम द्वारा लगाये गये LED लाईट की मरम्मति हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/आपूर्तिकर्ता/संवेदक को मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 28.07.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 60,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है। LED लाईट की सामग्री क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :-

| Sl. No. | Description of Item | Sl.NO. | Description of Item |
|---|---|---|---|
| 1. | Wire- 1 (10 Sq.mm Aluminium) | 7. | SMD LED Bulb – (50W) – 300 Pcs. |
| 2. a. | Driver- (120 W)) - pcs. | 8. | SMD Driver – (50W) – 300 Pcs. |
| 3. | Driver – (70W) - 150 Pcs. | 9. | Driver – (150 W) – 100 Pcs |
| 4. a. | PCB- (120W) - 100 | 10. | PCB- (150W) – 40 Pcs. |
| 5. | Main Switch – (32A) - 30 | 11 | Wire – (1.5 Sq. mm copper) -7 Coil |
| 6. | Tape – (Pocket) – 8 | | |

ह0/-
नगर आयुक्त -सह प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 302928 District (23-24)_D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

### ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

ई0 निविदा संख्या- **WRD/MIDIV GARHWA/ 05-F2/2023-24**

पत्रांक - 595 गढ़वा/दिनांक - 19.07.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मझिगांव मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्वार कार्य, प्रखण्ड- रंका, जिला-गढ़वा |
| 2 | प्राक्कलित राशि | 98,23,042.12/- (अन्ठानबे लाख तेईस हजार बेयालीस रू0 बारह पैसा) मात्र |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि | 10,000.00 (दस हजार रू0) मात्र |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह |
| 5 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 27.07.2023 12:00 PM |
| 6 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.08.2023 12:00 PM |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 12.08.2023 04:00 PM |
| 8 | अग्रधन व हार्डकॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 12.08.2023 01:00 PM |
| 9 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता<br>(ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>मो0- 9931162912<br>eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 निविदा हार्ड कॉपी जमा करने का कार्यालय। | 1. कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।<br>2. अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर।<br>3. कार्यलपालक अभियंता, लघु सिंचाई,रूपांकण प्रमण्डल, रांची। |
| 11 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651-2214784 |

**नोटः-** केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट- jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है। वेबसाईट पर अपलोडेड राशि प्रभावी मानी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,गढ़वा

PR 302882 Minor Irrigation(23-24).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या - 6 वर्ष 2023-2024**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः **27.07.2023** को अपराह्ण **1.00** बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः **28.07.2023** को अपराह्ण **3.00** बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः **28.07.2023** को अपराह्ण **3.30** बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी :-

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Birsa Munda Complex at Ulihatu, Dist - Khunti for the Year 2023-24. | 30,54,700.00 | 5,000.00 | 61,100.00 | 2 Months |

नोटः- झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निश्पादन किया जाएगा। निविदा की शर्ते सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 302876 Building(23-24)#D

---

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़

### ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सं० :-*RDSD/RAMGARH/10/2023-24*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :- **DMFT** मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /01/2023-24 | RAMGARH | Construction of PCC Road and Drain from Gopalka Niwas to H/O of R.K Singh & H/O of Gautam Kumar to H/O of R.k Singh. | 10.84696 | 55000 | 2500 | 02 (दो माह) |
| 2 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /02/2023-24 | RAMGARH | Construction of Road from Main Road to Office Building of Fire Station at Ramgarh Office Capmus, Block- Ramgarh, Dist- Ramgahr. | 10.01911 | 21000 | 2500 | 02 (दो माह) |
| 3 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /03/2023-24 | RAMGARH | Construction of Paver and Landscaping of Town Hall, Ramgarh. | 82.95280 | 166000 | 10000 | 04 (चार माह) |
| 4 | RDSD/RAMGARH/ DMFT /04/2023-24 | Gola | Construction of PCC work in Front Side Gola Market Complex (Phase-II) at Gola, Block- Gola, Dist- Ramgarh. | 70.80700 | 142000 | 10000 | 04 (चार माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- दिनांक 24.07.2023
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक 02.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 03.08.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान- जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 04.08.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 8986791292, 8210703869
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. **अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र पंचवर्षीय अठवर्षीय निर्गत डाकघर सावधि जमा पत्र 03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक जमा सावधि (F.D) तीन वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिझिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।**
10. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।, तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट ***Jharkhandtenders.gov.in*** एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**नोट :- 50 (लाख) से ऊपर की निविदा के लिए दो लिफाफा पद्धति में लागु होगा।**

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR 302896 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## विधायक पूर्णिमा ने झमाडा के नये प्लांट का लिया जायजा

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया वासियों को पेयजल की समस्याओं से मिलेगी निजात। विपक्ष की गलत हरकत से बार बार जलापूर्ति होता है बाधित जिससे आम जन होते है परेशान। झमाडा के लिए अलग विद्युत फीडर बनाने का काम जल्द शुरू होगा जिससे चार माह में झमाडा की जामाडोबा प्लांट की विद्युत समस्या दूर हो जाएगी। उक्त बातें झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने झमाडा के नये व पुराने वाटर प्लांट का शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान कहा। उन्होंने कहा कि जनता की जल समस्या, झमाडा कर्मियों का भुगतान, तकनीकी समस्याएं सहित अन्य बातें पर सरकार गंभीरता से लेते हुए कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि कि झारखंड में चल रहे जलापूर्ति योजना की राज्यस्तरीय व केन्द्र स्तरीय समीक्षा में पूरे राज्य में झरिया विधान सभा क्षेत्र में बेहतर जलापूर्ति कार्य होने का बात कहा गया है। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने झमाडा के नये प्लांट का एक एक स्थल का बारीकी से जायजा ली। इस दौरान निर्माण कार्य कर रही जेएमसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेन्द्र कुमार सहित अन्य से जानकारी ली। साथ ही नियमानुसार जल्द काम करने का बात कहा।

## बाउरी समाज ने छात्रा उषा कुमारी को श्रद्धांजलि दी

**मधुबन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मधुबन थाना क्षेत्र अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति की ओर से सिनीडीह में संत जेवियर्स तेतुलमारी स्कूल के 10वीं की छात्रा उषा कुमारी का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छात्र मिलकर उषा कुमारी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर छात्र आर्यन कुमार बाउरी ने कहा कि एक बिंदी लगाने के कारण आज हमारे बीच हमारी बहन उषा कुमारी नहीं रही दलित समाज की बेटी को अपमानित करने के बाद आत्महत्या करने को मजबूर होकर कठोर कदम को उठाया और अपनी जान दे दी इसके लिए प्रधानाध्यापक एवं शिक्षिका दोषी है उन्होंने राज्य सरकार से मृतक के परिजनों को मुआवजा एवं आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करने की मांग की मौके पर आर्यन कुमार बाउरी कृष्णा बाउरी कन्हाई बाउरी नेहाल बाउरी टाइगर बाउरी प्रदीप कुमार बाउरी निखिल कुमार बाउरी टिंकू बाउरी कर्ण बाउरी भोला बाउरी विवेक बाउरी शक्ति कुमार राहुल बाउरी अंशु बाउरी आदि मौजूद थे।

## बिजली विभाग की लापरवाही : बिजली तार टूटने से एक युवक की मौत

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के धरियाडीह में बिजली का तार टूटकर गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान धरियाडीह निवासी भुनेश्वर दास के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जाता है कि मृत व्यक्ति किसी काम को लेकर अपने घर से निकला था इसी दौरान बारिश के बीच बिजली का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी आरएन चौधरी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण आज एक व्यक्ति की मौत हो गयी है तार टूटकर गिरने के बाद बिजली विभाग को लाइन काटने के लिए बार बार फोन किया गया पर किसी ने भी फोन नही उठाया।वहीं पूरे धरियाडीह में बिजली के तार की स्तिथि बहुत ही जर्जर है कई बार सूचना देने के बाद भी जर्जर बिजली के तारो को बदला नही गया। मौके पर मौजूद सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि पिछले दो साल से बिजली विभाग को जानकारी देने के बाद भी बिजली के तारो को बदला नही गया है। ऐसे अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो और कड़ी कार्यवाही की जाए साथ ही मृतक के परिजनों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाए।

## पत्रकार ने प्रमुख पुत्र पर लगाया जानलेवा हमला करने का आरोप

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड क्षेत्र के पलौंजिया बाजार में गुरुवार को दैनिक अखबार इंडियन पंच के पत्रकार सदानन्द वर्णवाल ने प्रखंड प्रमुख रामु बैठा के पुत्र इंद्रदेव बैठा समेत 8-10 सहयोगियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुवे बिरनी थाना में आवेदन दिया। इस बीच पत्रकार सदानंद बरनवाल ने बताया कि बुधवार को देर शाम कन्या उच्च विद्यालय के कैम्पस में प्रमुख का पुत्र इंद्रदेव बैठा अपने सहयोगियों के शराब एवं गांजे का सेवन कर रहा था जिसकी सूचना मैने थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह एवं उप प्रमुख शेखर सुमन को दिया था। सूचना देने के एवज में प्रमुख पुत्र ने सुबह मेरे मोबाइल दुकान में अपने साथियों के साथ आकर हमला कर दिया।

## आदिवासी का दर्जा दिलाने के लिए बैठक

**राजगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधनी हटिया मैदान में आदिवासी ओर कुरमी युवा मंच का एक बैठक हुवी जिसमे निर्णय लिया गया कि कुरमी महतो को भी आदिवासी का दर्जा मिले। आदिवासी का दर्जा नही मिलने से रेल रोको अभियान चलाया जाएगा।

## मोहर्रम पर्व को लेकर धनसार थाना में शांति समिति की बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोहर्रम पर्व को लेकर धनसार थाना परिसर में शांति समिति का एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर राजदेव सिंह ने किया। बैठक में शांति समिति के सभी सदस्यों से सुझाव लिया गया। अंत में थाना प्रभारी राजदेव सिंह ने कहा कि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाए। कोई असामाजिक तत्व द्वारा सोशल मीडिया में झूठा खबर फैलाते है तो थाना को सूचना दें। सभी लाइसेंस धारियों को रूट निर्धारित किया गया है। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। सभी नागरिक से आग्रह है कि क्षेत्र में कहीं अप्रिय घटना का सूचना मिले तो थाना को सूचना दें। बैठक में मुख्य रूप से अफजल खान, मदन महतो, राणा चट्टराज, संतोष कुशवाहा, अजय मंडल, मदन महतो, उपेंद्र चंद्रवंशी, गुड्डा सिंह, तारीक अंसारी, गजाधर चौहान आदि लोग शामिल थे।

## गिरिडीह में एसआईटी के दो छात्रों को हुआ प्लेसमेंट



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गिरिडीह ज़िले के सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गिरिडीह के छात्रों का प्लेसमेंट का सिलसिला जारी है।इस बार माइनिंग इंजीनियरिंग विभाग सत्र 2017-20 के छात्र संदीप कुमार और सूरज कुमार चौहान का प्लेसमेंट हुआ है। संदीप कुमार का जे एस डब्लू माइंस में सहायक खनन अभियंता के पद पर चयन ओड़िसा के बारबिल में हुआ है और सूरज चौहान का नॉर्दन कोल् फील्ड लिमिटेड में चयन हुआ है।संदीप कुमार की पोस्टिंग ओड़िसा के बारबिल में हुआ है जबकि सूरज चौहान की पोस्टिंग मध्य प्रदेश के सिंगरौली में हुआ है।इस पहले इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग विभाग की कई कंपनियां संस्थान में ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड में कैंपस प्लेसमेंट करवा चुकी है।संस्थान में प्रत्येक वर्ष ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डिपार्टमेंट द्वारा कैंपस प्लेसमेंट कराया जाता है। वर्ष 2020 से लगातार संस्थान में प्लेसमेन्ट हो रहा है।संस्थान के निदेशक डॉ बिजय सिंह जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि इस वर्ष से संस्थान में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग की भी पढ़ाई शुरू हो चुकी है। इससे पहले गत वर्ष 2022 से बी बी ए और बी सी ए की भी पढ़ाई हो रही है। संस्थान में अभी सत्र 2023-26 के लिए विद्यार्थियों का नामांकन चल रहा है।

### अवैध बोरिंग का कार्य धड़ल्ले से जारी, नगर निगम मौन

# टीम गठित कर बोरिंग मशीन संचालकों पर होगी कड़ी कार्रवाई : मो. अनीश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर मे इन दिनों अवैध बोरिंग का कार्य धड़ल्ले से जारी है। जबकि धनबाद नगर निगम ने निगम क्षेत्र में बोरिंग गाड़ियों से बोरिंग करने पर रोक लगा दी है। परंतु स्थानीय लोगों की मिली भगत से शहर में अवैध बोरिंग का कारोबार खूब फल फुल रहा है। वहीं नगर निगम का आदेश पुरी तरह से हवा हवाई साबित हो रहा है। ताजा मामला है वासेपुर स्थित बाईपास रोड का, जहां देर रात अवैध बोरिंग का कार्य धड़ल्ले से जारी था। इस बाबत मशीन संचालक से जब हमारे संवाददाता ने पूछा कि नगर निगम के रोक बावजूद भी कैसे बोरिंग हो रहा है तो उसने खुले तौर पर कहा सब कुछ मैनेज हो जाता है, हमें किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है।जब इस आलोक में नगर निगम के कार्यपालक अभियंता मोहम्मद अनीश से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें कुछ समय से मिल रही है कि रात के समय कुछ बोरिंग गाड़ियां बोरिंग करती है। चूंकि रात को निगम पदाधिकारी इसकी जांच नहीं कर रहे हैं इसलिए रात के अंधेरे का नाजायज फायदा उठाया जा रहा है। जल्द ही नगर निगम एक टीम गठित कर ऐसे बोरिंग मशीन संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। साथ ही ऐसे गाड़ियों का नंबर सहित एक सूची बना लिया जाएगा जो रोक के बावजूद भी अवैध रूप से बोरिंग का कार्य करती है। नगर निगम जल्द ही टीम का गठन कर छापेमारी करेगी और अवैध बोरिंग पर अंकुश लगेगा।

## मणिपुर की घटना शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : भास्कर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मणिपुर से आ रही वीडियो दिल दहला देने वाली है जो पूरे भारत को शर्मशार करती है। मन व्यथित है कि ऐसे समय में जब हम चांद और मंगल पर जा रहे हैं वहीं देश के एक महत्वपूर्ण हिस्से मणिपुर में एक अनियंत्रित कबिलियाई तंत्र के रूप में आज हमारी छवि दुनिया में जा रही है। एक ओर मणिपुर से मीराबाई चानू और मैरीकॉम ने देश को गौरवांवित किया है वहीं दुसरी ओर ऐसी शर्मनाक घटना का होना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त सारी बातें सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर झा ने कही।आगे उन्होने कहा की इस घटना के खिलाफ आज पूरे देश में रोष व्याप्त है। मणिपुर की सरकार को देश को बताना चाहिए कि घटना के 77 दिनों बाद तक सरकार ने अपराधियों पर शिकंजा क्यों नहीं कसा सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस तक ने सरकार को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दे डाली है। इससे इस घटना की संवेदनशीलता और उस पर सरकार की अकर्मण्यता को समझा जा सकता है कि किस तरह से घटना को सामान्य बनाने का प्रयास किया गया है। उम्मीद है की इस घटना पर त्वरित कार्रवाई होगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

# अपहरण कर जान से मारने का मामला हुआ झूठा साबित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जोरापोखर :** जोरापोखर थाना में अपहरण कर जान मारने की नीयत से मारपीट करने का मामला झूठा साबित हुआ। घटना गुरुवार की रात्रि की है। डिगवाडीह बूढ़ीबांध निवासी मो नसीम अंसारी ने अपने पुत्र आसिफ अली के अपहरण की सूचना 100 नंबर पर डायल कर जोरापोखर पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही जोरापोखर थाना प्रभारी विनोद उरांव आसिफ के मोबाइल नंबर को ट्रैक कर बरारी सराफतपुर ओबी डंपिंग क्षेत्र से आसिफ को बरामद कर थाना लाई।पिता नसीम के अनुसार पुरानी रंजिस को लेकर बरारी सराफतपुर के रहने वाले मो कुर्बान व उनके चार पुत्र सोनू, मोनू व अन्य दो पुत्रों द्वारा पुत्र आसिफ का चन्द्रपुरा से अपहरण करने का आरोप लगाया गया था। जोरापोखर पुलिस ने रात्रि में ही कुर्बान एवं उनके पुत्र को पूछताछ के लिए जोरापोखर थाना लाई। पूछताछ के पश्चात मो कुर्बान व उनके पुत्र को छोड़ दिया गया। मो आसिफ ने पुलिस को बताया कि वह स्वयं सराफतपुर आया था। उसके साथ कोई अपहरण की घटना नही घटी है।

**आसिफ पर पूर्व में भी है मामला दर्ज**

जोरापोखर थाना में पूर्व में एक लड़की की आत्महत्या प्रकरण में आसिफ पर मामला दर्ज है। वही कुर्बान का कहना है कि हमे व हमारे पुत्र को झूठा केस में फंसाया जा रहा था। जोरापोखर थाना प्रभारी ने बताया कि आसिफ से पूछताछ चल रही है। पूर्व में भी उस पर मामला दर्ज था। अपहरण का कोई मामला नही है।

## टुंडी महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी का प्रयास रंग लाया दोनों पक्षों ने मिलाकर बेटी को भेजा ससुराल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी थाना के हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी ने आज शुक्रवार को दोनों पक्षों का पुराना विवाद का निपटारा कराते हुए दोनों पक्षों को आपस में मिलाते हुए बेटी को सह कुशल ससुराल भेजने में भेजने में अहम भूमिका निभाई, प्राप्त समाचार के अनुसार छेपु बाउरी उम्र 70 वर्ष पति स्वर्गीय भागु बाउरी ग्राम हलगोड़िया, पोस्ट, कुसुंडा, थाना पुटकी की रहने वाली, वही लड़का पक्ष सुमंत बाउरी पिता मनोहर बाउरी ग्राम दुर्गाडीह टुंडी का विवाद कई वर्षो से चला आ रहा था पहले भी इस विवाद पर पंचायती हो चुका था पर दोनों पक्षों ने आपस में बराबर तनातनी बरकरार बना रहा था बना रहता था पर महिला समिति संग द्वारा कल टुंडी थाना आकर महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी से मिली और आप बीती सूनाई फिर महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी ने दोनों पक्षों से लिखित आवेदन लेकर समझौता करा दिया एवंम लड़की को सह कुशल उसकी सुसराल विदा करा लिया महिला समिति पुटकी की सभी महिला सदस्यों ने इस पुनीत कार्य को करने पर टुंडी महिला हेल्प डेस्क प्रभारी ममता कुमारी को आभार प्रकट किया एवं कई वर्षों के बाद लड़की की विदाई पर खुशी जाहिर किया।

## टुंडी वन विभाग ने मनाया 74 वां वन महोत्सव, वृक्षारोपण पर विशेष जोर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के रतनपुर पंचायत अंतर्गत कमलपुर वन मैदान में आज वन विभाग ने आज शुक्रवार को मनाया अपना 74वां वन महोत्सव सह वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत मूवी का तिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया एवं अपने संबोधन में वनों की सुरक्षा परम कर्तव्य पर बल दिया एवं आए दिन जंगलों में हाथी का प्रवेश पर चिंता व्यक्त किया वनों की सुरक्षा मानव जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है वनों की रक्षा हम सब मानव को करनी चाहिए आज जंगलों के नष्ट होने से बरसा में भारी कमी आई है । वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने वनों के सुरक्षा पर बल दिया। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा माता भ्रमण पर प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल जिला परिषद सदस्य मीना हेंब्रम टुंडी प्रमुख मालती मरांडी आदि थे ।

## केंद्रीय खेल परिषद की वार्षिक बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** डीवीसी के मैथन परियोजना में सुबह के 11:00 बजे प्रशासनिक भवन के प्रेक्षागृह में केंद्रीय खेल परिषद की वार्षिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मैथन के परियोजना प्रधान सह केंद्रीय खेल परिषद के अध्यक्ष अंजनी कुमार दुबे ने की। बैठक में मुख्य अभियंता पारेषन एवं परिषद के उपाध्यक्ष अभिजीत चक्रवर्ती, वरीय प्रबंधक दीप नारायण पटेल, सत्यकाम, लोमस कुमार, प्रबंधक परविंद कुमार, अतुल सिंह, वानखेडे सहित पूरे डीवीसी के विभिन्न परियोजनाओं से अधिकारी गण शामिल हुए।बैठक में मुख्य रूप से 2023-24 सत्र में होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के स्थल एवं तिथि की चर्चा हुई और उसे अंतिम रूप दिया गया। मैथन परियोजना को अखिल घाटी फुटबाल प्रतियोगिता की जिम्मेदारी मिली। इसे सितंबर माह में आयोजित करना है। पूरे कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सह केंद्रीय खेल परिषद की सचिव सुश्री श्यामली ने किया।

## सड़क हादसे में वृद्ध की मौत, परिजनों से मिले पूर्व विधायक नागेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के खेदवारा पंचायत के ग्राम चिताखारो निवासी 62 वर्षीय मनोहर हंसदा बीते दिनों एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। जिसके बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह से रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद घायल मनोहर का इलाज के दौरान गुरुवार इलाज के दौरान निधन हो गया था। जिसकी सूचना मिलते हीं बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मृतक के आवास पहुंचकर पीड़ित परिवार जनों से मिलकर संवेदना प्रकट किया। साथ ही पूर्व विधायक ने सरकारी मुआवजा प्रावधान दिलाने का हर संभव मदद का भरोसा दिया। इस बीच मृतक के आश्रितों को तत्काल अधिकारियों से वार्ता कर प्रधानमंत्री आवास एवं विधवा पेंशन देने की आग्रह किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचन्द कुशवाहा, आदि थे ।

# हथियार से लैस अपराधियों ने सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाकर मचाई लूट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जोरापोखर :** झमाडा जल संयंत्र केंद्र में गुरुवार की रात दो दर्जन हरवे हथियार से लैस अपराधियों ने सुरक्षा कर्मी को बंधक बनाकर स्टोर का ताला तोड़कर पांच लाख रुपये मूल्य की लोह समाग्री लूट लिया। जोरापोखर पुलिस की मुस्तेदी के कारण अपराधियों को कलपुर्जे लदा मारुति ओमनी व एक मोटरसाइकिल बीच रास्ते पर छोड़कर भागना पड़ा। घटना के सम्बंध मे कनीय अभियंता आशुतोष राणा ने थाना में लिखित शिकायत किया है।घटना के सम्बंध में रात्रि में सुरक्षा का कार्य कर रहे कर्मियों ने बताया कि रात्रि एक बजे हरवे हथियार से लैस दो दर्जन अपराधी झमाडा स्टोर रूम के निकट पहुँच गए। उन्होंने रात्रि पाली में कार्य कर रहे सुरक्षा कर्मीयो को बंधक बनाकर स्टोर रूम का ताला तोड़कर पांच लाख रुपये मूल्य के लौह समाग्री लूटकर लाल रंग के ओमनी मारुति पर लेकर चलते बने।सुरक्षा कर्मियों ने घटना की जानकारी कनीय अभियंता आशुतोष राणा को दिया। सूचना पाकर श्री राणा ने जोरापोखर प्रभारी को घटना की जानकारी दिया। थाना की पुलिस तत्वरित करवाई करते हुए जल संयंत्र केंद्र से लहाड़गोड़ा जाने वाली मार्ग को घेर लिया।अपराधी दोंनो ओर से पुलिस की गाड़ी को आता देख बीच रास्ते मे ही लौह समाग्री लदा हुआ बेगैर नंबर की ओमिनी व एक बाइक छोड़कर भाग खड़े हुए। जोरापोखर पुलिस ओमिनी व मोटर साइकिल को जप्त कर जोरापोखर थाना ले आई है।

# देश से माफी मांगे पीएम : राजेश यादव

### भाकपा माले ने गृह मंत्री व मणिपुर के मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** पूरे देश और मानवता को शर्मसार कर देने वाली मणिपुर की घटना के खिलाफ आज मनाए जा रहे देशव्यापी प्रतिवाद दिवस को लेकर भाकपा माले ने प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित कर इस घटना को लेकर प्रधानमंत्री से देश के समक्ष माफी मांगने तथा गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा शासित मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह से तत्काल इस्तीफे की मांग की।इस बाबत भाकपा माले के झारखंड राज्य कमेटी सदस्य सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, पिछले 2 माह से भी अधिक समय से मणिपुर जल रहा है, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं, और अब तो इसकी सारी हदें पार हो चुकी है। लेकिन वहां भाजपा शासित डबल इंजन की सरकार यह सब रोकने में विफल है। यादव ने कहा कि, दरअसल जिसके पास शासन और शांति बहाली का जिम्मा है, वही नफरत ही विचारों पर चलने वाली पार्टी है, इसलिए इसका नतीजा भी आज देश के सामने है। कहा कि, मणिपुर की घटना से पूरी मानवता शर्मसार हुई है। नारी सम्मान की बात करने वाली मोदी सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है। इसलिए अगर सरकार में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो प्रधानमंत्री को स्वयं इस घटना के लिए माफी मांगनी चाहिए। साथ ही, देश के गृह मंत्री तथा मणिपुर के मुख्यमंत्री को भी तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने घटना के दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें यथाशीघ्र कठोरतम सजा दिलाने की मांग की। साथ ही कहा कि, मणिपुर में शांति बहाली को लेकर तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए, जिसकी अब तक भाजपा शासन ने अनदेखी की है, और केंद्र सरकार ने भी आंखें मूंदे रखा है।बेंगाबाद में आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र मंडल, फोदार सिंह, रामलाल मंडल, रामलाल मुर्मू, सुखदेव गोस्वामी, छोटेलाल यादव, जयनारायण सिंह, नुनु बाबू सिंह आदि शामिल थे।

# बिरनी-बरसात की बेरुखी से खेतों में पड़े दरार, किसान हुए परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के किसानो में इन दिनों मानसून की बेरुखी से मायूस छाई हुई है। जुलाई माह गुजरने को है परंतु उम्मीद के अनुसार बारिश नहीं होने से परेशान किसान अब कह रहे हैं कि हे भगवान अब क्या होगा। आधा सावन बीत चुका है, परंतु देश के अन्य प्रदेशों के इतर बिरनी में पर्याप्त बारिश नहीं हो रही है. जिसके कारण पूरे प्रखंड क्षेत्र में सुखाड़ की स्थिति बन गई है. धान की खेती की तैयारी धरी की धरी दिख रही है. खेती के लिए लगाये गये धान के बिचड़े तैयार होने की बजाय सुख कर पुआल में तब्दील होने लगे हैं, तो कहीं पीले हो रहे हैं. जिन खेतों में बिचड़े लगाये गये है, उसमें नमी की बजाय दरारें दिख रही हैं. यदि कुछ दिनों तक ऐसी हीं परिस्थिति रही तो धान की खेती शायद न हो पाये. ऐसे में किसानों के चेहरे पर परेशानी की लकीर दिखने लगी है, इस बीच क्षेत्र के किसानों ने मौसम की बेरुखी और हालात पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की. चरगो के किसान राजकुमार वर्मा ने कहा कि धान के अलावे कुछ जमीन पर हम लोग सब्जियों एवं मक्के की खेती करते हैं. भीषण गर्मी के कारण सब्जियों की बेहतर खेती नहीं हुई और अब जब धान की खेती का समय आया, तो बारिश गायब है. धान का बिचड़ा बचाने की चिंता है. वहीं गुरहा के किसान जितेंद्र ने कहा कि क्या करें क्या न करें, मौसम के बदलाव ने परेशान कर रखा है धान ही एक ऐसी फसल है, जो साल भर के लिए चावल और पशु चारा उपलब्ध कराता है. इस बार मौसम की बेरुखी से यह समस्या बढ़ने वाली है. बिचड़ा तैयार होने का समय है और बारिश नहीं होने के कारण बिचड़ा सुख सा गया हैं. अरारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील वर्मा का कहना है कि जून माह में औसत बारिश नहीं हुई. जुलाई माह में यही हाल रहा किसानों ने किसी तरह से जोत-कोड़ कर धान का बिचड़ा लगाया. बारिश की उम्मीद थी, लेकिन बिचड़ा तैयार होने का समय आया, तो बारिश गायब है. बिचड़ा को बचाना मुश्किल हो रहा है. अब तो बिचड़ा बचाने की जद्दोजहद चल रही है. वहीं कृषि पदाधिकारी को उम्मीद है कि वर्षा होगी ।

## मुहर्रम को लेकर मधुबन थाना में हुई शांति समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** मधुबन थाना के प्रांगण में शुक्रवार की मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी चंदन भैया ने किया थाना प्रभारी ने कहा कि पहले से रिकॉर्डेड म्यूजिक या डीजे बजाए जाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले लोगों पर भी प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।साफ सफाई पर भी ध्यान दिया जाएगा संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ हुड दंगियो पर विशेष नजर रहेगी। पूर्व से निर्धारित रास्ते हो कर शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़ा निकाला जाएगा ।लोगो से अफवाहों पर ध्यान ना देने के साथ किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई ।वही बैठक में मुख्य रूप वासुकी नाथ लाला धीरन कुमार लाला जीतेश रजवार शेख नबाब बिनोद सिंह आनंद बाउरी शेख आलमगीर शेख आलम रामजी चौहान शेख मुस्तकीम शेख फिरोज उत्तम गयाली आदि मौजूद थे।

## कोलेबिरा विधायक ने किया जलडेगा के जामटोली देवनदी के पास 3 स्पेन के पुल का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने विशेष प्रमंडल से बन रहे 3 स्पेन के पुल का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा हमारी सरकार छोटे बड़े सभी विकास के कार्य के लिए प्रतिबद्ध है मै प्राथमिकता के आधार पर सभी विकास कार्यो को किया कराने का काम कर रहा हूं मेरे विधानसभा क्षेत्र में कई बड़े बड़े पुल तथा सड़कों का अनुशंसा किया हूं जल्दी ही वह काम आरंभ किया जाएगा तथा अन्य छोटे बड़े विकास कार्य मेरे विधायक मद से भी कर रहा हूं। वहां के ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए विधायक का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया ग्रामीणो की ओर से कहा गया वर्षो से इस पुल की मांग हमलोग करते आ रहे हैं लेकिन सरकार या किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान नहीं दिया गया अब वर्षो की मांग के बाद अब बन सकेगी हमें बहुत खुशी है। पुल का निर्माण आनन्द कंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है ।कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा सांसद प्रतिनिधि सुजान जोजो बीडीओ विजय राजेश बारला अंचलाधिकारी खगेन महतो जलडेगा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़ियां कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष सुलभ नेल्सन डुंगडुंग बीस सूत्री अध्यक्ष गाबरियेल समद अवध साहू रहीम खान तथा उस छेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुन्नी बा को मिला एसबीआई के एसबीआई लाइफ का सहारा, दस लाख का किया गया चेक प्रदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय स्टेट बैंक सिमडेगा शाखा द्वारा स्व ख्रीस्टोफर बा की पत्नी मुनी बा को भारतीय स्टेट बैंक की बीमा कम्पनी द्वारा SBI life द्वारा दस लाख का चेक प्रदान किया गया। स्ख्रीस्टोफर बा ने भारतीय स्टेट बैंक से दस लाख रूपय का लोन लिया था जो कटकर छः लाख रूपय बची हुई थी। स्ख्रीस्टोफर बा की मृत्यू अप्रैल माह में हो गई थी। मृत्यु के पश्चात जुनी बा पर दुखों का पहाड़ आ खड़ा था और ऊपर से लोन का बोझ। इस मौके पर शाखा प्रबंधक सुभाष होरो ने मामले की छानबीन की तो पता चला कि उनका श्रृण भारतीय स्टेट की श्रृंण सुरक्षा पोलिसी द्वारा सुरक्षित थी। उन्होंने से त्वरित कार्यवाही करते हुए उनकी बीमा राशि का भुगतान करवाया एवं उनेक लोन को बीमा राशि से बंद करते हुए शेष चार लाख रुपय मुनी देवी -प्रदान किया गया। मौके पर मुख्य प्रबंधक सुभाष होरो ने आम नागरिकों को संबोधित करते हुए अपील किया कि सभी व्यक्ति अपने जरूरतों के हिसाब से स्वयं का एंव अपने परिवार ऋण का सुरक्षा भी करनी चाहिए । भारतीय स्टेट बैंक के पास सभी तरह की बीमा पालिसी है एवं सभी आयु वर्ग के लिए भी है। मुख्य प्रबंधक ने साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा प्रयोजित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति जीवन बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजना की भी जानकारी दी। एवं सभी खाताधारकों से अपील किया कि कम से कम एक बीमा पोलिसी अवश्य ले।

## आजसू पार्टी ने लोकसभा व विधानसभा 2024 में विजय दिलाने को लेकर ली शपथ



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा क्षेत्र के किस्को प्रखंड के खरकी पंचायत में ग्राम प्रभारी बनाया गया। जिसमे लोकसभा एवं विधानसभा 2024 आजसू पार्टी भारी मतों से विजय दिलाने की शपथ ली। गांव गांव के सभी जनता इस गूंगी बहरी सरकार से त्राहिमाम हैं। सभी ग्रामीण कहते हैं विधायक कमल किशोर भगत की तरह कोई बिधायक नही है क्योंकि वैसा बिधायक थे की हर गांव गांव जाते थे, उन्ही के नक्से कदम आज नीरू शान्ति भगत भी चल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आज उनके न रहने से हमलोग असहय महसूस हो रहा है। आज हम सभी ग्रामीणों में आशिकी उम्मीद जगी है जब से क्षेत्र में नीरू शांति भगत भ्रमण कर रही है हम सभी लोग आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी मतों से कमल किशोर भगत के सपनों को मिलकर 2024 में पूरा करेंगे। ग्राम प्रभारी बनाने के दौरान केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, अनिल भगत, देवधन नायक आदि उपस्थित रहे।

## एमबी डीएवी विद्यालय में देश भक्ति गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। देश भक्ति गीत राष्ट्र के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना व्यक्त करने हेतु आसान और सुरीला माध्यम है। यही गीत एक व्यक्ति को राष्ट्र और मानवता के पथ पर आगे बढ़ाते हैं।आजादी पूर्व यही देश भक्ति गीत स्वतंत्रता सेनानियों व देश के लोगों के हृदय में ना केवल देश प्रेम की भावना जगाते थे बल्कि उनके रगों के बहते खून को लावे में बदल देते थे और देशवासी अपने देश के लिए अपने प्राणों तक को न्यौछावर करने में पीछे नहीं रहते थे। विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना तथा स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान की भावना जगाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा सातवीं व आठवीं के विद्यार्थियों के मध्य देशभक्ति गायन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें यजुर्वेद हाउस के विद्यार्थी विजित हुए। एकल गायन प्रतियोगिता में अनुराग कुमार ने प्रथम, अमीषा कुमारी ने द्वितीय तथा समीक्षा लकरा ने तृतीय स्थान अर्जित किया। श्रोता विद्यार्थियों के मध्य भी देशभक्त गायन की खुली प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया है जिसमें दक्ष भालेकर ने प्रथम तथा अक्षरा वाणी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ना सिर्फ विद्यार्थियों अपितु समस्त भारतवासियों में राष्ट्रीयता के स्वर मुखर होने चाहिए तथा सभी को अपनी-अपनी सामर्थ्य के अनुसार राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देना चाहिए।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने हाउस-टू-हाउस मतदाता सूची में सत्यापन कार्यो का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो पंचायत मे 21 जुलाई शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने हाउस-टु-हाउस मतदाता सूची में सत्यापन के कार्यो का किया निरीक्षण, एवं बीएलओ को दिये आवश्यक निर्देश। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, प्रविपदा0 पवन कुमार महतो, अंचलअधिकारी कमलेश उराँव ने कैरो पंचायत के बूथ संख्या 166, 167,168 मे हाउस-टु-हाउस मतदाता सूची में निबंधन, स्थानांतरण, सुधार, नाम विलोपन इत्यादि के कार्यो का निरीक्षण कर उपस्थित बीएलओ से कहा कि 21 जुलाई से 21 अगस्त तक मतदाताओं के बीच हाउस-टु-हाउस जाकर सत्यापन का कार्य को करे पुर्ण। उन्हौंने कहा कि वैसे मतदाता जो विवाह होकर ससूराल चले गए हैं पर वोट मायके के बूथ में ही डालना चाहते हैं तो उनकी नाम की सुचि प्रविष्टि मे उनके इच्छानुसार रहने दिया जाए। मृत मतदाताओं का नाम हटाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र लेने के पश्चात ही सुचि से नाम विलोपित करे। तत्पश्चात अनुमंडल पदाधिकारी ने मुख्यालय स्थित तहसिल कचहरी भवन मे पुस्तकालय का निरिक्षण, प्रखंड के गुड़ि पंचायत के अंतर्गत पंचायत भवन एवं हेल्थ ऐंड वेल्नेस सेंटर का कीया निरीक्षण। मौके पर प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी किशोर उराँव, प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, बीएलओ सुनीता देवी, सुचित्रा लकड़ा, नसीमा खातून, इत्यादि उपस्थित थे।

## नदिया हिंदू उच्च विद्यालय में 62 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा प्रखंड स्तरीय 62वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 आयोजन उत्कृष्ट प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा के प्रांगण में किया गया। यह प्रतियोगिता दिनाँक 21 और 22 जुलाई 2023 तक निर्धारित है। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग और अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के बच्चे शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 18 विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी राजकीय प्लस टू नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, राजकीय प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, राजकीय प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा, प्लस टू प्रोजेक्ट हाई स्कूल इरगांव लोहरदगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा लोहरदगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय रामपुर लोहरदगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी नगड़ा लोहरदगा, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरकोसा लोहरदगा, राजकीयकृत मध्य विद्यालय लोहरदगा, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय शांति आश्रम,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुजरा लोहरदगा, लूथरन हाई स्कूल लोहरदगा, उर्सुलाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल लो, कैथोलिक मिडिल स्कूल लोहरदगा, राजकीयकृत मिडिल स्कूल बाघा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस समर्थ विद्यालय हिरही, राजकीयकृत मिडिल स्कूल पालमेरगंज और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुजरा की टीमें शामिल हैं। आज के कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अम्बुज्या पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक पांडेय, प्रखंड शिक्षा प्रसार अधिकारी रामजीवन नायक, बीपीओ मंजू कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज साथ में विशिष्ट अतिथि अंचलाधिकारी समीर कच्छप उपस्थित हुए, सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा हमारे शारीरिक विकास के लिए खेल बहुत आवश्यक है, साथ ही साथ आज खेल के माध्यम से भी आप अपना कैरियर बना सकते हैं अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं ,खेल को खेल की भावना से खेलें, खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे आपसी एकता का परिचय दिखाने का मौका मिलता है, आप साथी खिलाड़ी पर भरोसा रखते हैं इस तरह से एक दूसरे पर भरोसा रखते हुए गोल मारते हैं, साथ ही साथ अनुशासन में रहने का गुर भी इसमें सीखने का मौका मिलता है क्योंकि इतने खिलाड़ियों में एक रेफरी जहां सीटी मार देता है वहां पर सभी उनका फैसला को मानते हैं उसका जो भी आदेश होता है उसे मानते हैं।

## अन्तर विद्यालय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** खेलो झारखंड के तहत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बेसिक स्कूल खेल मैदान में अन्तर विद्यालय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरे दिन शुक्रवार को खेला गया। सेन्हा प्रखंड के उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय खेल मैदान में खेलो झारखंड के तहत सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का मैच खेला गया। जिसमें बालकों का14 वर्ष आयु वर्ग में 9 टीम तथा 17 वर्ष आयु वर्ग में 9 विद्यालय का टीम भाग लिया वही बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रखंड क्षेत्र के 11 विद्यालय के टीम भाग लिया खेल के दूसरे दिन कुल 16 मैच कराया गया जिसमें 14 वर्ष आयु वर्ग में बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा और उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी की टीम फाइनल में जगह बनाया है। बीईओ रामकरण द्विवेदी ने कहा कि खेल के प्रति सरकार की रुचि है। जिसके लिये खेल के माध्यम से बालक बालिकाओं को भविष्य मे गगे बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विद्यालय स्तर पर खेलो झारखण्ड के तहत सुबतरो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। प्रखंड के विजेता टीम जिला में और जिला स्तर के विजेता टीम राज्य में अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।


## सड़क चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा प्रखंड के भैसमुंदो गांव में शुक्रवार को भंडरा से सेन्हा सड़क चौड़ीकरण में भूमि अधिग्रहण को लेकर ग्राम प्रधान धरती पहान की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भंडरा अंचल कार्यालय के अधिकारी, सड़क निर्माण करा रहे गंगा कंस्ट्रक्शन के प्रतिनिधि, मुखिया सहित ग्रामीण शामिल हुए। भूमि अधिग्रहण ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा भंडरा-सेन्हा सड़क चौड़ीकरण सड़क निर्माण में ग्रामीणों का जमीन अधिग्रहण के बदले घोषित मुआवजे की राशि स्वीकार नहीं किया जाएगा। भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार ग्रामीणों को 2900 रुपये प्रति डिसमिल के चार गुना राशि देने की बात कह रही है। जबकि ग्रामीणों की मांग ढाई लाख रुपये प्रति डिसमिल की है। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण के नाम पर सरकार द्वारा तय राशि बहुत कम है। ग्रामीणों को सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण के नाम पर 2900 रुपये प्रति डिसमिल देने की बात कही जा रही है। जिसमें चार गुना बढ़ा दिया भी जाता है, तो 11600 रुपया हो रहा है। अंचल कार्यालय भंडरा से पहुंचे प्रभारी राजस्व कर्मचारी सह अमीन सुमित जायसवाल ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जो प्रस्ताव रखा गया है।

## 26000 शिक्षक भर्ती का विज्ञापन निकालना, सरकार का ऐतिहासिक कदम : आलोक साहू



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड के इंडिया सरकार के उस निर्णय का स्वागत किया है जिसमें इंडिया सरकार ने 26000 शिक्षकों की भर्ती हेतु विकास विज्ञापन निकाला है झारखंड के इंडिया सरकार का यह ऐतिहासिक निर्णय है झारखंड सरकार जो जनता से वादा किया था वह क्रमबद्ध पूरा करते जा रही है श्री साहू ने कहा कि झारखंड सरकार ने निर्णय लिया था कि 50000 शिक्षकों का नियुक्ति करेंगे जिसके तहत प्रथम फेज में 26000 शिक्षकों का विज्ञापन निकाला गया है ऐसा झारखंड में पहली बार हुआ है की एक साथ 26000 शिक्षकों का विज्ञापन निकाला गया हो। शिक्षकों की नियुक्ति होने से काफी संख्या में बेरोजगारी दूर होगा। श्री साहू ने कहा कि पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) के लिए 12868 पद तथा गैर पारा शिक्षकों के लिए 13133 पद आरक्षित रखे गए हैं। पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित पद पहली से पांचवी के लिए 5469 छठी से आठवीं के लिए 7399 भाषा विषय के लिए 2462 सामाजिक विज्ञान के लिए 2461 तथा विज्ञान गणित विषय के लिए 2470 उसी प्रकार गैर पारा शिक्षक के लिए पद पहली से पांचवी तक के लिए 5531 छठी से आठवीं के लिए 7602 भाषा विषय के लिए 2529 सामाजिक विज्ञान विषय के लिए 2535 तथा गणित विज्ञान पर 2538 पद हैं।

## डॉ. रोहित कुमार ने पशुओं का लंबी बीमारी से बचाव को लेकर किसानों को दी जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पशुओं को बीमारी से बचाव एवं जगरुक्ता को लेकर एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के संयुक्त पहल से प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत ग्राम बाजार डाँडू में शिविर आयोजन कर पशुपालकों को लम्पी बीमारी का दिया गया जानकारी। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बाजार डाँडू में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन कर लम्पी बीमारी एवं मौसमी बीमारी के बारे में डॉ रोहित कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी पशु पालकों को दिया गया। यह कार्यक्रम एच डी एफ सी बैंक एवं बाएफ संस्था के तत्वधान में आयोजित किया गया था। आयोजित शिविर के माध्यम से ग्राम बाजार डाँडू के पशुपालक किसान वर्ग को लम्पी बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए विशेष ध्यान रखने की बात कही गई। साथ ही बरसात के मौसम में पशु में पाए जाने वाले बीमारी के बारे में भी जानकारी दिया गया। साथ ही पशु संबंधित विभिन्न बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को जगरुक किया गया। वही शिविर के माध्यम से वैसे पशु का जांच किया गया जो बीमारी से ग्रसित था। और जांच के पश्चात संस्था द्वारा निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। डॉ0 रोहित कुमार ने कहा पशु पालक को बीमारी एवं बीमारी से बचाव की जानकारी किसान के लिए सार्थक साबित होगा। आयोजित शिविर में बाएफ संस्था के कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार ने पशुपालक किसान से अपील करते हुए कहा कि पशु का देख भाल करना तथा समय से चारा देना निहायत ही जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा संस्था की ओर से पशुपालक किसान को हर समय मदद किया जाएगा और बीच बीच में योजना का लाभ भी दिया जाएगा। बताते हुए पशुपालक को आत्मनिर्भर बनने एवं सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ उठाने की जानकारी विस्तार पूर्वक दिया गया। मौके पर पशु चिकित्सक डॉ0 रोहित कुमार पशु संरक्षण कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार के अलावे मनोहर नायक, अरविन्द टाना भगत, फगुवा उराँव, बिजय दुबे, जगजीवन नायक, राजेन्द्र नायक, सुनील महतो, सितम्बर नायक सहित सैकड़ों ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

## भारत के विकास का मूल मंत्र है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली : किसलय तिवारी

➲प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्य काल में भारत का हुआ चौमुखी विकास : अजय कुमार सिंह

➲प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता से पूरा विश्व हुआ है प्रभावित : नीरज बड़ाईक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष माननीय किसलय तिवारी जी का रामरेखा धाम की धरती, सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं लोगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा किए जा रहे विकासवादी कार्यो का प्रचार करते हुए बाइक रैली निकाली गई जो सिमडेगा मुख्य पथ से होते हुए सिकरियाटाड़ से होकर पुनः सिमडेगा पहुंची, इस दौरान तामड़ा एवं सिकरियाटाड़ में जनता के बीच जनसंपर्क अभियान भी चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान किसलय तिवारी ने जनता के बीच मोदी सरकार के उपलब्धियों के रूप अंत्योदय का मूलमंत्र के अन्तर्गत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ गरीब परिवारों को मिला पक्का घर, 11.8 करोड़ घटों में पहुंचा नल से जल और 100त्न घरों में पहुंची बिजली, 48.3 करोड़ जन-धन खाते खोलकर गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, श्वङ्खस् के लिए नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में 10त्न आरक्षण सुनिश्चित किया गया, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत 34 लाख रेहड़ी पटरी वालों को ऋण का वितरण किया गया। बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व विकास में पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान की स्थापना, 2014 से अब तक परिवहन एवं राजमार्ग बजट में 500त्न की वृद्धि राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण की गति में 208त्न की वृद्धि, 12 किमी प्रतिदिन से बढ़कर 37 किमी प्रतिदिन हुई विश्वस्तरीय वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत हुई आने वाले समय में कुल 400 बनाई जाएंगी, हवाई अड्डों की संख्या 74 से होकर 148 हुई। सशक्त भारत के अन्तर्गत आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती और विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। कोरोना काल में वंदे भारत मिशन के तहत 2.97 करोड़ भारतीयों की वापसी सुनिश्चित की और यूक्रेन और यमन से 27,000 से अधिक भारतीयों को भी बचाया गया। भारत की सुरक्षा हुई मजबूत, 2014 के बाद से किसी भी बड़े शहर में (संघर्षरत क्षेत्रों को छोड़कर) एक भी बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ, धारा 370 के हटने के बाद जम्मू- कश्मीर में आतंकी हमलों में आई कमी, ÷वसुधैव कुटुम्बकम÷ की थीम पर भारत ने त्न-20 शिखर सम्मेलन 2023 की अध्यक्षता संभाली, डिजिटल लेन-देन में भारत बना विश्व में नंबर एक देश, मध्यम वर्ग का जीवन आसान हुआ है, 7 लाख तक की आय पर फुल टैक्स टिबेट, मेट्रो सुविधा 20 शहरों में पहुंची, ष्ठह योजना से 1.16 करोड़ से अधिक लोगों ने की सस्ती हवाई यात्रा, 100 से अधिक स्मार्ट शहरों में 7800 परियोजनाओं का क्रियान्वयन, अप्रैल 2022 में त्नस्ञ्ज के अंतर्गत अब तक का सबसे अधिक 21.87 लाख करोड़ का मासिक कर संग्रह हुआ। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी दिन रात भारत के विकास के प्रयत्नशील है। 2024 में फिर से प्रधानमंत्री की गद्दी पर नरेंद्र मोदी जी बैठाना है। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने मोदी जी के 9 वर्षों के कार्य काल को भारत का स्वर्णिम युग बताया। कार्यक्रम संयोजक नीरज बड़ाईक ने कहा कि मोदी जी की नेतृत्व क्षमता से आज पूरा विश्व प्रभावित है आज मोदी जी विश्व के सबसे लोकप्रिय जननायक हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, भाजपा जिला महामंत्री दीपक पूरी, कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि उपेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदेश भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य नीरज बड़ाईक, भाजयुमो जिला सोशल मीडिया प्रभारी अंकित कुमार, भाजपा नगर अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद, भाजयुमो नगर अध्यक्ष करण सिंह, भाजयुमो मंत्री सुबास महतो, भाजयुमो कोषाध्यक्ष राम प्रसाद राम, संजय शर्मा, तुलसी साहू, रामविलास बड़ाईक, अनिरुद्ध सिंह दांगी, कामेश्वर प्रधान, महिला मोर्चा अध्यक्ष सावित्री देवी, पिंकी प्रसाद सहित कई भाजपाई उपस्थित रहे।

# प्रभात मंत्र


e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

विविध

रांची, शनिवार, 22 जुलाई 2023 | पेज 12


**चलते चलते एक नजर**

## श्रीलंका के राष्ट्रपति से मिले गौतम अदाणी, ग्रीन प्रोजेक्ट्स पर की चर्चा



**नई दिल्ली :** गौतम अदाणी ने श्रीलंका के राष्ट्पति रानिल विक्रमसिंघे के साथ मुलाकात की और ऐसे कई ग्रीन प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की, जिनसे श्रीलंका भविष्य को संवारा जा सकता है. रिपोर्ट के मुताबिक ये चर्चा वित्तीय संकट से जूझ रहे श्रीलंका के लिए एक व्यापक डेवलपमेंट प्लान पर केंद्रित थी, जिसमें कोलंबो पोर्ट वेस्ट कंटेनर टर्मिनल के चल रहे विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया. ये इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट, श्रीलंका की व्यापार क्षमताओं को बढ़ाने, आर्थिक विकास के लिए नए रास्ते खोलने और मजबूत क्षेत्रीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है. अदाणी ग्रुप श्रीलंका में 442 मिलियन डॉलर का विंड पावर प्रोजेक्ट लगाने वाला है. अदाणी ग्रीन एनर्जी के इस प्रोजेक्ट को फरवरी में मंजूरी मिली थी. श्रीलंका के इन्वेस्टमेंट बोर्ड ने अदाणी ग्रीन को श्रीलंका के मन्नार और पूनेरिन क्षेत्रों (उत्तरी) में 2 विंड पावर प्रोजेक्ट शुरू करने की मंजूरी दी थी. राष्ट्पति रानिल विक्रमसिंघे और गौतम अदाणी, दोनों ने सस्टेनेबल एनर्जी सेक्टर पर चर्चा की, जिसमें अदाणी ने 500 मेगावाट की ग्राउंडब्रेकिंग विंड प्रोजेक्ट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई. द्विपीय देश के प्रचुर विंड रिसोर्सेस का इस्तेमाल करके, ये पहल श्रीलंका के एनर्जी सेक्टर में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरुक भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सकता है.

## राज्य पोषण मिशन की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य पोषण मिशन की महानिदेशक राजेश्वरी बी ने जिलों में राज्य पोषण मिशन की प्रगति में सुधार लाने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने शुक्रवार को पोषण मिशन पर समर अभियान की समीक्षा की तकनीकी प्रशिक्षण का दो दिवसीय कार्यशाला प्रोजेक्ट भवन सभागार में हुआ। इसमें समर अभियान कार्यक्रम में नामांकित बच्चे, अति गंभीर कुपोषण श्रेणी से ठीक हुए बच्चे विषय पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। कार्यक्रम में पांच जिला चतरा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, साहेबगंज और लातेहार के जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका व समर अभियान के क्षेत्रीय प्रबंधक को समुदाय स्तर पर अति गंभीर कुपोषण के उपचार, संचार रणनीति, पोषण ट्रेकर आदि पर प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में राज्य पोषण मिशन के अवर सचिव अरसद जमाल, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, एससीओई, रिम्स के अफसर और कर्मचारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने वरीय पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण हेतु दिए कड़े निर्देश**

# अपराध पर हर हाल में लगाए लगाम : सीएम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विधि-व्यवस्था के संधारण को लेकर राज्य के वरीय पुलिस अधिकारियों को तलब किया। मुख्यमंत्री ने वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही छोटी-बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्यमंत्री ने अगले 15 दिन के अंदर राज्य में विधि-व्यवस्था संधारण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार करते हुए अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाएं, अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित पुलिस अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अपराधियों ने विधि व्यवस्था संधारण को धत्ता बताते हुए कई जघन्य अपराध को अंजाम देने का काम किया है। किसी भी हाल में ऐसे अपराध स्वीकार्य नही है। वर्तमान समय में हो रही अपराधिक घटनाएं राज्य के लिए चिंता का विषय है। अपराधिक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इस निमित्त पुलिस बिना किसी दबाव के अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।मौके पर राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद राव लाटकर, आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर, एसपी एटीएस सुरेंद्र झा सहित अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डीजीपी अजय कुमार सिंह को साफ लहजे में कहा कि आपको अपराध पर नियंत्रण के लिए मेरे द्वारा खुली छूट दी हुई है परंतु अपराध नियंत्रण पर सफलता क्यों नहीं मिल रहा है? मौके पर मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के वरीय अधिकारियों से वर्तमान समय में राज्य के भीतर हो रही अपराधिक घटनाओं एवं अपराध नियंत्रण हेतु कानून व्यवस्था की स्थिति की पूरी जानकारी ली और अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में राज्य के अंदर अपराध के चेहरे हर दिन बदल रहे हैं। नए-नए अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। कई अपराध सुनियोजित तरीके से किए जा रहे हैं। कुछ लोग राज्य सरकार की छवि को धूमिल करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।पुलिस विभाग राज्य में सुनियोजित अपराधिक गतिविधियों एवं नए-नए अपराधों पर शिकंजा क्यों नहीं कस पा रही है, इस पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई साथ ही मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को सूचना तंत्र को मजबूत करने का कड़ा निर्देश दिया।

**अपराध नियंत्रण में कोताही बर्दाश्त नहीं:** बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए, कोताही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**वर्तमान के साथ भविष्य में होने वाली अपराधिक घटनाओं की चुनौतियों से निपटने का रणनीति तैयार करें:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हो सकता है कि आने वाले समय में सुनियोजित अपराध की घटनाएं बढ़ेंगी, आपके सामने कई चुनौतियां भी आ सकती हैं, वर्तमान चुनौतियों से निपटने के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति भी पुलिस विभाग तैयार करे।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सितंबर के बाद भारत की सरजमीं से हो सकेंगे कैलाश पर्वत के दर्शन



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** इस साल सितंबर के बाद से श्रद्धालुओं को भगवान शिव का निवास स्थान माने जाने वाले पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन भारतीय भूभाग से सुलभ हो जाएंगे. अधिकारियों ने बताया कि सीमा सड़क संगठन ने पिथौरागढ़ जिले के नाभीढांग में केएमवीएन हटस से भारत-चीन सीमा पर लिपुलेख दर्रे तक सड़क की कटाई का काम शुरू कर दिया है जो सितंबर तक पूरा हो जाएगा.

बीआरओ की हीरक परियोजना के मुख्य अभियंता विमल गोस्वामी ने कहा कि हमने नाभीढ़ांग में केएमवीएन हटस से लिपुलेख दर्रे तक करीब साढ़े छह किलोमीटर लंबी सड़क को काटने का काम शुरू कर दिया है . सड़क का काम पूरा होने के बाद सड़क के साथ-साथ'कैलाश व्यू प्वाइंट तैयार होगा. हीरक परियोजना को भारत सरकार ने 'कैलाश व्यू प्वाइंट विकसित करने की जिम्मेदारी दी है. गोस्वामी ने बताया कि सड़क की कटाई का काफी काम हो चुका है और अगर मौसम अनुकूल रहा तो यह सितंबर तक पूरा हो जाएगा. उन्होंने बताया कि सड़क की कटाई के बाद 'कैलाश व्यू प्वाइंट बनाने का काम होगा. कोविड के कारण स्थगित हुई लिपुलेख दर्रे के जरिए होने वाली कैलाश-मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू नहीं हो पाई है जिसके मद्देनजर ऐसा विकल्प तैयार किया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं को कैलाश पर्वत के दर्शन भारतीय भूभाग से ही मिल सके.

## छत्तीसगढ़ : अफसर, नेता और कारोबारी के घर ईडी-आईटी का छापा

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार तड़के छह से अधिक ठिकानों पर आईटी और ईडी की टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई एक अफसर, कांग्रेस नेता और कुछ कारोबारियों के ठिकानों पर की गई है। आईटी और ईडी की टीम ने राजधानी रायपुर सहित रायगढ़, बिलासपुर और कोरबा में दबिश दी है।उल्लेखनीय हैं कि छत्तीसगढ़ में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव से ठीक पहले छापों से प्रदेश में हड़कंप मचा हुआ हैं। ईडी ने रायपुर, बिलासपुर, कोरबा में कारोबारियों और अफसरों के घर दबिश दी है। रायपुर में रामदास अग्रवाल के जोरा स्थित अनुपम नगर के घर में जांच जारी है। कोरबा में निगम कमिश्ननर प्रभाकर पांडेय के घर पर सुबह पांच बजे से पांच सदस्यीय टीम छानबीन कर रही है। ईडी की टीम के साथ सीआरपीएफ के जवान भी हैं। यह जवान घर के अंदर और बाहर तैनात हैं। सुबह दिल्ली से पहुंची ईडी की टीमों ने आईएएस दंपति और एक कांग्रेस नेता के ठिकानों पर दबिश दी है। सूत्रों के अनुसार ईडी का छापा आईएएस रानू साहू व उनके आईएएस पति जेपी मौर्या के देवेंद्र नगर स्थित आफिसर्स कॉलोनी में पड़ा है। शुरुआती जांच में कारोबारियों के ठिकानों से बड़े पैमाने पर बोगस बिल के साथ ही हवाला में पैसों के लेन देन के सबूत मिले हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी और श्रीलंकाई राष्ट्रपति के बीच हुआ द्विपक्षीय वार्ता

*** भारत व श्रीलंका ने नवीकरणीय ऊर्जा, त्रिंकोमाली जिले में परियोजनाओं के आर्थिक विकास और यूपीआई उपयोग पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्पति रानिल विक्रमसिंघे के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान उन्होंने भारत की सुरक्षा चिंताओं से उन्हें अवगत कराया और श्रीलंकाई तमिलों के प्रति देश की प्रतिबद्धता पूरा करने आग्रह किया। श्रीलंका के राष्ट्पति विक्रमसिंघे गुरुवार को भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे थे। शुक्रवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनका हैदराबाद हाउस में स्वागत किया। यहां दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं की मौजूदगी में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। भारत, श्रीलंका ने नवीकरणीय ऊर्जा, त्रिंकोमाली जिले में परियोजनाओं के आर्थिक विकास और यूपीआई उपयोग पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया। द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीलंकाई तमिलों का मुद्दा उठाया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। समानता, न्याय और शांति के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी। साथ ही उन्होंने मछुआरों के मुद्दे को मानवीय नजरिये से देखने का आह्वान किया।प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा और विकास हित एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। इन मुद्दों पर श्रीलंका सरकार को भारत की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विजन दोनों में ही श्रीलंका का महत्वपूर्ण स्थान है। इस संबंध में आज हमने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने भारत की ओर से एक बार फिर दोहराया कि एक निकटतम मित्र होने के नाते भारत हमेशा संकटकाल में श्रीलंका के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है।प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देशों ने आज एक विजन डॉक्यूमेंट अपनाया है। यह विजन दोनों देशों के बीच समुद्री, वायु, ऊर्जा और संपर्क के क्षेत्र में सहयोग को मजबूती देगा। विजन पर्यटन, बिजली, वाणिज्य, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने से जुड़ा है। इस विषय में भारत की श्रीलंका के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता भी शामिल है। उन्होंने बताया कि व्यापार और लोगों की यात्रा को बढ़ाने के लिए हमने तमिलनाडु के नागपट्टिनम और श्रीलंका के कांकेसंतुरई के बीच यात्री नौका सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है।

**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का ऐप व पोर्टल लांच**

## कृषि मंत्रालय ने फसल बीमा योजना को बनाया किसान हितैषी : तोमर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) में किसानों को और अधिक सहूलियत देते हुए सटीक उपज अनुमान एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने आज तीन महत्वपूर्ण पहलों- येस्टेक (प्रौद्योगिकी पर आधारित उपज अनुमान प्रणाली), विंड्स (मौसम सूचना डेटा सूचना प्रणाली) और एआईडीई (मध्यस्थ नामांकन के लिए ऐप) को किसानों को समर्पित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री श्री किरेन रिजिजू विशेष रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय के तहत, राज्यांश लंबित होने से किसानों को क्लेम मिलने में होने वाली कठिनाइयों से राहत प्रदान करते हुए 8 राज्यों के लगभग 5.60 लाख लाभार्थी किसानों को अपने स्तर पर 258 करोड़ रु. बतौर क्लेम जारी किए। इनमें गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, असम, ओडिशा व आंध्र प्रदेश के किसान शामिल हैं।कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने कहा कि कृषि का जीवन व देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। कृषि के समक्ष कितनी भी अनुकूलता हो, इसके बाद भी कृषक को प्रकृति पर निर्भर करना पड़ता है और प्रकृति नाराज हो जाएं तो किसान अपने श्रम से इसकी भरपाई नहीं कर पाता है, इसलिए यह जरूरी समझा गया कि प्राकृतिक प्रकोप से होने वाले नुकसान की भरपाई की व्यवस्था होनी चाहिए, इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करते व इसे किसान हितैषी बनाते हुए इसके जरिये किसानों के नुकसान की भरपाई की जा रही है।पृथ्वी विज्ञान मंत्री रिजिजू ने कहा कि किसानों के जीवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की इन सुविधाओं से बहुत बड़ा बदलाव आएगा। हरित क्रांति के बाद, पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है और हम एक लीडिंग नेशन के रूप में उभरे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि क्षेत्र में किए जा रहे परिवर्तन बहुत महत्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के दौर में इन सबकी महत्ता और भी ज्यादा है। भविष्य की चुनौतियों के मद्देनजर हमें साइंटिफिक मैकेनिज्म तैयार करना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि कृषि मंत्रालय के साथ मिलकर उनका मंत्रालय जलवायु परिवर्तन से उपजने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए बेहतर कार्य कर सकेगा। श्री रिजिजू ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, देश में सभी क्षेत्रों में उनके अनुसंधान की शत-प्रतिशत उपयोगिता कैसे हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।




## शरशय्या पर भीष्म पितामह पुस्तक का हुआ लोकार्पण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** महाभारत अनेक कथाओं और उपकथाओं का महाकाव्य है, जिनसे आज भी लोग सीख लेते हैं। महाभारत की कथा पर आधारित भवेशचंद्र मिश्र शिवांशु का मैथिली उपन्यास शरशय्या पर पितामह इस महाकाव्य के एक प्रमुख नायक भीष्म पितामह पर केंद्रित है। लेकिन उपन्यासकार ने उन घटनाओं एवं उपकथाओं का तत्वान्वेषण किया है, जो साधारण लोगों को नहीं मालूम है। ये बातें शुक्रवार को रांची के हरमू स्थित झारखंड मैथिली मंच के विद्यापति दलान पर लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राध्यापक डॉ नरेंद्र कुमार झा ने कहीं।मैथिली साहित्यकार कृष्णमोहन झा मोहन ने कहा कि महाभारत की कथाओं पर दुनिया भर की भाषाओं में अनेक पुस्तकें लिखी गई हैं, शिवांशु के इस उपन्यास को उसी श्रृंखला की अगली कड़ी माना जा सकता है। लेकिन उपन्यासकार ने जिस तर्कशक्ति और कलात्मकता का इसमें उपयोग किया है, वह अप्रतिम है।भारती मंडन पत्रिका के संपादक केदार कानन ने कहा कि शिवांशु के पास कहानी कहने की जो विशिष्ट शैली है, उसने इस उपन्यास को जीवंत बना दिया है और जिस कुशलता से उन्होंने इसके कथा-पात्रों का चित्र पाठकों के समक्ष खड़ा किया है, वह बिल्कुल सटीक और रोचक बन पड़ा है। रांची दूरदर्शन ने पूर्व निदेशक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि इस उपन्यास की सबसे खास बात यह है कि भीष्म जैसे विरल चरित्र को चित्रित करने में उपन्यासकार ने उच्चतर मानवीय मूल्य को सुस्थापित करने का लक्ष्य रखा है, और उसे सफलतापूर्वक निभाया भी है। लोकार्पण समारोह में कथा लेखिका सुस्मिता पाठक, अमरनाथ झा, कृष्ण कुमार झा एवं झारखंड मैथिली मंच के महासचिव वैद्यनाथ झा सहित अनेक गणमान्य साहित्यकार एवं साहित्य प्रेमी उपस्थित थे।

### भाजपा का भ्रष्टाचार के प्रति रवैया ना बदला है ना बदलेगा : शाहदेव

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन पूरे तरीके से एक्सपोज है। ऐसा प्रतीत होता है कि लूट और खसोट के हमाम में सारे लोग नंगे हैं। प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जानना चाहा कि वह एक भी किसी दूसरे दल के नेता का नाम बताएं जो एनडीए गठबंधन में आया हो या जो भाजपा में शामिल हुआ हो, जिसके ऊपर पहले से चल रहा कोई भी मामला वापस हुआ हो। उन्होंने कहा कि भाजपा मूल्य और सिद्धांत की राजनीति करती है। कालचक्र के बदलने के साथ भाजपा का नजरिया कभी नहीं बदलता। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शायद यूपीए के कार्यकाल को याद करके बोल रहे थे, जब झामुमो भी गठबंधन का हिस्सा हुआ करता था। उस समय न्यूक्लियर डील का समर्थन करने की एवज में मुलायम सिंह और समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं के ऊपर से केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा चल रहे मुकदमों को समाप्त कर दिया गया था।

## साल 2011 से 2023 तक 17.50 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी : केंद्र



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि साल 2020 से 2023 (जून) तक 5,61,272 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी, जिनमें से 2020 में 85,256, 2021 में 1,63,370, 2022 में 2,25,620 और 2023 (जून) तक 87,026 लोगों ने नागरिकता छोड़ी है. यह जानकारी केंद्रीय विदेश मंत्री डॉ जयशंकर ने एक लिखित उत्तर के माध्यम से कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए साझा की, जिसमें उन्होंने पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान अपनी नागरिकता छोड़ने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या के बारे में पूछा था.विदेश मंत्री डॉ जयशंकर द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 2011 से अब तक 17 लाख 50,466 भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ दी है, जिनमें 2011 में 1,22,819, 2012 में 1,20,923, 2013 में 1,31,405, 2014 में 1,29,328, 2015 में 1,31,489, 2016 में 1,41,603, 2017 में 1,33,049, 2018 में 1,34,561, 2019 में 1,44,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी है. उन्होंने कहा कि पिछले दो दशकों में वैश्विक कार्यस्थल की खोज करने वाले भारतीय नागरिकों की संख्या महत्वपूर्ण रही है. उनमें से कई ने व्यक्तिगत सुविधा के कारणों से विदेशी नागरिकता लेने का विकल्प चुना है.जयशंकर ने कहा कि सरकार इस बात से अवगत है. इसको लेकर भारत सरकार ने मेक इन इंडिया के तहत कई योजनाएं भी लॉन्च की हैं, जिससे यहां रह रहे लोगों की प्रतिभा का दोहन करेगी. जयशंकर ने उन 135 देशों की सूची भी प्रदान की जिनकी नागरिकता भारतीयों ने हासिल की है.यहां ध्यान देने योग्य बात यह है कि पिछले साल सदन में सरकार के जवाब के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका इस सूची में शीर्ष पर रहा, 2021 में 78,284 भारतीयों ने संयुक्त राज्य अमेरिका में बसने के लिए अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ दी. 2019 और 2020 में क्रमशः 61,683 और 30, 828 लोग भारतीय नागरिकता छोड़कर अमेरिका में बस गए. इस सूची में दूसरा देश ऑस्ट्रेलिया था, जहां 2021 में 23,533 भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़कर वहां बस गए. जबकि, 2019 और 2020 में 21,340 और 13,518 लोग अपनी भारतीय नागरिकता छोड़कर ऑस्ट्रेलिया में बस गए. अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के बाद कनाडा लोगों की तीसरी पसंद था. 2021 में कुल 21,597 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी और कनाडा में बस गए. 2019 में, 25,381 लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी और कनाडा में बस गए. 2020 में यह संख्या 17,093 थी.